ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 6 जून 2024
वर्ष 34, अंक 130, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मैंने द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर वह नहीं माने 2
सनी लियोनी की 'कोटेशन गैंग' का पोस्टर रिलीज 16

# राजग ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को चुना नेता

## राष्ट्रपति के समक्ष कल पेश कर सकते हैं सरकार बनाने का दावा, तीसरी बार संभालेंगे देश की बागडोर

- सत्तारूढ़ गठबंधन की 7 जून को होगी एक और बैठक
- सप्ताहांत तक हो सकता है नई सरकार का शपथ ग्रहण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने बुधवार को सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुन लिया। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में मोदी ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया। लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के एक दिन बाद यहां सात लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास में राजग के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। बैठक में शामिल सभी घटक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया और दावा किया कि उनके नेतृत्व में राजग सरकार भारत के गरीब, महिला, युवा, किसान, शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव राजग ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी राजग के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास के लिए राजग सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिवसेना नेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान इस बैठक में शामिल हुए। इनके अलावा, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के जीतनराम मांझी, जन सेना पार्टी के पवन कल्याण, राकांपा (अजित पवार) के प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे, अपना दल (सोनेलाल) की अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, असम गण परिषद के अतुल बोरा, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के इंद्र हंग सुब्बा, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के सुदेश महतो और जद(यू) के राजीव रंजन सिंह और संजय झा भी बैठक में शामिल हुए। भाजपा की तरफ से इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह ने बैठक में हिस्सा लिया।

तेदेपा, जद (यू), शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और लोजपा (रामविलास) ने क्रमशः 16, 12, सात और पांच लोकसभा सीट जीती हैं और ये दल सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रस्ताव में कहा गया कि 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। इसमें कहा गया कि बहुत लंबे अंतराल, लगभग छह दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। सूत्रों ने बताया कि 7 जून को राजग की एक और बैठक हो सकती है, जिसके बाद राष्ट्रपति से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। शपथ ग्रहण की तारीख को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन गठबंधन के कुछ सदस्यों का मानना है कि अगर नई सरकार की रूपरेखा जल्द तैयार हो जाती है, तो यह (शपथ ग्रहण) सप्ताहांत तक हो सकता है।



राजग की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जदयू प्रमुख नीतीश कुमार व शिवसेना (शिंदे) प्रमुख एकनाथ शिंदे।

### फड़णवीस ने की इस्तीफे की पेशकश



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपेक्षा से विपरीत प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए बुधवार को पार्टी हाईकमान के समक्ष सरकार के पद से इस्तीफा देने की पेशकश की। फडणवीस ने आज यहां मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि वह महाराष्ट्र के नतीजों की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले रहे हैं क्योंकि राज्य में पार्टी का दायित्व उन पर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भाजपा नेतृत्व से अनुरोध करता हूं कि मुझे सरकार की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए ताकि मैं आगामी चुनावों में पार्टी की सफलता के लिए और कड़ी मेहनत कर सकूं। राज्य में विधानसभा के चुनाव इस साल के उत्तरार्ध में होने वाले हैं।

### राष्ट्रपति ने भंग की सत्रहवीं लोकसभा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सत्रहवीं लोकसभा बुधवार को भंग कर दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में राष्ट्रपति से सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई थी। राष्ट्रपति ने इस सिफारिश पर अमल करते हुए संविधान के अनुच्छेद 85 के उपबंध (2) के तहत मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे पहले दोपहर में मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा सौंपा था।

### महत्वपूर्ण विभागों की मांग कर सकते हैं तेदेपा, जदयू

ऐसी चर्चा है कि सरकार गठन के सिलसिले में तेदेपा और जद(यू) जैसे दलों की ओर से कुछ महत्वपूर्ण विभागों की मांग की जा सकती है, क्योंकि उनका समर्थन सरकार के गठन और अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस बार नई सरकार की सूरत बदली-बदली नजर आने की संभावना है, क्योंकि भाजपा को अपनी बदौलत बहुमत नहीं मिला है और उसे अपने सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। राजग 293 से अधिक सीट हासिल कर 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के लिए जरूरी 272 के जादुई आंकड़े को पार कर गया है।

## जनादेश मोदी के खिलाफ : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ''इंडिया'' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक में बुधवार को कहा कि इस गठबंधन में उन सभी दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में अटूट आस्था रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ है, लेकिन वह इसे नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। खरगे ने बैठक में अपने संबोधन में कहा कि मैं 'इंडिया' गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूं। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताक़त से लड़े। आप सबको बधाई। बैठक के बाद कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार बनाने की कोशिश नहीं करेगा बल्कि सही समय का इंतजार करेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ख़िलाफ़ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत न देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ़ संदेश दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, व्यक्तिगत रूप से नरेन्द्र मोदी के लिए यह ना सिर्फ़ राजनीतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है। उन्होंने दावा किया कि परन्तु, हम सब उनकी आदतों से वाक़िफ़ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। खरगे ने कहा कि हम यहां से यह भी संदेश देते हैं कि 'इंडिया' गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है, जो भारत के संविधान की प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते है और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। बैठक में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के अलावा घटक दलों के तमाम नेता शामिल हुए।



इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल राहुल गांधी, अखिलेश व डीएमके नेता स्टालिन।



- इंडिया गठबंधन की बैठक में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे



### सेंसेक्स 2,303 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

- चुनाव नतीजों के झटकों से उबरा बाजार
- निवेशकों की 13.22 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी

**मुंबई।** चुनाव नतीजों के झटके से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजारों ने बुधवार को जोरदार वापसी की और बीएसई सेंसेक्स 2,300 अंक से अधिक की छलांग लगा गया। एनएसई निफ्टी भी 735 अंक के लाभ में रहा। लोकसभा चुनाव परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने के कारण शेयर बाजार में मंगलवार को चार साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों की सरकार गठन को लेकर बातचीत के बाद बाजार चढ़ा है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,303 .19 अंक यानी 3 .20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,382 .24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 735 .85 अंक यानी 3 .36 प्रतिशत उछलकर 22,620 .35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 785 .9 अंक तक चढ़ गया था। बाजार में आई तेजी से निवेशकों को 13 .22 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ।

## राहुल गांधी को सौंपा अमेठी से जीत का प्रमाण पत्र

### केएल शर्मा ने सोनिया से लिया आशीर्वाद

**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को हराने वाले कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को दिल्ली जाकर गांधी परिवार से मुलाकात की है। किशोरी लाल ने राहुल गांधी को अमेठी की जीत का प्रमाण पत्र सौंपा और सोनिया गांधी से आशीर्वाद लिया। इस दौरान सोनिया गांधी ने किशोरी लाल से कहा कि आप जैसे हैं, वैसे ही रहना है। किसी प्रकार का घमंड नहीं करना है। शर्मा ने कहा कि मैं गांधी परिवार की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरूंगा। किशोरी लाल ने कहा कि जीत के साथ जिम्मेदारी भी आती है और वो जिम्मेदारी मैं महसूस कर रहा हूं। अमेठी की जनता के साथ मिलकर मैं काम करूंगा तो निश्चित रूप में सफल होऊंगा। मैं बिना जनता को इन्वॉल्व किए कोई काम नहीं करूंगा। किशोरी लाल ने भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को एक लाख 67 हजार वोटों से हराया है।



## एयर कनाडा की फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप



**नई दिल्ली।** एयर कनाडा की टोरंटो जाने वाली उड़ान में उस समय हड़कंप मच गया जब यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को विमान में बम रखे होने की धमकी वाला ईमेल मिला। हालांकि बाद में यह धमकी फर्जी निकली। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन लिमिटेड के कार्यालय में मंगलवार रात 10:50 बजे एक ईमेल मिला कि दिल्ली से टोरंटो जाने वाली एयर कनाडा की उड़ान में एक बम रखा है।

## 'खटाखट' वाली रकम लेने पहुंचीं महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना देने का वादा किया था जिसके तहत बुधवार को काफी संख्या में महिलाएं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गईं और गारंटी कार्ड जमा करने में मांग की। महिलाओं के अचानक पहुंचने पर कांग्रेस पदाधिकारी सकते में आ गए। उन्होंने महिलाओं को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत किया। अभी सरकार न बनने का तर्क दिया।

कांग्रेस मुख्यालय पर बुधवार को सुबह से ही महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी। दोपहर तक काफी संख्या में महिलाएं एकत्रित हो गईं। इसमें ज्यादातर मुस्लिम थीं। वे गारंटी कार्ड लेने पहुंची थीं। मुख्यालय में पार्टी नेता चुनाव में शानदार प्रदर्शन पर एक-दूसरे को बधाई दे रहे थे। महिलाओं के पहुंच जाने पर सभी सकते में आ गए। मौजूद नेताओं ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत कराया। मालूम हो कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने कई परिवारों को 'गारंटी कार्ड' वितरित किए थे। चुनावी सभाओं में इस घोषणा को लेकर पार्टी नेता राहुल गांधी का 'खटाखट-खटाखट' खाते में रुपये आने वाला बयान भी खूब चर्चा में रहा था। इस 'खटाखट-खटाखट' की नकल करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना भी साधा था।

### कांग्रेस मुख्यालय पर जमा हुई भीड़



रुपये लेने को परिजनों के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- कांग्रेस पदाधिकारियों ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत किया

### घोषणा पत्र में कही गई थी कि सरकार बनने पर दी जाएगी रकम

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि घोषणा पत्र में सरकार बनने के बाद गरीब महिलाओं को रकम देने की बात कही गई थी। चुनाव से पहले बड़ी संख्या में यह कार्ड लोगों को बांटे भी गए थे। सभी प्रत्याशियों ने भी अपने क्षेत्रों में गारंटी कार्ड बांटे थे। इस कार्ड में महिला का नाम, पता व नंबर का उल्लेख है।

## मुंबई-दिल्ली आईआईटी शीर्ष 150 विवि में शामिल

- एमआईटी सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल हैं, जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का स्थान बरकरार रखा है। बुधवार को जारी हुई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2025 में यह जानकारी दी गई। आईआईटी मुंबई पिछले साल के 149वें स्थान से 31 रैंक ऊपर चढ़कर 118वें स्थान पर पहुंच गया है, वहीं, आईआईटी दिल्ली ने अपनी रैंकिंग में 47 अंकों का सुधार करते हुए वैश्विक स्तर पर 150वां स्थान हासिल किया है। लंदन आधारित उच्च शिक्षा विश्लेषक, 'क्वाक्वेरेली साइमंड्स' (क्यूएस) द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित रैंकिंग के अनुसार, दिल्ली विश्वविद्यालय की अपने स्नातकों की रोजगार क्षमता के मामले में स्थिति अच्छी है और यह रोजगार परिणामों की श्रेणी में विश्व स्तर पर 44 वें स्थान पर है।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 तक बढ़ी



- कोर्ट का अंतरिम जमानत देने से भी इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने का आग्रह करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में केजरीवाल की चिकित्सकीय जरूरतों का ध्यान रखने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक के लिए बढ़ा दी। अदालत मामले में वैधानिक जमानत का आग्रह करने वाली केजरीवाल की याचिका पर सात जून को सुनवाई कर सकती है।

शनिवार को सुनवाई के दौरान ईडी ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा था कि उन्होंने पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार किया लेकिन अब जब उन्हें आत्मसमर्पण करना है तो वह अचानक बीमार होने का दावा कर रहे हैं।

## उत्तरकाशी में नौ ट्रैकर्स की मौत

ब्यूरो, देहरादून

- 5 ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू किए, 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया
- मौसम खराब होने से हेलिकॉप्टर रेस्क्यू अभियान में आ रही बाधा

**अमृत विचार :** उत्तरकाशी जिले के सहस्त्रताल में ट्रैकिंग पर गया 22 सदस्यीय दल मौसम खराब होने के चलते फंस गया। जिसमें 9 ट्रैकर्स की मौत हो गई, इसमें से चार ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू कर लिए गए। 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया है। सेना के साथ एसडीआरएफ रेस्क्यू में जुटी है, लेकिन खराब मौसम रेस्क्यू में बाधक बन रहा है। वर्ष 2022 में हुए निम के द्रौपदी का डांडा हिमस्खलन हादसे के बाद दूसरा बड़ा हादसा है।

एसडीआरएफ के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा के मुताबिक 22 सदस्यीय दल ट्रैकिंग के लिए 29 मई को मल्ला-सिल्ला से कुश कुल्याण बुग्याल होते हुए उत्तरकाशी के सहस्त्रताल के लिए रवाना हुआ था। 2 जून तो दल सहस्त्रताल के कोखली टॉप बेस कैंप पहुंचा। 3 जून को दल सहस्त्रताल के लिए रवाना हुए। वहां अचानक मौसम खराब होने, घने कोहरे और बर्फबारी के बीच ट्रैकिंग दल फंस गया। पूरी रात उन्हें ठंड में बितानी पड़ी। अगले दिन दल को ले जाने वाली गढ़वाल माउंटनेरिंग एवं ट्रैकिंग एजेंसी के मालिक को सूचना मिली कि ठंड लगने से चार ट्रैकर की मौत हो गई है जबकि सात की तबियत खराब है और 11 ट्रैकर फंसे हुए हैं।

आनन-फानन में रेस्क्यू शुरू किया गया। सेना के जवान रेस्क्यू में जुट गए। बाद में एसडीआरएफ भी मदद को पहुंच गई। उधर, ट्रैकिंग दल के 11 सदस्य जैसे-तैसे बेस कैंप तक पहुंच गए थे। जहां से उन्हें हेली कॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने रेस्क्यू टीम को बताया कि उनके 9 साथियों की मौत हो चुकी है। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने पांच शवों को रेस्क्यू कर लाया गया। रेस्क्यू टीम को शेष चार शव को लाने में खासी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खराब मौसम रेस्क्यू में बाधक बना हुआ है। ट्रैकिंग टीम में 18 सदस्य कर्नाटक के एक महाराष्ट्र का और तीन स्थानीय हैं।

**धांधली** शिक्षा के अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ा रहे प्राइवेट स्कूल, 50% बच्चों के अभिभावक प्रबंधकों की परिक्रमा करने को मजबूर

## 300 करोड़ का भुगतान, फिर भी गरीब बच्चे प्रवेश को परेशान

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत गरीब बच्चों के लिए सरकार की ओर से पिछले सत्र का करीब 300 करोड़ रुपये फीस भुगतान किया जा चुका है। उसके बाद भी शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए चयनित 50 प्रतिशत बच्चों का प्रवेश लेने में निजी स्कूल आनाकानी कर रहे हैं। जहां प्रवेश लिए जा रहे हैं वहां किसी न किसी मद में भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

आरटीई अधिनियम कहता है कि फीस प्रतिपूर्ति का पैसा सरकार देती है ऐसे में कोई शुल्क निजी स्कूल अभिभावकों से नहीं ले सकते हैं। कई बार बच्चे का साल न बर्बाद हो इस डर से एडमिशन फीस अभिभावक चुका भी देते हैं फिर भी किसी न किसी मद में अवैध धन उगाही जारी है। हालात ये हैं कि गर्मियों की छुट्टियां समाप्त होने वाली हैं और आरटीई के तीन चरणों की लाटरी खुल चुकी है लेकिन 50 प्रतिशत गरीब बच्चों को प्रवेश निजी स्कूलों ने नहीं दिया है। मनमानी के चलते पिछले सत्र में भी हजारों बच्चे प्रवेश से वंचित रह गए थे। अभिभावकों से स्कूल प्रबंधक आवेदन और फार्म का शुल्क मांग रहै हैं। वार्षिक समारोह-प्रतियोगिताओं के नाम पर भी शुल्क मांगा जा रहा है।

### प्रवेश न मिला तो बाधित होगी बच्चों की पढ़ाई

ग्रीष्मावकाश समाप्त होने वाले हैं। विद्यालय खुलते ही जब अन्य बच्चे पढ़ाई कर रहें होंगे तो आरटीई के तहत चयनित बच्चे एडमिशन के लिए चक्कर लगा रहे होंगे।

### चौथे चरण के लिए जारी किए गए आवेदन पत्र

आरटीई के चौथे चरण में एक जून से 20 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। सत्यापन 21 जून से 27 जून तक होंगे। लॉटरी 28 जून को निकलेगी। प्रवेश की अंतिम तिथि 7 जुलाई है।

### 18 हजार चयनित, प्रवेश सिर्फ 8 हजार को

तीन चरणों में अब तक अकेले लखऊ में 18 हजार बच्चे चयनित हुए लेकिन प्रवेश 8 हजार बच्चों को ही मिल पाया।10 हजार बच्चों के अभिभावक निजी विद्यालयों के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं।

### 55 हजार स्कूलों में दो लाख सीटों पर प्रवेश का लक्ष्य

प्रदेश भर के 55 हजार से अधिक निजी स्कूलों में इस बार दो लाख बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। वहीं आरटीई के 3 चरणों में 1,52,993 बच्चों का चयन हुआ है।

> आरटीई के तहत सभी निजी विद्यालयों के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों को निशुल्क एडमिशन देना अनिवार्य है। यदि कोई विद्यालय प्रबंधन प्रवेश लेने से मना कर रहा है या अभिभावक को परेशान कर रहा है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। –**कंचन वर्मा**, शिक्षा महानिदेशक



**खेल डायरी**




### सिंधू इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में हारी

**जकार्ता।** भारत की शीर्ष शटलर पी वी सिंधू बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में चीनी ताइपे की सू वेन-ची से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला एकल स्पर्धा में 15-21, 21-15, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यह वेन-ची के खिलाफ उनकी पहली हार है। ताइवान की खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता को हराने में एक घंटे 10 मिनट का समय लगा। महिला युगल के अंतिम 32 दौर में रुतपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा की भारतीय जोड़ी कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो येओंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से 12-21, 9-21 से हार गईं।

### चेन्नईयिन एफसी ने एल्सिन्हो से करार किया

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को ब्राजील के रक्षापंक्ति के खिलाड़ी एलसन जोस डायस जूनियर (एल्सिन्हो) के साथ दो साल का करार किया, जिससे वह 2026 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। इस सप्ताह की शुरुआत में मिडफील्डर जितेंद्र सिंह की सेवाएं हासिल करने के बाद एल्सिन्हो इस टीम से 2024-25 सत्र से पहले जुड़ने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए है। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने कहा एल्सिन्हो एक बहुमुखी, मजबूत और तकनीकी फुटबॉलर है जो मिडफील्ड और सेंटर बैक में अपनी सेवाएं दे सकता है। इससे हमें रक्षापंक्ति में बेहतर विकल्प मिलेगा। हमारी टीम में ब्राजील के खिलाड़ियों का बड़ा विकल्प होता है। एल्सिन्हो ने 2014 में क्लब एस्पोर्टिवो नविरैएन्से के साथ अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की। उन्होंने अपने करियर में अब तक 214 मैच खेले हैं। उन्होंने 15 गोल किए हैं और दो गोल करने में मदद की है।

### दाम्बुला फ्रेंचाइजी को मिला नया मालिक

**दाम्बुला।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को कहा कि लॉस एंजिल्स स्थित एक सिविल इंजीनियरिंग परामर्श फर्म लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) की दाम्बुला फ्रेंचाइजी की नई मालिक होगी जिसे 'दाम्बुला सिक्सर्स' नाम दिया है। इस फ्रेंचाइजी को दाम्बुला थंडर्स के नाम से जाना जाता था। इसका मालिक तमीम रहमान नाम का बांग्लादेश मूल का ब्रिटिश नागरिक था। मैच फिक्सिंग में शामिल होने के कारण फ्रेंचाइजी के अनुबंध को समाप्त करने के साथ रहमान को गिरफ्तार कर लिया था। एसएलसी ने कहा लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया स्थित एक अग्रणी सिविल इंजीनियरिंग परामर्श कंपनी सिकोइया कंसल्टेंट्स एलपीएल टीम दाम्बुला का भविष्य संभालने के लिए आगे आई है। इस कंपनी में बहुलांश हिस्सेदारी प्रियंगा डी सिल्वा की है जो पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। लंका प्रीमियर लीग का पांचवां सत्र एक जुलाई से शुरू होने वाला है। यह तीन शहरों कैंडी, दाम्बुला और कोलंबो में खेला जाएगा।

# भारत ने आयरलैंड को सस्ते में समेटा

## आयरलैंड ने बनाए 96 रन, हार्दिक तीन, बुमराह अर्शदीप को मिले दो-दो विकेट

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के आठवें मुकाबले में आयरलैंड की पूरी टीम को 96 के स्कोर समेट दिया है।

आज नैसो काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे ग्रुप ए के मुकाबले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर की पहली गेंदबाज पर अर्शदीप सिंह ने आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग (2) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर में अर्शदीप ने एंडी बैलबर्नी (5) को बोल्ड कर अपने खाते में एक और विकेट का इजाफा कर लिया। सातवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने लोर्कान टकर (10) को बोल्ड कर दिया। हैरी टेक्टर (4) जसप्रीत बुमराह का शिकार बने। कर्टिस कैमफर (12), जॉर्ज डॉकरेल (3), मार्क ऐडेयर (3), जॉश लिटिल (14) और गैरेथ डेलेनी 14 गेंद पर (26) रन बनाकर रनआउट हुये। आयरलैंड की पूरी टीम 16 ओवर में 96 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को दो-दो विकेट मिले। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। खबर लिखे जाने तक भारतीय टीम 96 रनों के जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतर चुकी थी और विराट व रोहित ने 2 ओवर में 22 रन बना दिए थे।




हैरी टेक्टर का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी




**स्कोर बोर्ड**

| आयरलैंड | 96/10 (16 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| एंड्रयू बालबिरनी बो अर्शदीप | 5 | 10 | 1/0 |
| पॉल स्टर्लिंग कैच पंत बो अर्शदीप | 2 | 6 | 0/0 |
| लोरकन टकर कैच पंज बो हार्दिक | 10 | 13 | 2/0 |
| हैरी टेक्टोर कैच कोहली बो बुमराह | 4 | 16 | 0/0 |
| कर्टिस कैम्फर कैच पंत बोल्ड हार्दिक | 12 | 8 | 1/1 |
| जॉर्ज डॉकरेल कैच बुमराह बो सिराज | 3 | 5 | 0/0 |
| गैरेथ डेलानी रन आउट (सिराज/पंत) | 26 | 14 | 2/2 |
| मार्क एडेयर कैच शिवम दुबे बो हार्दिक | 3 | 2 | 0/0 |
| बैरी मैक्कार्थी और बोल्ड अक्षर | 0 | 6 | 0/0 |
| जोशुआ लिटिलब बुमराह | 14 | 13 | 2/0 |
| बेंजामिन व्हाइट नॉटआउट | 2 | 4 | 0/0 |

**अतिरिक्त रन :** 15, **गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-35-2, सिराज 3-0-13-1, बुमराह 3-0-6-2, हार्दिक 4-1-27-3, अक्षर 1-0-3-1, जडेजा 1-0-7-0

# मैंने द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर वह नहीं माने: रोहित



**न्यूयार्क।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ से उन्होंने पद के लिए आवेदन करने का आग्रह किया था लेकिन यह प्रयास सफल नहीं हुआ। टी-20 विश्वकप 2024 में आयरलैंड के साथ होने वाले मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में रोहित ने कहा मैंने उन्हें मनाने की बहुत प्रयास किया लेकिन कई और चीजे हैं, जिनका उनको ख्याल रखना है। मैंने व्यक्तिगत रूप से उनके कार्यकाल को बहुत पसंद किया है। मुझे पता है कि टीम के अन्य सदस्य भी यही बात कहेगा।

टूर्नामेंट जीतने के सवाल पर कहा, हमने इस बारे में नहीं सोचा है। जब मैंने आयरलैंड में पर्दापण किया था, वह मेरे पहले अंतर्राष्ट्रीय कप्तान थे तो मेरा और उनका संबंध बहुत लंबा है। वह हम सबके लिए एक रोल मॉडल हैं। हम उनको खेलते देख ही बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, हम जानते है कि उन्होंने एक खिलाड़ी के रूप में उन्हें क्या मिला है। वह कई बार टीम को मुश्किल परिस्थितियों से निकालकर ले गए हैं। वह इसी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने करियर के दौरान दृढ़ निश्चय दिखाया है। एक कोच के रूप में जब वह टीम में आए, तो मैं उनसे यही सब सीखना चाहता था। तो ट्रॉफी जीतने से अधिक यह सब जरूरी था।

वैसे हमने कई बड़ी सीरीज और टूर्नामेंट भी इस दौरान जीते। मैंने उनके साथ काम करने के हर एक क्षण आनंद लिया। एक टीम के रूप में हम यही चाहते थे। मैंने इन सबके बारे में बहुत सोचा है। अब मैं केवल अपने खेल और टीम की मदद के लिए जा रहा हूं। मेरा ध्यान अब बस यही है।

# ऑस्ट्रेलिया की नजरें इतिहास रचने पर अमेरिका के खिलाफ उतरेगा पाकिस्तान

**ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी**

विश्व टेस्ट चैंपियन मेस (गदा) और 50 ओवर के विश्व कप का खिताब पहले ही जीत चुका ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप में जब ओमान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा तो उसकी नजरें एक ही समय में तीनों विश्व खिताब अपने काम करने वाली पहली टीम बनने पर टिकी होंगी। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपने अनुभवी खिलाड़ियों हैं। टी-20 विश्व कप खिताब लंबे समय तक ऑस्ट्रेलिया से दूर रहा लेकिन 2021 में टीम ने पहली बार इस प्रारूप में विश्व कप जीता।

ऑस्ट्रेलियाई टीम में मैच विजेताओं की कोई कमी नहीं है। ऑलराउंडर और नवनियुक्त कप्तान मिचेल मार्श तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। ट्रेविस हेड शानदार फॉर्म में हैं और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तथा एकदिवसीय विश्व कप फाइनल



में भारत के खिलाफ टीम की जीत में अहम भूमिका निभा चुके हैं। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा। वहीं दिन के दूसरे मैच में पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता पाकिस्तान की भिड़ंत अमेरिका से होगी। कागजों पर बाबर आजम की टीम जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन हालिया फॉर्म को देखते हुए टीम की राह आसान नहीं होने वाली। कनाडा के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में सात विकेट की जीत के बाद अमेरिका की टीम आत्मविश्वास से भरी है। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा।

### चोट के कारण अमेरिका के खिलाफ नहीं खेलेंगे इमाद वसीम

**डलास।** ऑलराउंडर इमाद वसीम मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गुरुवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। कप्तान बाबर आजम ने कहा कि वसीम मांसपेशियों में खिंचाव से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं और बाएं हाथ के इस स्पिनर की प्रगति पर नजर रखी जा रही है। बाबर ने यहां मीडिया से कहा मेडिकल स्टाफ उस पर नजर रखे हुए है और वह विश्व कप के बाकी मैचों के लिए उपलब्ध रहेगा। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस अनुभवी टी-20 विशेषज्ञ खिलाड़ी को संन्यास से वापसी कराई गई। वसीम के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को भी टी-20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम में चुना गया है।

# कार्लसन से हारे प्रज्ञानानंदा वैशाली ने मुजिचुक को हराया

**स्टावेंगर (नॉर्वे), एजेंसी**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीय मैग्नस कार्लसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि उनकी बड़ी बहन आर वैशाली ने सातवें दौर के बाद शीर्ष पर चल रही यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया। इस जीत के साथ कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा पर एक अंक की बढ़त बना ली है जिन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

इस बीच विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अमेरिका के फाबियानो करूआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अब जब सिर्फ दो दौर का खेल बाकी है तब कार्लसन 14.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक

**नॉर्वे शतरंज**



के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि अलीरेजा उनसे एक अंक पीछे चौथे स्थान पर हैं। करूआना नौ अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि लिरेन सिर्फ 4.5 अंक के साथ अंतिम पायदान पर हैं। महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने स्वीडन की पिया क्रेमलिंग के खिलाफ जीत से 14.5 अंक के साथ बढ़त बना ली है। उन्हें वैशाली के खिलाफ मुजिचुक की हार से भी फायदा मिला। यूक्रेन की मुजिचुक 13 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनसे 1.5 अंक पीछे वैशाली 11.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर हैं।

# अफरीदी बोले भारत-पाकिस्तान सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी

**न्यूयॉर्क।** पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को अमेरिका में बेहद लोकप्रिय सुपर बाउल के समकक्ष रखते हैं। उनका मानना है कि यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है और जो टीम नौ जून को न्यूयॉर्क में टी-20 विश्व कप मुकाबले में दबाव से बेहतर तरीके से निपटेगी वह जीत दर्ज करेगी।

दोनों टीमें टी20 विश्व कप में जब पिछली बार आमने-सामने थी तो विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई थी। क्रिकेट का यह सबसे बड़ा मुकाबला पहली बार अमेरिका की सरजमीं पर हो रहा है और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी दर्शकों के बीच बैठकर इसके गवाह बनेंगे। टी20 विश्व कप के दूत अफरीदी ने आईसीसी से कहा, वे अमेरिकी जो टूर्नामेंट के बारे में जानना चाह रहे हैं। मुझे भारत के खिलाफ खेलना बहुत पसंद था और मेरा मानना है कि यह खेल में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है।

# टीम अपनी खामियों को सुधारेगी: नवनीत कौर

**लंदन, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) प्रो लीग के यूरोपीय दौरे के दूसरे चरण में लंदन पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा टीम एकजुटता के साथ अपनी खामियों को दूर करने के लिए काम कर रही है।

उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, हमारा ध्यान अब आवश्यक समायोजन और रणनीति बनाने पर है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम अपने शेष मैचों में मजबूती से आगे बढ़ें। हमारा मानना है कि आने वाले मैचों का महत्व न केवल टूर्नामेंट के लिए है, बल्कि एक टीम के रूप में उभरकर आगे बढ़ने का समय है, इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपनी खामियों को दूर करने के साथ टीम को मजबूत बनाने के लिए एकजुट हैं। एफआईएच प्रो



लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में हमें कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन प्रत्येक मैच हमारे लिए एक मूल्यवान सीख रही। बेल्जियम और ब्रिटेन के साथ करीबी मुकाबलों में असफलताओं के बावजूद टीम ने लचीलापन और सुधार दिखा। जैसा कि हम अपने शेष दो मैचों में फिर से जर्मनी और ब्रिटेन का सामना करने की तैयारी कर रहे हैं, हम अपने पिछले प्रदर्शन का विश्लेषण करने और सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अपनी कड़ी मेहनत को सकारात्मक परिणामों में बदलना है।

# यह सिर्फ मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं : छेत्री

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री ने बुधवार को अपने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच को लेकर चल रही सुर्खियों को कम महत्व देते हुए यहां कुवैत के खिलाफ टीम के अहम फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की।

भारत अगर गुरुवार को खेले जाने वाले इस मैच को जीत जाता है तो फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में उसकी जगह लगभग पक्की हो जाएगी। फीफा विश्व कप का आयोजन 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होना है। इस में भाग लेने वाली एशिया की टीम का फैसला तीसरे चरण के क्वालीफायर के बाद होगा। छेत्री ने पिछले महीने घोषणा की थी कि कुवैत के खिलाफ फीफा क्वालीफायर का दूसरे चरण का मैच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका आखिरी मैच होगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 19 साल तक भारतीय फुटबॉल का चेहरा रहे इस खिलाड़ी ने कुवैत के खिलाफ कहा, मुझे लगता है कि हममें से ज्यादातर लोग 20 दिन पहले ही मिल चुके हैं और हमने मेरे



करियर की आखिरी मैच की बात कर ली है। यह हो चुका है। हम यहां केवल और केवल कुवैत और भारत के बारे में बात करने के लिए आए हैं।

भावुक छेत्री ने अनुरोध किया कि वे उनसे बार-बार उनके संन्यास के बारे में न पूछें ताकि वह खुले दिमाग से खेल सकें। यह मेरे और मेरे अंतिम मैच के बारे में नहीं है, यह हमारे और कुवैत के बारे में है। और मैं अपने अंदर एक छोटे से संघर्ष से गुजर रहा हूं। कृपया बार-बार आप कैसा महसूस कर रहे हैं पूछकर इसे बदतर न बनाएं। केवल आप ही लोग हैं जो यह सवाल पूछ रहे हैं। हम ड्रेसिंग रूम में इसके बारे में बात नहीं करते हैं। हम वास्तव में यह मुकाबला जीतना चाहते हैं।

### इटली ने तुर्की से खेला गोल रहित ड्रॉ, पुर्तगाल ने फिनलैंड को हराया



**मिलान।** इटली ने अगले महीने यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप में खिताब की रक्षा का अभियान शुरू करने से पहले अभ्यास मैच में तुर्की के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला। इटली के खिलाफ मैच के दौरान तुर्की के डिफेंडर ओजान केबाक को गंभीर चोट लीग और उनके जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 से बाहर होने की आशंका है। इटली को अपना दूसरा मैत्री मैच रविवार को बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ खेलना है जिसके बाद टीम यूरो 2024 में 15 जून को अल्बानिया के खिलाफ खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत करेगी। दूसरी तरफ स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे पुर्तगाल ने फिनलैंड को 4-2 से हराया। फिनलैंड के खिलाफ पुर्तगाल के लिए ब्रूनो फर्नांडिज ने दो जबकि रूबेन डियाज और डिएगो जोटा ने एक-एक गोल किया। फिनलैंड के लिए दोनों गोल तेमु पुकी ने दागे। ऑस्ट्रिया ने सर्बिया को 2-1 से हराया जबकि आयरलैंड ने हंगरी को हराकर उसके अजेय अभियान को थाम दिया।

### एमएलसी से जुड़े कमिंस, सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स से करार

**मेलबर्न।** तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ चार साल का करार किया है जिससे वह मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं।

अमेरिका की इस फ्रेंचाइजी टी-20 लीग को आईसीसी से लिस्ट ए का दर्जा मिला है और इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र छह से 29 जुलाई तक खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी के 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट वीडियो में कमिंस ने कहा एमएलसी काफी तेजी से प्रगति कर रहा है और क्रिकेट के लिए अमेरिका के बाजार में काफी क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया को अगले साल जून-जुलाई में पूर्ण श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करना है और यह देखना होगा कि यह शीर्ष तेज गेंदबाज तब इस टी-20 लीग के लिए उपलब्ध रहता है या नहीं। सेन फ्रांसिस्को की टीम में ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क कमिंस के साथी होंगे।

# घुटने की सर्जरी के कारण जोकोविच फ्रेंच ओपन और विंबलडन से बाहर

**पेरिस, एजेंसी**

दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच घुटने की सर्जरी के कारण फ्रेंच ओपन और एक जुलाई से शुरू होने वाले विंबलडन टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पेरिस में जोकोविच के घुटने की सर्जरी होनी है इस प्रक्रिया को लेकर उन्होंने फ्रेंच ओपन से अपना नाम वापस ले लिया था और अब एक जुलाई से शुरु होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। सर्जरी के बाद स्वस्थ्य होने में लगने वाले समय के कारण सात सप्ताह बाद शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक में भी उनके भाग लेने पर संशय बन गया है।

रोलैंड गैरोस में कोर्ट की स्थितियों और जोकोविच की चोट के बीच संबंध एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है। जिसने खिलाड़ियों की सुरक्षा और टूर्नामेंट प्रबंधन पर प्रश्नचिन्ह



लगा दिया हैं। इससे पहले साइबेरिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने सोशल मीडिया पर कहा मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे रोलैंड गैरोस से हटना पड़ रहा है, मैंने कल के मैच में पूरे दिल से खेला और अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और दुर्भाग्य से, मेरे दाहिने घुटने में एक मेनिस्कस टियर के कारण मेरी टीम और मैंने सावधानीपूर्वक विचार किया, जिसके बाद एक कठिन निर्णय लेना पड़ा। मैं इस सप्ताह फ्रेंच ओपन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और अपने प्रशंसकों को उनके प्यार और निरंतर समर्थन के लिए ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी सेमीफाइनल में

**पेरिस।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी बेल्जियम के सैंडर जिले और जोरान वी को हराकर फ्रेंच ओपन पुरुष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गई। दोनों ने 7-6, 5-7,6-1 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एबडेन को जीतने में एक घंटा और चार मिनट लगे। उन्होंने पहला सेट कड़े मुकाबले में जीता लेकिन दूसरे में प्रतिद्वंद्वी टीम ने वापसी की। तीसरे सेट में मुकाबला बिल्कुल एकतरफा रहा और बोपन्ना तथा एबडेन ने बेल्जियम की टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। बोपन्ना और एबडेन ने पहले और तीसरे दौर में भी तीन सेट के मुकाबले खेलने पड़े थे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# गठबंधन ने दिखा दिया आईना, विधानसभा में बदलनी होगी सूरत

अवनीश शुक्ला, लखीमपुर खीरी

- भाजपा के लिए खड़ी हुई समस्या, 2027 के लिए करना होगा चिंतन
- घोषित नतीजे बयां कर रहे घटते जनाधार की हकीकत
- मंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को दो विधानसभा में जीत तो तीन पर हार

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के परिणाम आए तो गठबंधन के आंकड़े साल 2027 के विधानसभा चुनाव की भी तस्वीर को प्रस्तुत कर गए हैं। यदि विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन हुआ तो भाजपा को मुश्किल पड़ सकती है। क्योंकि जो आंकड़े विधानसभावार मतगणना के आए हैं, वह बहुत ही चौंकाने वाले हैं। ऐसे में गठबंधन ने जो आइना दिखाया है, उसे लेकर भाजपा नेतृत्व को सूरत-ए-हाल बदलने के लिए नए सिरे से मंथन करना होगा।

18वीं लोकसभा के लिए मंगलवार को मतगणना हुई। इसके परिणामों ने जहां भाजपा के घटते जनाधार की पोल खोल दी है, वहीं गठबंधन के मुद्दों के पक्ष में चली बयार का अंदाजा लग रहा है। नतीजतन विधानसभा क्षेत्रों में दोनों प्रत्याशियों को उतने वोट भी नहीं मिल सके, जितने वोट 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले थे। हालांकि अजय मिश्र टेनी से लेकर रेखा अरूण वर्मा अपने क्षेत्र की दो विधानसभा की जीत सकीं। जिले में कुल आठ विधानसभा हैं। इसमें से खीरी लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं शामिल हैं, जबकि धौरहरा में तीन जिले की और दो सीतापुर की विधानसभाएं शामिल हैं। दो साल पहले 2022 के विधानसभा चुनाव में जिले की आठों सीटों पर भगवा लहराया था। इससे लोग 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर दोनों लोकसभा क्षेत्र के भगवामय होने के कयास लगा रहे थे। इसकी वजह प्रत्येक विधायक को एक लाख आठ हजार से लेकर एक लाख 27 हजार के बीच में वोट में मिलना था। मगर, जिले के भाजपा विधायक पार्टी उम्मीदवार को उस हिसाब से वोट दिलाने में असफल रहे, जिसकी प्रदेश से लेकर केंद्रीय नेतृत्व को दरकरार थी। हालांकि खीरी प्रत्याशी को पलिया और निघासन में तो वहीं धौरहरा प्रत्याशी को धौरहरा और महोली में जीत जरूर मिली, लेकिन विधानसभा चुनाव में विधायकों को मिले वोटों की अपेक्षा लोकसभा चुनाव में दोनों प्रत्याशियों को मिले मतों की संख्या बेहद कम रही। दोनो प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र की तीन विधानसभाओं में उम्मीद से कम वोट मिलने की वजह से ही हार गए।

### 2022 के विधानसभा चुनाव में विधायकों को मिले मत

| विधानसभा | विधायक | मिले मत |
|---|---|---|
| 1. सदर | योगेश वर्मा | 127663 |
| 2. गोला | अरविंद गिरि | 126534 (मृतक) |
| | (उपचुनाव में अमन गिरि को मिले मत-124810) | |
| 3. पलिया | रोमी साहनी | 118864 |
| 4. श्रीनगर | मंजू त्यागी | 108249 |
| 5. निघासन | शशांक वर्मा | 126488 |
| 6. धौरहरा | विनोद शंकर अवस्थी | 113498 |
| 7. मोहम्मदी | लोकेंद्र प्रताप सिंह | 99377 |
| 8. कस्ता | सौरभ सिंह सोनू | 103315 |
| 9. महोली | शशांक त्रिवेदी | 111857 |
| 10. हरगांव | सुरेश राही | 116691 |

### विधानसभा वार प्रत्याशियों को मिले वोट

लोकसभा- खीरी

| विधानसभा | भाजपा | सपा |
|---|---|---|
| 1. पलिया | 1,04631 | 97788 |
| 2. निघासन | 1,16230 | 98924 |
| 3. गोला | 95833 | 1,22060 |
| 4. श्रीनगर | 88972 | 1,12984 |
| 5. लखीमपुर | 1,16288 | 1,23521 |

लोकसभा- धौरहरा

| विधानसभा | भाजपा | सपा |
|---|---|---|
| 1. धौरहरा | 90977 | 84845 |
| 2. कस्ता | 78691 | 84410 |
| 3. मोहम्मदी | 82842 | 86097 |
| 4. महोली | 97131 | 96436 |
| 5. हरगांव | 88932 | 90862 |

### अजब संयोगः तीन विधानसभाओं में हार तो दो पर मिली जीत

लोकसभा चुनाव की मतगणना में एक अजीब संयोग दिखाई दिया। दोनों प्रत्याशियों को दो दो विधानसभाओं में जीत और तीन- तीन विधानसभाओं में हार का मुंह देखना पड़ा है। खीरी प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने पलिया और निघासन विधानसभा में सपा प्रत्याशी को शिकस्त दी, लेकिन गोला, श्रीनगर और सदर सीट पर मुंह की खाई है। इसी तरह धौरहरा प्रत्याशी रेखा वर्मा ने धौरहरा और महोली में सपा प्रत्याशी को हराया। मगर, कस्ता, मोहम्मदी और हरगांव में हार का स्वाद चखना पड़ गया।

### हरगांव में पीएम की हुई रैली, फिर भी हार गई रेखा

लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए धौरहरा प्रत्याशी रेखा अरूण वर्मा ने हरगांव विधानसभा में पीएम मोदी की रैली का आयोजन कराया। इसके बाद वह पूरी तरह से अपनी जीत पक्की मान बैठी। मगर, चुनाव परिणाम आने के बाद हरगांव विधानसभा में ही 1930 वोटों से हार गई।

# नवनिर्वाचित सांसद ने समर्थकों के साथ मनाया जश्न, किया पौधरोपण

## बाबा की पुण्यतिथि पर कराया सुंदरकांड पाठ, सांसद को बधाई देने वालों का लगा तांता



बाबा दिवंगत कौशल किशोर वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते नवनिर्वाचित सांसद उत्कर्ष वर्मा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** खीरी के नवनिर्वाचित सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर का पहला दिन काफी व्यस्ततम रहा। उन्होंने सुबह से मिलने आने वालों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और मिठाई खिलाई। फिर अपने बाबा पूर्व विधायक दिवंगत डॉ. कौशल किशोर वर्मा की पुण्य तिथि पर आदर्श जनता इंटर कॉलेज देवकली में जाकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने सुंदरकांड का पाठ कराया और पौधारोपण भी किया।

नव निर्वाचित सांसद ने बुधवार को हर साल की तरह अपने बाबा की पुण्य तिथि मनाई। सुबह करीब आठ बजे से विधि विधान से सुन्दरकांड पाठ का आयोजन हुआ। पाठ संपन्न होने के बाद आरती की गई। यह कार्यक्रम उत्कर्ष वर्मा ने अपने परिवार व विद्यालय स्टाफ के साथ किया। इस दौरान काफी संख्या में उनके समर्थक उनकों जीत की बधाई देने के लिए उमड़ पड़े, इसमें अपने नेता के साथ फोटों खिंचवाने वाले लोगों का जमावड़ा लगा रहा। इस दौरान उन्होंने डॉ. कौशल किशोर को याद करते हुए कहा कि बाबा ने जीवन भर गरीबों और किसानों की लड़ाई लड़ी। किसानों की समृद्धि के लिए हमेशा प्रयास करते रहे। वे हर साल गन्ना सम्मेलन आयोजित करते थे, किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए उत्कृष्ट पैदावार करने वाले किसानों को पुरस्कृत भी करते थे। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, विद्यालय प्रबंधक प्रवीण कुमार वर्मा, अशोक वर्मा ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### धौरहराः आनंद भदौरिया ने परिवार संग बिताया दिन



नवनिर्वाचित सांसद आनंद भदौरिया अपने आवास पर लोगों से मिलते हुए।

**लखीमपुर।** धौरहरा के नवनिर्वाचित सांसद आनंद भदौरिया ने जीत के दूसरे दिन परिवार के साथ समय बिताया। सुबह से ही बधाई देने आने वालों को तांता लग गया। सभी से मुलाकात कर उनका हाल जाना और मिठाई खिलाई। लोगों में इस कदर उत्साह है कि सुबह से ही उनके घर लोग आते रहे। लोगों ने उन्हें बुके देकर बधाई दी। पहली बार सांसद चुने जाने के बाद आनंद भदौरिया ने कहा है कि उनका पूरा ध्यान विकास कार्यों पर केन्द्रित रहेगा। वह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की आकांक्षाओं पर जनता की उम्मीदों पर सदैव खरा उतरने की कोशिश करेंगे। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव तत्पर रहते हैं और रहेंगे। क्षेत्र की जनता के लिए उनके घर के दरवाजे सदैव खुले रहेंगे।

# घर से 95 हजार की नकदी और लाखों के जेवर पार

संवाददाता, खमरिया

- हफ्ते भर पहले सात दुकानों में हुई थी चोरी, दहशत में लोग
- दोनों घटनाओं की पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** थाना खमरिया क्षेत्र में पुलिस से बेखौफ चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस खुलासा तो दूर रिपोर्ट तक दर्ज नहीं कर रही है। मंगलवार की रात चोरों ने मुराउन पुरवा के एक मकान पर धावा बोल दिया। चोर 95 हजार की नकदी और करीब तीन लाख के जेवर लेकर चंपत हो गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

ग्राम पंचायत मूसेपुर के मजरा मुराउन पुरवा निवासी विजय कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात चोर उनके घर में घुस आए। कमरों में रखें बक्सों के ताले व अलमारी के लॉक तोड़ दिए। चोर 95000 रुपये की नगदी, तीन लॉकेट सोने की माला, एक जोड़ी डबल डाल झुमकी, एक जोड़ी जेवरी, एक कमर बिछुआ, 6 जोड़ी बिछिया, एक हाथ फूल, एक सात पत्ती वाली झुमकी, दो जोड़ी कांटा, तीन जोड़ी चेन, तीन जोड़ी पायल, एक जोड़ी बच्चे की पायल सहित कीमती बर्तन भी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब परिवार के लोग सोकर उठे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित ने पुलिस को चोरी की तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। बता दें कि एक हफ्ते पहले चोरों ने मूसेपुर गांव में सात खोखों का ताला काट दिया था और लाखों रुपये का सामान बटोर ले गए थे। पुलिस ने इस घटना की तहरीर मिलने के बाद भी अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। घटना के बाद से पूरे इलाके में चोरों की दहशत है।

### भाजपा सांसद की हार पर कार्यकर्ताओं में निराशा

**संवाददाता, भीरा। अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री भाजपा सांसद अजय मिश्र टेनी की हार पर स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं में जहां निराशा है। वहीं इंडिया गठबंधन के उत्कर्ष वर्मा के सांसद बनने पर सपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। वह एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दे रहे हैं। सपा सांसद से क्षेत्र के विकास, शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में पिछड़े इस क्षेत्र में नए विकास की उम्मीद लगाए हैं।

# सपा कार्यकर्ताओं ने जीत पर मनाई खुशी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला के अशोक चौराहे पर जश्न मनाते इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने अपनी टीम के साथ लखीमपुर से वापस होने पर मंगलवार रात इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों खीरी से उत्कर्ष वर्मा और धौरहरा से आनंद भदौरिया के विजयी होने पर अशोक चौराहा स्थित इंदिरा चौक में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा अशोक चौराहे पर अबीर, गुलाल उड़ाकर, रवाईश, पटाखों के साथ जश्न मनाया। आगंतुकों का मुंह मीठा कराते हुए कार्यकर्ताओं के गगनभेदी नारों से चौराहा गूंज उठा। अपने दोनों विजई सांसदों को बधाई दी। केके मिश्रा आनू, अमित गुप्ता, गौरव मिश्र, प्रेम कुमार वर्मा, अजीत कुमार जैन, यतीशचंद शुक्ला, नितिन तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम के नेतृत्व में पूर्व नगराध्यक्ष इकबाल अहमद खान रायबरेली में राहुल गांधी के लिए वोट मांगने गए थे। वापस आने पर अशोक चौराहा पर उन्होंने कहा कि यूपी में राहुल, अखिलेश ने मिलकर नफरत की दुकान पर ताला जड़ दिया और मोहब्बत की दुकान खोल दी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं संग जश्न मनाकर मिठाइयां बांटी, अबीर, गुलाल उड़ाया है। खुर्शीद अहमद, शिवम अग्निहोत्री, विपुल गुप्ता, दिलशाद खान, रजी खान, इरफान खान, खान जुबैर सिद्दिकी, शोएब आलम, अफजल शाह, आसिफ़ खान, सलमान सिद्दीकी और तमाम कॉंग्रेस, समाजवादी के लोग मौजूद रहे।

# नहर की झाल में उतराता मिला शव

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचारः** मैलानी थाना क्षेत्र के ग्रंट नम्बर 10 के गुलाबनगर गांव के पास सीतापुर ब्रांच नहर के झाल में अज्ञात व्यक्ति का शव दिखने से लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाने के लिए भिजवा दिया है।

बुधवार की सुबह गुलाबनगर गांव के नजदीक सीतापुर ब्रांच नहर की झाल में शव को फंसे देखा गया। कुछ लोगों ने इसकी सूचना मैलानी पुलिस को दी। बांकेगंज चौकी से पहुंची पुलिस ने शव को किसी तरह झाल से बाहर निकलवाया। स्थानीय लोगों से उसके बारे में जानकारी करने की कोशिश की। जब उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो शव मोर्चरी में रखवाने लिए भिजवा दिया गया। पुलिस के अनुसार झाल में मिला शव काफी दिनों पुराना लग रहा था। पानी में पूरी तरह फूल चुका था। जिह्वा बाहर निकली थीं। कमर से नीचे के कपड़े गायब हो चुके थे। ऊपर फुल आस्तीन की नीली शर्ट पहने हुए था। शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं थे। शव को देखकर लोगों में चर्चा होने लगी कि यदि यह नहाते समय डूबा होता तो फुल आस्तीन की शर्ट नहीं पहने होता। आशंका जताई जा रही है कि या तो हत्या कर शव नहर में डाला गया है या फिर आत्महत्या की होगी।

### झाल में न फंसा होता तो आगे निकल गया होता शव

शव सुबह से ही झाल में फंसा होने से आगे नहीं बढ़ पाया। धीरे-धीरे ग्रामीणों में इसकी जानकारी फैलती गई और वह झाल के पास जाकर शव को देखने लगे। लोग यही कह रहे थे कि यदि यह शव झाल में न फंसा हुआ होता तो कब का आगे निकल गया होता।

### पुलिस को सूचना देने से घबराते रहे लोग

शव को सुबह से ही झाल में लोगों ने देखा परंतु किसी ने भी पुलिस को जानकारी देने की जहमत नहीं उठाई। पत्रकारों को जरुर सूचना दी गई। जब पत्रकार गए तो कई अन्य लोग भी वहां इकट्ठे हो गए। लोगों ने बताया कि पुलिस को बता कर वह किसी पचड़े में नहीं पड़ना चाहते हैं।

> शव देखने से प्रतीत होता है कि मृत युवक की उम्र लगभग 25-26 साल हो सकती है। मौके पर शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया गया। शिनाख्त न हो पाने पर शव को मोर्चरी में रखवाने के लिए भिजवाया गया है।
> -कृष्णपाल, चौकी इंचार्ज बांकेगंज।

सावधान | चिल्ड्रन एवं आईसीयू वार्ड में 27 बच्चों को भर्ती कर हो रहा इलाज

# गर्मी का बच्चों पर हमला, बुखार संग उल्टी-दस्त का बढ़ा खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



जिला अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गर्मी की वजह से बच्चों की सेहत तेजी से नासाज हो रही है। तेज धूप और गर्म हवाओं संग उमस भरी गर्मी बच्चों को बीमार कर रही है। इससे बच्चे उल्टी बुखार के साथ पेद दर्द से लेकर डायिरया की चपेट में आकर जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। इससे अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में बच्चों की संख्या में इजाफा हो रहा है। गत दो दिन 27 बच्चे भर्ती हुए हैं। इलाज शुरू होने के बाद अब इनकी हालत में सुधार होना बताया जा रहा है।

गर्मी के कारण लोगों की सेहत तेजी से नासाज हो रही है। उमस वाली गर्मी में सर्दी, जुकाम से लेकर वायरल बुखार, डायरिया पेट दर्द, लूज मोशन का खतरा बढ़ गया है। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में इन बीमारियों से ग्रसित बच्चों से लेकर बड़े और बुजुर्गों की भीड़ उमड़ रही है। गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचने वालों को भर्ती करने तक की जरूरत पड़ रही है। ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों को इलाज के साथ बचाव के उपाय भी बताए जा रहे हैं। बुधवार को जिला अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में 27 बच्चों का भर्ती कर उपचार हो रहा था। इनमें सबसे ज्यादा बच्चे बुखार, उल्टी, लूज मोशन एवं डायरिया की चपेट में हैं। चिल्ड्रन वार्ड में बुखार व लूज मोशन से ग्रसित 12 माह की राधा, बुखार व उल्टी से ग्रसित छह साल की प्रिया, नौ माह के आदित्य, 11 माह की तनिष्का, चार माह का अर्श भर्ती है। जबकि नौ माह के अर्श, 10 साल के अमरजीत, सात वर्षीय आयुषी बुखार की चपेट में हैं तो वहीं 14 माह के उत्कर्ष, आठ माह के हरिकेश, दो वर्षीय बाला, डेढ़ साल के यश डायरिया और उल्टी से परेशान तीन साल की कृतिका का इलाज चिल्ड्रन से लेकर आईसीयू वार्ड में हो रहा है। स्टाफ के मुताबिक अब इनकी सेहत में काफी सुधार है।

**इन लक्षणों पर न करें लापरवाही :** ■ लूज मोशन की समस्या ■ मतली होना ■ डिहाइड्रेशन होना ■ पेट में तेज मरोड होना ■ पेट में सूजन ■ बुखार आना ■ तेज सिरदर्द होना ■ त्वचा सूखी होना ■ पेशाब कम होना या फिर पीने रंग की होना ■ मुंह सूखना, सुस्ती और थकान लगना ■ कमजोरी महसूस करना

### इसलिए बिगड़ रही सेहत

फिजीशियन डॉ. शिखर वाजपेयी बताते हैं कि गर्मी में पसीना बहने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। तापमान बढ़ने से शरीर के डाइजेस्टिव सिस्टम में भी बदलाव आने लगता है, जिसका असर लोगों के रोजाना खान पान पर पड़ने लगता है। वहीं अधिक गर्मी की वजह से नियमित खान पान में भी लोग बदलाव करने का प्रयास करते हैं। भीषण गर्मी में भी मसालेदार भोजन से लेकर गर्म तासीर वाली चीजों का सेवन करने नहीं हिचकते। यही सब चीजें सेहत के लिए हानिकारक साबित होती हैं।

### बच्चों को छूने से पहले साबुन से अच्छी तरह धुले हांथ



बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजनी मिश्रा बताते हैं कि उमस वाली गर्मी में बच्चों को लेकर बेहत सतर्क रहना चाहिए। इनके खान पान व रहन सहन को लेकर सचेत रहें। छह माह तक के शिशु को सिर्फ स्तनपान कराएं। इससे अधिक उम्र के बच्चों को पानी उबालकर ठंडा करके पिलाएं। मां अपने हाथो को साबुन से अच्छी तरह धुलकर ही बच्चे को गोद लें। इसके बाद ही दूध पिलाएं। डायरिया यानि पानी जैसे पतले दस्त आने पर देर न करें। अस्पताल ले जाकर दिखाएं। साफ सफाई से लेकर खान पान में लापरवाही की वजह से इस मौसम में बच्चों में संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। इससे बच्चों का सुरक्षित रखने के लिए उन्हें हरी सब्जियां, दाल, मौसमी फल आदि का सेवन कराएं, जिससे इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी और वह बीमार होने से बचे रहेगें।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने दिलाई तंबाकू का सेवन न करने की शपथ



पुलिस जनों को शपथ दिलाते एसपी गणेश प्रसाद साहा। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** विश्व तंबाकू दिवस पर एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुलिस कार्यालय पर पुलिस जनों को तंबाकू का सेवन न करने और किसी प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। एसपी ने कहा कि अपने जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन न करें। अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तंबाकू आदि नशीली चीजों का सेवन न करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी पुलिस जनों को तंबाकू उत्पादों के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने में योगदान करने की शपथ दिलाई गई।

### निघासन में गुलाल लगाकर मनाया जश्न



एक दूसरे को मीठा खिलाकर खुशी मनाते सपाई। अमृत विचार

**संवाददाता, निघासन। अमृत विचार :** खीरी लोकसभा में सपा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा की जीत पर बुधवार को निघासन गोपालजी लॉन में सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व निघासन विधानसभा के प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल ने सपा कार्यकर्ताओं को मीठा खिलाकर व गुलाल लगाकर जश्न मनाया। इस दौरान भंडारी यादव, पूर्व अध्यक्ष ज्वाला गुप्ता, आरिफ खान, प्रधान माजिद अली, शुभम वर्मा, नगर अध्यक्ष मनोज वर्मा, पवन वर्मा पाले, हकीउल्ला खान, असगर अली, आदि रहे।

### उत्कर्ष की जीत से खुश समर्थकों ने लोगों को पिलाया शरबत



लोगों को शरबत पिलाते सपा कार्यकर्ता।

**संवाददाता, संपूर्णानगर। अमृत विचार :** सपा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा के जीतने की खुशी में संपूर्णानगर क्षेत्र के गठबंधन, सपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। उन्होंने स्टाल लगाकर लोगों को शरबत पिलाया। मिलनबजार निवासी आफताब आलम के निवास पर स्टॉल लगाया गया था। इस दौरान आसिफ, राजू, जुल्फिकार, गुड्डू, प्रीत सिंह, गुलजार आदि मौजूद रहे। जीत की खुशी में पटाखे भी फोड़े गए थे।

### संस्था ने लोगों में बांटे ओआरएस के पैकेट



ओआरएस का पैकेट देते संस्था के सदस्य।

**संवाददाता, बांकेगंज। अमृत विचार :** नेकी की दीवार संस्था के सदस्यों ने बांकेगंज में कई स्थानों पर ओआरएस घोल के पैकेट बांटकर लोगों को गर्मी में पानी पीते समय इसे घोलकर पीने की सलाह दी है। संस्था के सदस्यों ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि जब गर्मी अधिक होती है तब शरीर में पानी की कमी हो जाती है। जिससे विभिन्न प्रकार की समस्या उत्पन्न हो जाती परंतु यदि ओआरएस को पानी में घोल कर पिया जाए तो यह शरीर में तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को वापस बहाल करने में मदद करता है। संस्था के सदस्य विनायक इंटर कॉलेज पहुंचे और वहां कार्य कर रहे लोगों को ओआरएस के पैकेट दिए। इससे पहले भी इस संस्था ने बांकेगंज में चिकित्सा शिविर लगवाया था, तथा सर्दियों में गरीब बच्चों को मोजे, स्वेटर और टोपी वितरित कर बुजुर्गों को कंबल बांटे थे।

### वन चेतना केंद्र में लोगों को लुभाएगी हाथी की मूर्ति



गोला के वन चेतना केंद्र में डीसीएम से हाथी की मूर्ति उतारते श्रमिक। अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** नगर के लखीमपुर रोड स्थित वन चेतना केंद्र में पार्क की सुंदरता बढ़ाने और लोगों के मनोरंजन के लिए हाथी की विशालकाय मूर्ति विधायक अमन गिरि द्वारा स्थापित कराई जा रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय वन चेतना केंद्र को विधायक अमन गिरि के दिवंगत पिता विधायक अरविंद गिरि द्वारा बनाया और सजाया गया था। उनके द्वारा जंगल के राजा शेर की मूर्ति, ओपेन जिम के साधन लगवाए गए थे। इस पार्क में लोगों के मनोरंजन के लिए तमाम प्रकार के झूले, फिसलन पट्टी और व्यायाम के कई साधन मौजूद हैं।

### तीसरे दिन भी जारी रहा वकीलों का अनशन



गोला तहसील में अनशन पर बैठे वकील। अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई और वकील के ऊपर दर्ज मुकदमे को स्पंज कराए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने बैठक कर आर पार की लड़ाई का ऐलान किया। कहा कि जब तक दोषी डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं होती वह चुप बैठने वाले नहीं हैं। इसी मांग को लेकर अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने तहसील परिसर में क्रमिक अनशन शुरू कर दिया था जो तीसरे दिन भी जारी रहा। तीसरे दिन क्रमिक अनशन पर मनोज श्रीवास्तव, महेंद्र शर्मा, पारसनाथ, अरुण दीक्षित, रफाकत अली, सुभाष वर्मा, राहुल शुक्ला, विनोद कुमार वर्मा, मुकेश शर्मा, अमित मिश्रा, अशोक गुप्ता, उमेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, नरेंद्र शुक्ला, प्रदीप सिंह काजल, राजेश गिरि, रामकुमार गौतम, आदर्श वर्मा, जेपी शुक्ला, अशोक शुक्ला, बृजेश तिवारी, सुरेश गिरि, मनोज सक्सेना, जयप्रकाश वर्मा, जगवीर सिंह भदौरिया, अनूप कुमार सिंह, रामेंद्र सिंह भदौरिया, सर्वशक्ति सिंह, रामसागर, युसूफ, विवेक कुमार गौतम, अशोक कुमार गुप्ता, राहुल शुक्ला, राजेश कुमार वर्मा, विजयपाल वर्मा और अवधेश वर्मा आदि वकील मौजूद रहे।

### एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई



संसारपुर में जश्न मनाते इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**संवाददाता, संसारपुर। अमृत विचार :** संसारपुर के सीमेंट व्यापारी दाताराम पटेल के प्रतिष्ठान पटेल ट्रेडर्स पर बुधवार दोपहर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने खीरी लोकसभा सीट पर जीत का परचम लहराने वाले प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा मधुर की शानदार जीत दर्ज करने पर पटाखे फोड़ते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। जश्न में डूबे कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे से को गले लगाकर मिठाई खिलाई। दाताराम पटेल, जितेंद्र वर्मा, अरुण यादव, रामकुमार वर्मा, बाजपेई, पवन पटेल, गंगाराम विश्वकर्मा, राकेश यादव, मुलायम सिंह यादव, रामचंद्र, उत्तम, जितेंद्र, राजीव वर्मा, प्रीतम लाल, वासुदेव, मुकर्रब अली, मोहम्मद फैज, लियाकत अली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पौधरोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा का लिया संकल्प

## विश्व पर्यावरण दिवसः एसएसबी जवानों ने मुख्यालय परिसर, स्कूल और अस्पताल में लगाए फल व छायादार पौधे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बुधवार को जिले भर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल, कॉलेज से लेकर एसएसबी, अस्पताल एवं न्यायालय परिसर में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया। छात्रों को पेड़ों की उपयोगिता बताकर इनका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शुक्ला ने पौधरोपण किया। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ न्यायालय प्राधिकरण के सभी न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। एसएसबी के क्षेत्रक मुख्यालय व तृतीय वाहिनी लखीमपुर द्वारा संयुक्त रूप से 300 फल व छायादार पौधे एसएसबी परिसर में लगाये गए।

एसएसबी के उप महानिरीक्षक जितेंद्र देव वशिष्ट ने पर्यावरण के महत्व की जानकारी देकर जवानों को एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। कमांडेंट देवानंद, द्वितीय कमान अधिकारी एमडी तमाड़ व चंद्रशेखर सहित उप कमांडेंट शशि शेखर सिंह, अनिल कुमार जोशी, ब्रिजेश सिंह सहित एनएस गोल्डन फ्यूचर अकादमी एवं लखनऊ पब्लिक स्कूल के शिक्षक और अध्यापक मौजूद रहे। उधर, एसएसबी 70वीं वाहिनी के लोगों ने बाबा लिलौटी नाथ मंदिर में पौधरोपण कर परिसर की साफ सफाई की। इसमें कमांडेंट अतुल कार्की सहित सचिन कुमार, मेघनाथ राउत, पंकज किशोर, डॉ. सरथ एवं संदीक्षा अध्यक्ष सुमित्रा राउत व सचिव पूजा देवी मौजूद रहीं। कृषि विज्ञान केंद्र, मंझरा फार्म के कृषि वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार पांडेय, डॉ. विवेक कुमार पांडे, डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, दीपक कुमार मिश्रा एवं वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के डॉ. दिव्यदीप चटर्जी सहित राघवेंद्र प्रताप सिंह, रुस्तम सिंह राणा, भारत विकास परिषद (विवेकानन्द शाखा) के रमेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर एसएसबी वाहिनी एवं इनके आधीन सभी समवाय व सीमा चौकी परिसर में 1,100 पौधे लगाए गए। वाईडी कॉलेज में प्रोफेसर हेमंत पाल, चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर सुभाष चंद्रा, प्रोफेसर नीलम त्रिवेदी सहित सेवा योजना के रोवर्स रेंजर्स के स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में आम, सहजन, नींबू, अशोक, जामुन, कटहल व सागौन के पौधे लगाए गए। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को रोपित पौधों की देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। साथ ही शिक्षक, कर्मचारियों और छात्रों को एक-एक पौधा अपने घर पर लगाने का संकल्प लिया। आरएमज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में प्रबंधक राकेश वर्मा, प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला आदि ने सहजन, आम, कदंब, बकैना, नीम, अशोक, क्रोटन व लीची के पौधे लगाए। प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान समय में पड़ने वाली भीषण गर्मी का मुख्य कारण वनों का कटना है। सीएमओ कार्यालय में सीएमओ ने और एमसीएच विंग में सीएमएस डॉ. आरके कोली व सीएमएस एमसीएच विंग डॉ. ज्योति मेहरोत्रा ने संयुक्त रूप से आम, अमरूद, नींबू, इमली, बेल, मोरिंगा, आंवला आदि के पौधे लगाए। डॉ. ज्योति मेहरोत्रा ने कहा कि प्रकृति की सुन्दरता और मनुष्य के जीवन के लिए पेड़ पौधों का धरती पर पर्याप्त और सन्तुलित मात्रा में होना अति आवश्यक है। इनकी कमी मुनष्य के लिए हानिकारक हे। डॉ. एसके मिश्रा, डॉ. अरविन्द, मैट्रन रजनी मसीह, काउंसलर देव नन्दन श्रीवास्तव, रामजी माथुर, पंकज शुक्ला, इन्द्र अवस्थी, अमरेन्द्र सिंह, मनोज मौर्या, अखिलेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

उधर, बरवर के गांव साहूपुर में किसान गोष्ठी हुई। इसमें अभिषेक वर्मा और विकास सिंह ने पर्यावरण के प्रति सजगता के लिए जन-आंदोलन की अपील की। ग्राम प्रधान श्याम प्रकाश, राजेश आदि मौजूद रहे।



बाबा लिलौटी नाथ मंदिर परिसर में पौधे लगाते एसएसबी 70वीं वाहिनी के अधिकारी।



एसएसबी जवानों ने छात्रों को पौधरोपण के प्रति प्रेरित कर दिए पौधे। अमृत विचार



एमसीएच विंग में पौधा लगातीं सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा व सीएमएस डॉ. आरके कोली।



भंसडिया स्थित प्रशिक्षण भवन में पौधे लगाकर पानी देते निदेशक राकेश कुमार।

### खेल मैदान व अम्बेडकर पार्क में रोपे गए सैकड़ों पौधे

**संवाददाता, सम्पूर्णानगर। अमृत विचार :** क्षेत्र के भानपुरी खजुरिया में प्रधान प्रभुनाथ के नेतृत्व में खेल मैदान, अम्बेडकर पार्क में सैकड़ों पौधे रोपे गए। रानीनगर में प्रधानपति रामदुलारे यादव एवं बसही प्रधान राजनाथ, कृष्णानगर प्रधान ने आम, नीम, अमरूद, शीशम, लीची, सागौन आदि के पौधे लगाए। वहीं समाजसेवी डॉ. आईए ख़ान ने बेटे दानियाल ख़ान के साथ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राजकीय बालिका विद्यालय रानीनगर में स्टाफ ने शीशम, गुड़हल पौधे लगाए। चीनी मिल सम्पूर्णानगर एवं 49वीं वाहिनी एसएसबी पीलीभीत की बसही, मझरा, आज़ादनगर, कमलापुरी एवं शारदापुरी, 39 वीं वाहिनी एसएसबी गदनिया की सीमा चौकी मिर्चिया व हंसनगर में पौधारोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया गया।

### द नेचर सोसाइटी संस्था ने बताई उपयोगिता

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** द नेचर सोसाइटी संस्था के लोगों ने पौधे वितरित कर इनका महत्व और उपयोगिता बताई। संस्थाध्यक्ष शेखर श्रीवास्तव पौधों की कमी से ही पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। इसलिए अधिक से अधिक वृक्षों को लगाएं। सोसाइटी के रविराज शर्मा, डॉ. अंशुल शुक्ला, राकेश शर्मा,आदित्य मौर्य,मुकेश शर्मा, प्रशांत गुप्ता आदि मौजूद रहे। उधर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला उपाध्यक्ष कौशल प्रजापति ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

## सार-संक्षेप

### रमुआपुर के आंबेडकर पार्क में हुआ पौधरोपण

**बिझौली, अमृत विचार : अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर डॉ भीवराव आंबेडकर पार्क रमुआपुर में तमाम प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। ग्रामीणों को इनकी देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गई। ताकि निकट भविष्य में पौधे बड़े होकर वृक्ष का रूप धारण कर सकें। दुर्गेश कुमार, हरिपाल सिंह, जसवंत कुमार, कौशल कुमार, दिनेश कुमार, अजय कुमार मिश्रा, जनमेजय सिंह यादव, शुभशेख मित्रा, जोगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### बजाज ग्रुप की मिलों में पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प



चीनी मिल में पौधारोपण करते अधिकारी। अमृत विचार

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर बजाज ग्रुप की पलिया, गोला एवं खंभारखेड़ा चीनी मिल में पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान मिलों में विचार गोष्ठी हुई। पर्यावरण पर पॉलिथीन के दुष्प्रभाव व कागज के बनाने में पर्यावरण को होने वाले नुकसान के विषय में विस्तृत वक्तव्य दिया। तत्पश्चात यूनिट हेड ओपी चौहान व खंभारखेड़ा यूनिट हेड अवधेश गुप्ता, गोला यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन ने मिल परिसर में पॉलिथीन बैग्स का उपयोग न करने की सभी कर्मचारियों अधिकारियों से अपील की। इस मौके पर आसवनी हेड उदय प्रताप सिंह, हरिपाल सिंह, संजीव दूबे, राजीव तोमर, यूके पांडे, योगेन्द्र आर्य, मनोज मिश्रा, सर्वेश प्रताप, राजीव दुबे, सतीश श्रीवास्तव, सुहैल अनवर, वैभव सिंह आदि ने मिल परिसर में पौधारोपण किया।

### सेमरई वैटलैंड में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



सेमरई वेटलैंड में पौधरोपण करते वन विभाग के अधिकारी।

**संवाददाता, केशवापुर/बिलहरी। अमृत विचार :** उप प्रभागीय वनाधिकारी अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में मोहम्मदी वनरेंज के अधिकारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सेमरई वैटलैंड पर विचार गोष्ठी कर लोगों को जागरूक किया। साथ ही वनरेंज के अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण दिवस को अलग अलग देशों में मनाया जाता है। जिले के मोहम्मदी रेंज में 77 हेक्टेयर भूमि पर स्थित सेमरई वैटलैंड जिसमें लाखों की संख्या में पशु-पक्षियों का बसेरा हुआ करता था ,जो आज सूखा पड़ा है। पर्यावरण में बदलाव का यह सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इस पर वनाधिकारियों ने गहरी चिंता व्यक्त कर ग्रामीणों, बच्चों को जागरूक किया। रजौरा ग्राम प्रधान नत्थूलाल, अजय राठौर, वनरेंज मोहम्मदी के डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा, डिप्टी रेंजर सुरेंद्रपाल गौतम, वनदरोगा जगदीश वर्मा, रोहित श्रीवास्तव, प्रज्ज्वल श्रीवास्तव, मित्रपाल तोमर, मायाप्रकाश वर्मा, अभिषेक गौतम, वनरक्षक सुरेंद्र कुमार वर्मा, राजकुमार गौतम, वाचर सचिन कुमार वर्मा, रोहित लाल, धीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### मांगे न मानी तो यूपी रोडवेज कर्मचारी संघ देगा धरना

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** यूपी रोडवेज कर्मचारी संघ ने एआरएम को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं के शीघ्र निदान की मांग की हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि सात दिन में प्रस्तावित मांगे न मानी गई तो संगठन अनिश्चितकालीन धरना करेगा। यूपी रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों की हुई बैठक में मांग की कि शाखा अध्यक्ष को बिना नोटिस के कार्यमुक्त न करने, डिपो की रंगाई पुताई कराने, वेतन कक्ष में पंखा लगवाने, डिपो परिसर में कैमरे, कूलर और खराब पड़े नलकूप की मरम्मत कराने, टाइम आफिस कर्मचारियों से सौतेला व्यवहार न करने आदि 15 सूत्रीय संगठन की मांगों पर स्वीकृति न बनने से पदाधिकारियों ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक महेशचंद कमल को ज्ञापन दी है।

# भीरा में युवक को शारदा नदी में खींच ले गया मगरमच्छ

## 12 घंटे बाद नदी से बरामद हुआ शव, परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचारः** थाना भीरा क्षेत्र में मंगलवार को शारदा नदी में पानी पीने गए एक युवक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया और उसे मार डाला। तलाश के दौरान बुधवार की सुबह उसका शव नदी में बरामद हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना भीरा क्षेत्र के गांव रेवतीपुरवा निवासी बबलू (21) मंगलवार को शारदा नदी के किनारे अपने पशुओं को चराने ले गया था। बताया जाता है कि तभी उसे प्यास लगी। इस पर वह शारदा नदी में पानी पीने चला गया। इसी दौरान नदी में मौजूद मगरमच्छ ने बबलू पर हमला बोल दिया और उसको पानी में खींच ले गया। घर वालों को घटना की जानकारी शाम तक नहीं हो पाई। देर शाम तक पशु घर वापस आ गए, लेकिन बबलू नहीं आया। तब परिवार वालों को चिंता हुई। परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। बुधवार की सुबह परिजन ग्रामीणों के साथ उसे तलाशते हुए जब शारदा नदी पर पहुंचे तो बबलू की चप्पलें और छाता नदी किनारे रखा मिला। आशंका होने पर परिवार के लोगों ने नदी में उसकी तलाश शुरू की तो घटनास्थल से करीब पांच सौ मीटर दूर बबलू का शव नदी में उतराता मिला। यह देख परिवार वालों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची बिजुआ चौकी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी इंचार्ज चेतन चौहान ने बताया कि शव पर मगरमच्छ के नोचने के जख्म मिले हैं। इससे साफ होता है कि बबलू मगरमच्छ का शिकार हुआ है। वहीं, मगरमच्छ के हमले में मारे गए बबलू का परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। उन्होंने जब पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की तो पता चला कि परिवार के पास वाहन को किराए देने के रुपये तक नहीं हैं। इस पर चौकी इंचार्ज ने परिवार वालों को शव का अंतिम संस्कार कराने के लिए तीन हजार रुपये की मदद दी।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस और ग्रामीण। अमृत विचार

## गोवध मामले में फरार जावेद गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचारः** कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने आरक्षित वन क्षेत्र में पशु की हत्या करने के मामले में फरार चल रहे जावेद को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहम्मदी वनरेंज की मूड़ा गालिब बीट प्रभारी नरेंद्र कुमार वर्मा ने दो मई की देर रात करीब दस बजे सुरक्षा वाचर रामचंद्र के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक बाइक पर दो लोग बैठे आते देखे। जिनके बीच में एक भरी हुई बोरी भी रखी थी। उन्होंने जब बाइक चालक को रोकने की कोशिश की तो बाइक पर पीछे बैठा शकील निवासी देवी स्थान मोहम्मदी बोरी समेत नीचे गिर गया था। मांस भरी बोरी और आरोपी को पुलिस को सौंपते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी शकील उसके साथी जावेद निवासी मोहम्मदी के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी जावेद को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। उसके खिलाफ कोतवाली मोहम्मदी में पहले से ही चोरी, आर्म्स एक्ट व गोवध अधिनियम के नौ मामले दर्ज हैं।

# मनुष्य के जीवन में पेड़-पौधों की अहम भूमिका : गुरमेल सिंह



गुरुद्वारा में मौजूद संस्था के पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता।

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचारः** नेकी की दीवार के कार्यक्रम संयोजक गोला तहसील के रिजवान अंसारी, संस्थापक एवं अध्यक्ष गुरमेल सिंह ने बताया कि चलती गर्म हवाओं से लगातार बढ़ रहा तापमान लोगों को काफी प्रभावित कर रहा है। जिले में पौधारोपण का कार्य किया जाएगा जिसमें जिले भर के गुरुद्वारों की कमेटी द्वारा लोगों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पौधों का रोपण घर-घर, गोमती नदी के सभी घाटों, सड़कों के किनारे और सार्वजनिक जगहों पर पौधारोपण किया जाएगा। संस्था द्वारा पौधारोपण अभियान 31 जुलाई तक चलेगा।

पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी ने रिकार्ड तोड़ दिया है। पेड़-पौधों का महत्व बताकर पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया गया। संस्थापक एवं अध्यक्ष गुरमेल सिंह ने बताया कि मनुष्य के जीवन में पेड़-पौधे की अहम भूमिका हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि 10 जून को गुरुद्वारे में एक कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें डीएफओ खीरी, डीएफओ पीलीभीत द्वारा लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष रणजीत सिंह, अध्यक्ष बलजीत सिंह खैरा, कुलदीप सिंह, जर्मन जीत सिंह, जसवंत सिंह, हरिंदर सिंह, रूप सिंह, लक्खा सिंह, अवतार सिंह, कुलदीप सिंह, परमजीत सिंह, अशोक कुमार खंडेलवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# वृक्षों का लगातार घटना गंभीर चिंता का विषय

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचारः** विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण एवं जन कल्याण समिति की हुई बैठक में वृक्षों के निरंतर कटान और अधिकारियों की उदासीनता पर चिंता व्यक्त करते हुए धर्मशाला परिसर में पौधारोपण किया गया।

पीलीभीत धर्मशाला में संस्था अध्यक्ष राजीव वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत जनपद में लगाए गए 35 करोड़ पौधे जो कि जमीन पर दिखाई नहीं पड़ रहे हैं, इससे बड़ी और गंभीर समस्या क्या हो सकती है। अशोक कुमार मुन्ना ने कहा कि पौधारोपण जमीनी स्तर पर दिखाई न पड़ना आने वाले समय में विनाशकारी साबित होंगे। पदाधिकारियों ने धर्मशाला परिसर में पौधारोपण भी किया। राजेश कुमार, अमित गुप्ता, मनोज गुप्ता, दिनेश कुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।



पीलीभीत धर्मशाला में पौधारोपण करते पर्यावरण संस्था के पदाधिकारी।

# राइजिंग क्लब, गोला मेडिकल व हेल ब्वायज की टीमों ने जीते मैच

▸▸ गोला कप डे -नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में हुआ रोमाचंक मुकाबला

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** गोला कप डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में खेल गए तीन रोमांचक मुकाबलों में राइजिंग क्लब, गोला मेडिकल एजेंसी और हेल ब्वायज की टीमों ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है।

नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम में हो रहे गोला कप डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए रोमांचक मुकाबले के पहले मैच में सीएन क्लब ममरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए खिलाडी तौसीन 21, चांद 9 की मदद से 10 ओवर में 53 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइजिंग क्लब की टीम ने जीशान 19, उजैर 13 की मदद से सात ओवर में ही पांच विकेट से मैच जीत लिया। दूसरा मैच आरआर क्लब गोला और गोला मेडिकल एजेंसी के मध्य खेला गया, जिसमें टास जीत कर आरआर क्लब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए महताब 28, इमरान 16 के सहयोग से सीमित ओवरों में 81 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोला मेडिकल एजेंसी की टीम के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बैटिंग कर जीत अपने नाम दर्ज कर ली। तीसरा मैच एलएनसी और हेल ब्वायज के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी कर हेल ब्वायज की टीम के राहुल 48, गौरव 20 के सहयोग से 104 रनो का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी एलएनसी के बल्लेबाज़ कुछ खास नहीं कर सके और महज 69 रन बनाकर टीम आल आउट हो गयी और हेल ब्वायज की टीम को विजेता घोषित किया गया। तीनों मैचों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को टूर्नामेंट कमेटी के पदाधिकारियों ने पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग शिवम् अवस्थी, रोहित गुप्ता, अनवार अहमद और अनिकेत वर्मा ने की। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि, बीजेपी नेता अजय गिरि, केके शुक्ल, रामगुलाम पांडेय, रावेंद्र गिरि, शोभित सिंह, कमाल अहमद सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।



मैन आफ द मैच को पुरस्कृत करते पदाधिकारी। अमृत विचार


प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर-नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना-खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0- 8896030769 / 9554377000

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं MOHAMMAD RASHID RAZA KHAN पुत्र MOHD RAZA KHAN निवासी- 1/14/14 हैसिला नगर सिविल लाइन अयोध्या का रहने वाला हूँ अब मैंने अपना नाम बदल के MOHD RASHID KHAN रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्वसूचित करना है कि मेरे फ्लैट Excella Kutumb, C2- 101, Sultanpur Road, Lucknow दिनांकित- 20.02.2018 का मूल अलाटमेंट खो गया है. -विभूति शर्मा पत्नी आलोक शर्मा, ई-98, कूर्मांचल नगर, लखनऊ.

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 4143052 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र खो गया है। -सूरज तिवारी पुत्र श्री अरुण कुमार तिवारी छेदीपुरवा, गोण्डा (उत्तर प्रदेश)

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम किसान बही में देवी प्रसाद पुत्र राम लोचन भारत निर्वाचन कार्ड में जग प्रसाद पुत्र राम लोचन तथा आधार कार्ड में दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन दर्ज है। तीनों नाम मेरा ही है। मैंने कोई जाल साजी व धोखाधड़ी नहीं किया है। आधार कार्ड में अपना नाम जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन मिश्रा करवाना चाहता हूं यही मेरा सही नाम है। -जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा ग्राम पांडे पुरवा मौजा खरगू चांदपुर जिला गोंडा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं सदाशिव पुत्र तुलसीराम, निवासी- ग्राम- अटकोहना, थाना-शारदानगर, लखीमपुर जिला खीरी, मेरे 4 पुत्र है। जिनके नाम कमशः 01-सुनील कुमार 02-सतीश कुमार 03-प्रशांन्त कुमार 04 शिवांन्त कुमार पुत्रगण सदाशिव है। जिसमें मेरा मझला पुत्र सतीश कुमार व पुष्पा पत्नी सतीश कुमार, परिवार तथा सामाजिक कार्यो से विपरीत कार्य करते हैं तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति है। वह दोनों उसके परिवार के साथ आये दिन मार पीट करते है तथा काफी नुकसान करते है भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं। उनके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हें अपनी संपूर्ण सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं शोभनाथ त्रिवेदी पुत्र स्व0 बल्देव त्रिवेदी व श्रीमती रेखा पत्नी श्री शोभनाथ त्रिवेदी, निवासी-ग्राम गोविन्दपुर, थाना- सरेनी तहसील -लालगंज, जिला-रायबरेली, मेरे 4 पुत्र है। जिनके नाम कमशः 01-कुलदीप कुमार, प्रशान्त कुमार व पवन कुमार त्रिवेदी सभी बच्चे सामाजिक व शान्ति प्रिय है जो अपने माता पिता का कहना मानते है और सम्मान करते है। चौथे पुत्र श्रवण कुमार का चाल चलन ठीक नही है उनके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हें अपनी संपूर्ण सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम गुड्डा उर्फ सरोज कुमारी पत्नी स्व गयादीन है। मैं ग्राम कडरिया,पोस्ट खेखरुवा जनपद रायबरेली की रहने वाली हूं, उक्त दोनों नाम मेरे ही है। मुझे दोनो नामों से जाना पहचाना जाता है। मेरे पति ने LIC में बीमा करवाया था जिसमें मेरा नाम सरोज कुमारी अंकित है। जब कि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम गुड्डा दर्ज है

**सूचना**

सूचित हो कि मैं सुरेश गुप्ता पुत्र शिवप्रसाद गुप्ता, निवासी- खानपुर, सरेनी, रायबरेली, सार्वजनिक सूचित करता हूँ कि मेरे आवास विकास वृन्दावन लखनऊ स्थिति प्लाट संख्या 8A/115 की मूल रजिस्ट्री प्रपत्र, आलटमेंट लेटर एवं पाजेशन लेटर वास्तव में खो गये है। मो- 07318236698

**सूचना**

सूचित हो कि मैं शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) पुत्र कलीमुद्दीन, निवासी- 100 उत्तरटोला पानी टंकी के पास बंकी पर0 व तह0 नवाबगंज, जिला- बाराबंकी, मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स जिसका लाइसेन्स नं0-UP41 20040027455 मेरा नाम शहनवाज (SHAHNAWAJ) लिखा हुआ है तथा आधार कार्ड में शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) लिखा हुआ है मेरा सही नाम शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) है जो सही व सत्य नाम है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स पर मेरा नाम शहनवाज (SHAHNAWAJ) के स्थान पर शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) अंकित किया जाय।

# शुक्लागंज में गिरा जलस्तर, गर्मी में पानी की समस्या

## कई इलाकों में मोटर से टंकी में पानी चढ़ाने में रही मुश्किल

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** अप्रैल, मई और जून माह में पड़ रही भीषण गर्मी से जहां एक ओर भूगर्भ का जल लगातार सूख रहा है। वहीं गंगा का पानी भी कम होने से नगर व आस पास क्षेत्रों का वॉटर लेवल गिरता जा रही है। जिस कारण नगर का वॉटर लेबल नीचे चला गया है। इसे देखते हुये बुधवार को पालिका परिसर में बने पंप हाउस की बोरिंग में बीस फिट का पाइप डालकर वॉटर लेवल बढ़ाने की कवायद की गई है। जिससे जलापूर्ति में कोई बाधा न आ सके।

प्रचंड गर्मी के चलते गंगा की जल धारा नहर में तब्दील हो गई है। दिनों दिन गंगा का पानी सूखता जा रहा है। ऐसे में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण भू गर्भ का भी पानी नीचे खिसकता जा रहा है। जिससे शुक्लागंज के आस पास क्षेत्रों का वॉटर लेवल भी नीचे गिरता जा रहा है। कम बोरिंग वाले हैंडपंपों से पानी की जगह सिर्फ हवा आ रही है। वहीं पानी की मोटर भी पानी नहीं उठा पा रही हैं। जिससे कई घरों की पानी की टंकियां कई दिनों से सूखी पड़ी है।

वहीं पालिका कार्यालय के पंप हाउस से पश्चिमी क्षेत्र के कई मोहल्लों में पानी सप्लाई की जाती है, लेकिन भूगर्भ जलस्तर घटने के कारण पंप हाउस से पानी की सप्लाई करने में दिक्कत आ गई। इसको देखते हुए जलकल विभाग के पंकज ने बुधवार को पंप हाउस पर बोर लेवल बढ़ाने के लिए 20 फिट और पाइप डालने का काम कराया। जिससे भरपूर पानी आ सके और जलापूर्ति के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत न आ सके। उन्होंने बताया कि गर्मी में वॉटर लेबल घटने से जलापूर्ति ठीक से नहीं हो पा रही थी। इसलिए वॉटर लेबल बढ़ाने के लिए बीस फिट का पाइप डाला गया है।



पालिका परिसर में बोरिंग में डाला जाता पाइप। अमृत विचार

## नई बिछाने को तोड़ दी पुरानी पाइप लाइन, परियर में पेयजल संकट

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** सिकंदरपुर क्षेत्र पंचायत के परियर गांव में हर घर नल योजना के तहत बीते कई माह से पाइप लाइन बिछाने का काम ठेकेदार पूरा नहीं करा सका है। जबकि, नई लाइन बिछाने के लिए खोदाई के दौरान श्रमिकों ने पुरानी लाइन क्षतिग्रस्त कर दी थी।

बता दें कि जल निगम ने काफी पहले यहां ओवरहेड टैंक का निर्माण कराते हुए पाइप लाइन बिछाई थी। जिससे ग्रामीणों को पर्याप्त पानी की आपूर्ति की जाती थी। इधर हर घर नल योजना के लिए नई पाइप लाइन डालने वाले ठेकेदार के श्रमिकों ने काफी पहले खोदाई शुरू कराई थी। नई लाइन के लिए हुई खुदाई के दौरान पुरानी पाइप लाइन कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे ओवरहेड टैंक से आपूर्ति नहीं हो पा रही है। एक ओर पाइप लाइन की जलापूर्ति बंद है। दूसरी ओर भीषण गर्मी में हैंडपंप भी साथ नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, अधिक पानी निकालने से हैंडपंप से पानी के साथ बालू निकलने लगती है। जो किसी काम का नहीं रहता। बताया कि गांव में अधिकांश स्थानों पर भूमिगर्भ में खारा पानी आता है। इस समस्या से निजात दिलाने को वर्ष-1990 में पेयजल इकाई स्थापित हुई थी। हैंडपंप का खारा पानी न तो पशु पीते हैं और न ही इससे कपड़े साफ किए जा सकते हैं। ग्रामीण घरों के लिए पानी का इंतजाम करने को साइकिल, बाइक व ठेलियों से पानी लाने को मजबूर हैं। गांव के अरुण गुप्ता, सुरेंद्र शुक्ला, राजू, वीरेंद्र, रविशंकर, शिवप्रकाश, प्रिया, शशी, परवेश, कुवारे, नाजमा, शिबू, मोहसीन, शिंपू, राजेंद्र, पंकज, निखिल, देवी प्रसाद ने शीघ्र जलापूर्ति बहाल कराने की मांग की।



ठेली पर पानी ढोता गांव का युवक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### घर के बाहर बंधी 2 भैंस चोरी, दी तहरीर

**पुरवा।** कोतवाली अंतर्गत गांव पासा खेड़ा निवासी कृष्ण गोपाल पुत्र राम स्वरुप द्विवेदी के मुताबिक बीती 4-5 जून की रात दरवाजे टीनसेड के नीचे उसकी दो भैंस व एक गाय बंधी थी। रात एक बजे उसने उठकर देखा तो दोनों भैंस व गाय बंधी थीं। जब सुबह 5 बजे देखा तो भैंसें गायब थीं। जिन्हें चोरों ने चोरी कर लिया है। काफी खोजने के बाद भी भैंसों का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### चोरी की बैट्री के साथ युवक को पकड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बनी गांव के पास बदमाशों ने एक ई रिक्शा चालक को लूटपाट करने के बाद बांधकर फेंक दिया था। जिसके बाद दूसरे दिन हाजीपुर क्षेत्र में ई रिक्शा खड़ा मिला। जहां उसकी बैट्री गायब थी। पुलिस ने बैट्री चोरी की रिपोर्ट दर्ज की। जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को चोरी की बैट्री के साथ गिरफ्तार किया। उन्नाव सदर कोतवाली क्षेत्र के लोक नगर निवासी राम स्वरूप का पुत्र धर्मेन्द्र 25 मई की रात शुक्लागंज आया था, जहां वापस जाने के दौरान बदमाश से सहजनी शंकरपुर मार्ग होते हुये बनी ले गये। जहां आरोप है कि तमंचा लगाकर उसे बांध दिया और जेब में पड़े चार सौ रुपये के साथ ई रिक्शा लूटकर बदमाश भाग निकले। अगले दिन हाजीपुर में ई रिक्शा खड़ा मिला। जहां ई रिक्शे की बैट्री गायब थी। जिस पर पुलिस ने ई रिक्शा की बैट्री चोरी होने की एफआईआर दर्ज की थी। इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने बताया कि एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नेतुआ गांव निवासी जीतेन्द्र निषाद को ई रिक्शा की तीन बैट्री के साथ गिरफ्तार किया। जहां उसके खिलाफ दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही कर कोर्ट भेजा गया है।

### फाउंडेशन ने दी आरबीआई की योजनाओं की जानकारी

**नवाबगंज।** एवोक इंडिया फाउंडेशन व नवाबगंज ब्लाक के वित्तीय साक्षरता केंद्र द्वारा चिलौला गांव में बैठक कर ग्रामीणों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए उनसे इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। वित्तीय साक्षरता केंद्र नवाबगंज द्वारा ब्लाक में प्रधान प्रतिनिधि कमलेश यादव के नेतृत्व में राजस्व ग्राम चिलौला में आयोजित बैठक में एवोक इंडिया फाउंडेशन के रीजनल हेड विनीत पांडेय ने कहा कि वित्तीय साक्षरता का उद्देश्य सभी को निवेश व बचत के लिए जागरूक करना है। सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान जिला काउन्सलर वरुण तिवारी व ब्लाक काउन्सलर अंशल मौजूद रहे।



फीता काटकर गौशाला की शुरुआत करते विधायक। अमृत विचार

### गौशाला में गोवंश सुरक्षित रह सकेंगे : विधायक पंकज गुप्ता

**बिछिया।** विकासखंड बिछिया के गांव टीकरगढ़ी मे 9 लाख की लागत से नवनिर्मित गौशाला का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता व ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि गाय हमारी माता है। इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। यह गौशाला बनने से न सिर्फ गोवंश सुरक्षित रहेंगे साथ ही इस गांव के आसपास के किसानों की परेशानी दूर होगी। इस दौरान एडीओ पंचायत उदयवीर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी दीपा विमल, पशु चिकित्सा अधिकारी विमल सिंह, ग्राम प्रधान नन्ही देवी, प्रधान प्रतिनिधि देवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में होमगार्ड व युवती की मौत, तीन घायल

- साली को लेकर मोहान चौकी जा रहा था होमगार्ड
- खड़े कंटेनर में पीछे से कार घुसने से युवती की जान गई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहान कस्बा के पास तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से होमगार्ड की मौत हो गई। उसकी बाइक में पीछे बैठी साली को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। वहीं लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोहरामऊ थानांतर्गत तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो पीछे से खड़े कंटेनर में घुस गई। इसमें घायल युवती को सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। संबंधित थानों की पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शवों को परिजनों के सुपुर्द किया है।

**केस 01** लखनऊ के हैदरगंज कैनाल निवासी साहब लाल (48) पुत्र शिवराज होमगार्ड था। औरास थानाक्षेत्र के दृगपाल खेड़ा निवासी उसकी साली रेनू की शादी हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मलझा गांव में हुई थी। उसके पति से रिश्ते खराब हो गए तो उनका तलाक का केस कोर्ट में विचाराधीन है। बीती 30 मई को चंडीगढ़ से मुकदमे की पेशी के लिए आई रेनू अपनी बहन के घर रुकी थी। बुधवार को मुकदमे से संबंधित किसी काम के लिए वह जीजा साहबलाल के साथ मोहान चौकी जा रही थी। मोहान कस्बा स्थित जनता मेडिकल स्टोर के पास डीसीएम ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी। इसमें जीजा-साली गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें हसनगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां साहब लाल की मौत हो गई। पति की मौत की खबर मिलते ही पत्नी लौंगा व उसके बेटे बेहाल हो गए। चौकी इंचार्ज दीपक कुमार ने बताया कि डीसीएम को पकड़कर कोतवाली में खड़ा कराकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



साहब लाल।

**केस 02** लखनऊ के अलीगंज निवासी काजल (30) पत्नी अमित मंगलवार रात किराये की टैक्सी बुक कराकर कानपुर से अपने घर लखनऊ लौट रही थी। उसके साथ उसकी बेटी देवी (5) व बेटा देव (3) था। तभी सोहरामऊ थानांतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर एक कंपनी के पास चालक को अचानक झपकी लग गई और बेकाबू कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से घुस गई। इसमें कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने काफी प्रयासों के बाद गाड़ी में फंसी काजल व बच्चों को बाहर निकालकर नवाबगंज सीएससी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने युवती को मृत घोषित कर दिया और बच्चों को इलाज के बाद घर भेज दिया। एसओ कमल दुबे ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सात दिन बाद मिला फाल्ट शुरू हुआ मरम्मत कार्य

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज विद्युत सब स्टेशन से शक्ति नगर फीडर व पश्चिमी क्षेत्र के कई मोहल्लों में सप्लाई होती है। 10 दिन पूर्व भूमिगत फाल्ट होने से इन क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था धड़ाम हो गई थी। बुधवार को लोकेटर मशीन से फाल्ट ढूंढी गई।

शक्तिनगर फीडर से शक्तिनगर, मनोहर नगर, प्रेम नगर, सीताराम कालोनी समेत कई मोहल्ले और पश्चिमी क्षेत्र में मिश्रा कालोनी तक बिजली सप्लाई की जाती है। दस दिन पहले भूमिगत पड़ी ग्यारह हजार लाइन में फाल्ट हो गया था। जिस कारण दर्जनों मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। जिस पर विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था कर इन क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति को चालू कराया था। इधर भूमिगत फाल्ट को ढूंढने के लिये बुधवार को लोकेटर मशीन मंगाई गई। जहां फाल्ट मिलने के बाद उसकी मरम्मत का कार्य शुरू करा किया। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि फीडर की सप्लाई सुचारू करने के लिए अब दो लाइन तैयार हैं।

# अमावस्या स्नान आज, पालिका ने घाटों की कराई साफ-सफाई

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** जेठ माह की अमावस्या पर दूर दराज से श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिये शुक्लागंज के घाटों पर आते हैं। जिसको देखते हुए पालिका ने घाटों की एक दिन पहले ही साफ सफाई करवाकर चाक चौबंद किया है। वहीं सुरक्षा को देखते हुए नावें और गोताखोर भी तैनात किये गये हैं। जो गहरे पानी में स्नान करने वाले लोगों पर नजर रखेंगे।

चेयरमैन कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों को लगाकर गंगा विशुन घाट, शिव घाट, मोनू घाट, बालूघाट, आनंद घाट, आदि घाटों की साफ सफाई कराई गई। क्योंकि जेठ माह की अमावस्या के स्नान को लेकर लखनऊ, कानपुर, जैतीपुर, हरौनी, नबावगंज, रायबरेली, बालामऊ, हरदोई, उन्नाव के आस पास क्षेत्रों से श्रद्धालु गंगा स्नान करने आते हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ चंदन घाट तक सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया। वहीं पालिका की ओर से महिलाओं के कपड़े बदलने के साथ ही मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही गहरे पानी में कोई न जाये, इसके लिये नावें और गोताखोर को भी तैनात किया गया। ईओ ने बताया अमावस्या को देखते हुए साफ-सफाई कराई गई है। इसके साथ ही महिलाओं के वस्त्र बदलने की भी व्यवस्था कराई गई है।



घाट की सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

## वट वृक्ष पूजा को लेकर की खरीदारी

**शुक्लागंज उन्नाव।** वट वृक्ष और अमावस्या को देखते हुये बुधवार को राजधानी मार्ग, पोनी रोड, सुभाष नगर, ऋषि नगर, नेहरू नगर, गांधी नगर, बिंदा नगर समेत कई स्थानों पर चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, सूत का धागा आदि सामग्री की दुकानें लगी। जहां सुबह से ही महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। इस दौरान महिलाओं ने बाजारों से खरबूजे भी पूजन के लिये खरीदे। इस दिन सुहागिनें पति की दीर्घायु और परिवार की सुख शांति के लिए वट सावित्री की पूजा करती हैं। दुर्गा मंदिर के आचार्य विनोद पांडे ने बताया कि पर्व में वट और सावित्री दोनों का खास महत्व माना गया है। पीपल की तरह वट या बरगद के पेड़ का भी विशेष महत्व है। पुराणों के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु व महेश तीनों का वास होता है। व्रत में बरगद पेड़ के चारों ओर घूमकर रक्षा सूत्र बांधा और आशीर्वाद मांगा जाता है। वहीं महंगाई के कारण बाजारों में महिलाओं ने कम खरीददारी की। देर शाम बाजारों में रौनक रही।



पूजन के लिए फोरलेन पर खरबूजा खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार





सम्मानित किए गए पर्यावरण प्रेमी। अमृत विचार

## पर्यावरण प्रेमियों को किया सम्मानित

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मौलिक अधिकार एसोसिएशन संस्था ने पर्यावरण दिवस पर संस्थापक की पुण्य तिथि मनाई। जहां उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इसके साथ ही पर्यावरण को बढ़वा देने वाले लोगों को प्रतीक चिंह व तुलसी का पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं पौधरोपण भी किया।

राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में बुधवार को पर्यावरण दिवस पर हुए कार्यक्रम में मौलिक अधिकार एसोसिएशन के संस्थापक अशीष गहलोत की पुण्यतिथि मनाई गई। जहां पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए संस्था के लोगों ने गोपीनाथपुरम में विभिन्न प्रजातियों के 31 पौधे लगाये। जहां पौधों को संरक्षित रखने के लिये सभी ने संकल्प लिया। इसके अलावा संस्था के लोगों ने पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने वालों को प्रतीक चिन्ह व तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कमलेश दीक्षित, आशुतोष शुक्ला, गणेश शंकर मिश्रा, अवनीश शुक्ला, किरन सिंह, श्रुति पाण्डेय, विनय तिवारी, दीप कुमार शुक्ला, प्रतीक अवस्थी, मनीष शुक्ला, रणविजय सिंह, डा. दिनेश चंद्र, डा. एस एन तिवारी, कमल गुप्ता, करुणा शंकर पांडेय, मुन्नीलाल राठौर आदि लोग उपस्थित रहे।

**विश्व पर्यावरण दिवस** — डीएम, डीजे, सीडीओ, जेलर सहित जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर किया कार्यक्रमों में प्रतिभाग

# प्रत्येक व्यक्ति को पौधों की उपयोगिता बताकर जागरूक करें

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जहां डीएम गौरांग राठी ने कलक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया। वहीं डीजे प्रतिमा श्रीवास्तव ने अन्य अधिकारियों सहित न्याय भवन परिसर में औषधीय पौधे रोपे। वन विभाग के रेंज कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में जीवन बचाए रखने को पौधरोपण जरूरी बताया गया।

डीएम ने पौधरोपण करते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की सलाह दी। कहा कि मिलने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पौधों की उपयोगिता बताकर अधिक से अधिक लोगों को इसमें सहयोगी बनाना चाहिए। एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह व एडीएम न्यायिक वीके सिंह ने भी पौधे लगाए। इसी तरह सीडीओ प्रेम प्रकाश ने विभिन्न विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में विकास भवन परिसर में पौधरोपण किया। इसके अलावा जिला कारागार परिसर में जेल अधिकारियों सहित कर्मचारियों ने भी पौधे रोपित किए। देर शाम सिविल लाइंस स्थित रेंज कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सभासद आर्या व विशिष्ट अतिथि अरुण कुशवाहा सहित रेंज अधिकारी पीएस तिवारी ने पौधारोपण किया। विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष व जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने न्यायालय परिसर में औषधीय पौधों का रोपण किया। जिला जज ने मानव जीवन को बनाए रखने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर दिया।

हसनगंज संवाददाता के अनुसार, वन रेंज रेंजर राजवीर सिंह सेंगर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य इंद्रमोहन सिंह, ग्राम प्रधान अशोक सिंह व चंद्र प्रकाश गुप्ता ने पौध रोपण किया। रेंजर ने सभी अतिथियों सहित अन्य लोगों को अपने घरों के आसपास अवश्य पौधरोपण करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पृथ्वी सभी को बहुत कुछ देती है। इसलिए धरती को श्रृंगार करते हुए अधिक से अधिक पौध लगाने चाहिए। जीवन देने वाली आक्सीजन को खरीदना मुश्किल होता है। यह सभी कोरोना काल में देख चुके हैं। इस मौके पर डिप्टी रेंजर सुभाष चंद्र, वन दरोगा श्रीकांत त्रिवेदी, प्रताप राम, बीट प्रभारी संजीव सिंह, सीताराम, शिवम कुमार, सुनील कुमार व सेवानिवृत्त वन दरोगा अशोक कुमार पांडेय अन्य लोग मौजूद थे।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, आरडीएस ग्रुप आफ स्कूल्स द्वारा तहसील परिसर में वृक्षारोपण किया गया। साथ ही अधिकारियों के नेतृत्व में तहसील से विद्यालय तक जागरूक रैली भी निकाली गई। इधर क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने संस्था की ओर से संचालित नगर के आरडीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल परिसर में 'मिशन जल-वृक्ष संरक्षण' कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर सीओ अरविंद चौरसिया व कोतवाली निरीक्षक राजकुमार ने भी पौधों का महत्व बताया। विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार सैनी ने वृक्षों को देवता बताते हुए वादा किया कि अगले पांच वर्षों में शिक्षण संस्थान 10 हजार पौधे लगाकर संरक्षित करेगा। सीओ ने पालीथिन को जीवन के लिए संकट बताया। कार्यक्रम में प्रबंधक रजनी सैनी व प्रधानाचार्य सुमन राय सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

गंजमुरादाबाद संवाददाता के अनुसार, संडीला रोड स्थित आरएस पब्लिक स्कूल व आर एस डिग्री कालेज में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने मिलकर पौध रोपण किया। प्रबंधक रिजवान अहमद ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पर्यावरण दिवस को उपयोगी बनाने को पौधरोपण करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य संतोष कुमार, अंजू वाजपेयी, कार्डिनेटर आमिर अहमद आदि मौजूद रहे।

नवाबगंज संवाददाता के अनुसार, सोहरामऊ गांव में जन शिक्षण संस्थान की ओर से जागरूकता गोष्ठी व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित करते हुए ग्रामीणों के बीच पौध वितरित किए गए। कार्यक्रम अधिकारी क्षमा दीक्षित ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की अपील की।इस मौके पर नेहा मिश्रा, प्रीती चौरसिया, रमा दीक्षित, शैल कुमारी व सविता तिवारी आदि मौजूद रहीं।



बांगरमऊ में पौधरोपण के बाद अन्य लोगों के साथ खड़े विधायक श्रीकांत कटियार।



गंजमुरादाबाद स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में विद्यालय द्वारा दिए गए पौधे लेकर खड़े विद्यार्थी। अमृत विचार

### यूरो किड्स में बच्चों को किया सम्मानित, दिए प्रमाणपत्र

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्लागंज के विष्णुपुरी स्थित यूरो किड्स स्कूल का बुधवार को 15 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। इस दौरान बच्चों ने पर्यावरण दिवस मनाते हुये पौध रोपण किया। इसके साथ ही पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। विष्णुपुरी स्थित यूरो किड्स स्कूल में चल रहे 15 दिवसीय समर कैंप का बुधवार को समापन हुआ। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर शांतनु पाठक ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिसके बाद पर्यावरण दिवस को देखते हुये स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने पौध रोपण किये। पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त और फ़िर से हरा भरा बनाने की शपथ ली। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



रेंज कार्यालय हसनगंज में पौधरोपण कराते वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** जगह-जगह समाजसेवी संस्था, शिक्षण संस्थान आदि पर्यावरण प्रेमियों ने पौध रोपण किया। जहां सभी ने पर्यावरण को हराभरा रखने के लिये संकल्प भी लिया। वहीं गंगाघाट कोतवाली में कोतवाली प्रभारी ने भी पौधरोपण किये।

नगर पालिका गंगाघाट द्वारा चेयरमैन कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश मिश्रा बुधवार को नमामि गंगे घाट पहुंचे और पौधरोपण किया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलायी। इस दौरान एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला व संदीप पांडेय समेत कई सभासद मौजूद रहे। वहीं शुक्लागंज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जन जीवन सुरक्षा को लेकर साकेतपुरी, नेहरू नगर, राजधानी मार्ग, गायत्री नगर में पौधरोपण कार्यक्रम चलाया। इस दौरान संस्था ने फलदार व छायादार पौधे लगाये। जहां नीम, चितवन, पाकड़, अशोक, कटहल, आंवला आदि के पौधे लगाये। इस दौरान अजय बाजपेयी व विनय गुप्ता मौजूद रहे। वहीं गंगाघाट कोतवाली में कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने वृहद स्तर पर पौधरोपण किया। जहां देवी प्रसाद मौर्या ने चितवन, जामुन, अमरुद, आवला, नींबू, फाईकस, चम्पा, पापलर, बाटम ब्रश, गुलमोहर, गुडहल, कनेर के कई पौधे लगाये। इस दौरान सभी ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण करने का भी सकंल्प लिया।

## एक नजर

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक ने पीटा

**पुरवा।** बाराबंकी के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति पुरवा क्षेत्र के एक गांव स्थित पानी की टंकी में ऑपरेटर पद पर कार्यरत है। जहां वह कई वर्षों से जल निगम के सरकारी आवास में पति व बच्चों के साथ रहती है। बुधवार सुबह गांव का युवक घर आया और बाहर लगे पेड़ से अमिया तोड़ने लगा। जिस पर बेटी ने मना किया तो वह बेटी से छेड़छाड़ करने लगा। शोर सुन वह घर के बाहर आई और विरोध किया तो युवक ने उसे मारा पीटा। आसपास के लोगों को आता देख जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

### ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे की शिकायत

**सफीपुर।** तहसील क्षेत्र के गुरधरी गांव निवासी अरविंद पुत्र बलराम ने एसडीएम को दिये शिकायतीपत्र में आरोप लगाया कि भूमि संख्या-697 व 698 उसके नाम दर्ज है। उसकी भूमि से सटी ग्राम समाज की बंजर भूमि संख्या-412 पर गांव निवासी कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। जिस पर राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई कर बेदखली भी की जा चुकी है। आरोपियों द्वारा कब्जा छोड़ने के बजाए निर्माण किया जा रहा है। जिसकी शिकायत 1 जून को नायब तहसीलदार से की जा चुकी है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई न होने से इसमें राजस्व कर्मियों की मिलीभगत होने की आशंका जताई जा रही है। पीड़ित ने एसडीएम नवीन चंद्र से मौके की जांच कराकर कार्रवाई कराने की मांग की है।

# कानपुर के कपड़ा व्यापारी की हत्या कर कुएं में फेंका शव

## ग्रामीणों ने बाइक के पास खून पड़ा देख पुलिस को दी सूचना, क्रेन से निकलवाया गया शव

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे किनारे बिचपरी गांव के पास एक कुएं में धारदार हथियार से हत्या कर फेंका गया युवक का शव पड़ा देख क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन से शव बाहर निकलवाकर पास खड़ी बाइक की आरसी में दर्ज मोबाइल से परिजनों को इसकी सूचना दी। युवक कानपुर का रहने वाला था और घर के पास कपड़े की दुकान किए था। उसकी हत्या की जानकारी पर एएसपी व सीओ ने मौका मुआयना किया। मामा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर उसकी सीडीआर निकलवा कर जांच कर रही है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके शरीर में कई वार किए जाने की बात सामने आई है। परिजन व पुलिस घटना में किसी करीबी के शामिल होने की आशंका जता रहे हैं।

बता दें कि कानपुर नगर के अनवरगंज थानांतर्गत मोहल्ला अलहमद रेजीडेंसी इफ्तिखाराबाद निवासी मो. नदीम (30) पुत्र स्व. हाजी नईम घर के पास रेडीमेड कपड़ों की दुकान किए था। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे वह दुकान से तगादा वसूलने और फिर मार्केट जाने की बात कहकर घर से निकाला था। लेकिन, देर रात तक वह घर नहीं लौटा। वह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा से भी जुड़ा था। मतगणना का दिन होने से किसी ने इस ओर अधिक ध्यान नहीं दिया। काफी रात तक वापस न आने पर मां ने फोन मिलाया लेकिन, बात नहीं हो पाई। इधर बुधवार सुबह अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दरबारी खेड़ा गांव के बाहर हाईवे से सटे सूखे कुएं के पास खून सनी बाइक खड़ी देख आशंकित ग्रामीणों ने कुएं में झांककर देखा तो उसमें युवक का रक्तरंजित शव पड़ा था। एसएचओ फोर्स के साथ पहुंचे और क्रेन से शव बाहर निकलवाया। उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर मारा गया था। पुलिस यह मान रही है कि युवक को बहाने यहां बुलाकर यहां हत्या की गई है। बाइक की आरसी में दर्ज नंबर से परिजनों को घटना की सूचना दी गई। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद व सीओ संतोष सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। डाग स्क्वाड व फील्ड यूनिट ने भी जांच की। कोतवाली पहुंचे मृतक के मामा ताहिर हुसैन ने बताया कि उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। रात में घर न आने पर तलाश की जा रही थी। बुधवार को गुमशुदगी दर्ज करानी थी कि उसके पहले यह खबर मिल गई। मामा ने अज्ञात के विरुद्ध भांजे की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि युवक की शिनाख्त हो गई है। हत्या क्यों, कैसे और कब की गई इसकी जांच चल रही है। उसकी सीडीआर निकलवाकर तहकीकात की जा रही। एएसपी ने खुलासे के लिए एसओजी व सर्विलांस टीम भी लगाई है।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

### पूरे परिवार का खर्च चलाता था युवक


नदीम।

**उन्नाव।** नदीम पर अपने पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। वह ही घर का पूरा खर्च चलाता था। उसके पिता हाजी नईम की तीन साल पहले मौत हो गई थी। वह घर का इकलौता बेटा था। पिता की मौत के बाद नदीम पर ही मां आरिफा व पत्नी जीनत फातिमा की जिम्मेदारी थी। उसकी मौत से सभी बेहाल हैं।

# बकरी चोरों को रोकने गए किसान पर चढ़ाई कार, मौत

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- परिजनों ने चाकू से हमला करने बाद कार चढ़ाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत कोरटखेड़ा गांव में कार से बकरी चोरी करने आए बदमाश किसान के जागने पर उस पर कार चढ़ाकर भाग निकले। शोर सुन दौड़े परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां से जिला अस्पताल लाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं परिजनों ने पहले चाकू से वार करने के बाद कार चढ़ाने का आरोप लगाया है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चाकू मारने की पुष्टि नहीं हुई है।


बाबूलाल।

बता दें कि थानाक्षेत्र के गांव झूलूमऊ के मजरा कोरटखेड़ा निवासी बाबूलाल (35) स्व. हीरा गौतम खेती करता था। इसके अलावा उसने गाय व बकरियां भी पाल रखी थीं। मंगलवार रात वह घर के बाहर सो रहा था। उसके पशु भी पास में बंधे थे। रात करीब डेढ़ बजे कार से पहुंचे चोरों ने दरवाजे पर बंधी बकरियों को खोलकर वाहन में लादने लगे। तभी आहट सुनकर उसने चोरों को ललकारा। इस पर चोर वाहन में बैठकर भागने लगे। जिन्हें रोकने के लिए बाबूलाल कार के आगे खड़ा हो गया। इस पर चालक उसे टक्कर मारता हुआ भाग निकला। परिजनों ने बताया कि पहले बदमाशों ने उस पर रस्सी काटने के लाए चाकू से हमला भी किया। चीख सुन परिजन दौड़े और उसे सीएचसी लाए। अधिक रक्तस्राव देख यहां से प्राथमिक इलाज देकर उसे जिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन रास्ते में उसकी सांसे थम गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। वह चार भाइयों में छोटा था। बड़े भाई दीपक, कौशल व विष्णु पंजाब में मजदूरी करते हैं। भाई की मौत की खबर मिलते वह घर के लिए निकले हैं। वहीं युवक की मौत से पत्नी सावित्री, बेटी शिफा, बेटा विनीत व वृद्ध मां शिव देवी बेहाल हैं। पुलिस ने गांव पहुंचकर जांच की और बदमाशों को पकड़ने के प्रयास कर रही है। दिवंगत के घर के सामने लखनऊ में तैनात एक दरोगा संतोष सिंह का पैतृक आवास है। उसमे सीसीटीवी कैमरा लगा है। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि घटना की बारीकी से जांच चल रही है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा। पुलिस टीमें खुलासे के लिये लगी है।

# 16 ब्लाक में पहुंचा 1041 क्विंटल धान का बीज

**उन्नाव।** जिले के राजकीय कृषि गोदाम में विभिन्न प्रजातियों का 1041 क्विंटल धान बीज पहुंच गया है। कृषि विभाग ने यह बीज जिले के सभी 16 ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर भेज दिया है। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि इसे पहले आओ, पहले पाओ योजना के तहत किसानों को वितरित किया जाएगा।

कृषि विभाग अफसरों के अनुसार जिले में 97,476 हेक्टेयर भूमि पर धान की खेती का लक्ष्य निर्धारित है। सरकारी गोदामों से किसानों को महीन और मध्यम प्रजाति के धान बीज मिलेगा। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा ने बताया कि शासन से जिले को 1041 क्विंटल धान बीज का आवंटन हुआ है। जिले के सभी 16 ब्लॉकों के गोदामों में बीज पहुंचाने के साथ ही केंद्र प्रभारियों की ओर से 50 फीसदी अनुदान पर बीज वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगे बारिश अच्छी होती है तो धान रोपाई का लक्ष्य बढ़ाया भी जा सकता है। बताया कि केंद्रों पर एचयूआर 917, सीएसआर 76, बीपीटी 5204, सियाट्स 2, पीआर 126, डीआरआर 42 आदि प्रजातियों के बीज केंद्रों पर वितरित होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रों से बीज खरीदने के बाद किसान के खाते में अनुदान राशि भेजी जाएगी। धान की नर्सरी डालने का समय आ गया है। धान के बीज की जिले में कमी नहीं है।


डंपर में मिट्टी भरती जेसीबी। अमृत विचार

# प्रशासन का अभियान फेल मिट्टी का अवैध खनन जारी

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** चुनाव में अधिकारियों की व्यस्तता का फायदा उठाकर खनन माफियाओं द्वारा तहसील हसनगंज के सोहरामऊ थानांतर्गत एक गांव में दिनरात मशीनें व दर्जनों डंपर लगाकर अवैध खनन किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल मैसेज में तहसील के एक बड़े अधिकारी द्वारा रोज 25 हजार रुपये लेकर खनन करने की अनुमति देने की चर्चा है। अमृत विचार मैसेज की पुष्टि नहीं करता है। जबकि विभाग मिट्टी के अवैध खनन को रोकने के लिए अभियान चला रहा था।

बता दें कि सोहरामऊ थानांतर्गत गांव भटपुरा में एक कंपनी को खनन करने के लिए गांव के दो गाटा संख्या की जमीन 15,173 घन मीटर खनन करने की अनुमति मिली है। जिसकी आड़ में गांव में जमकर अवैध खनन किया जा रहा है। अवैध खनन से जहां एक ओर नहर का बांध फटने से किसानों को उनकी फसल का नुकसान की आशंका है। वहीं डंपरों की आवाजाही से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त है। क्षेत्र में चर्चा है कि तहसील में तैनात एक बड़े अधिकारी द्वारा 25 हजार रुपये रोज लेकर परमीशन से अलग गाटा संख्या की भूमि पर दिन में अवैध रूप से खनन करवा रहे हैं। खनन माफियाओं द्वारा बीते दिनों चले चुनाव में जिला स्तरीय अधिकारियों की व्यस्तता का फायदा उठाकर दिन में तीन मशीनें व दर्जनों डंपर लगाकर करीब 2000 घन मीटर खनन किया गया। खनन की मिट्टी अजगैन कोतवाली अंतर्गत गांव गौरा कठेरवा स्थित एक कंपनी में डाली गई जो गलत है। भटपुरा गांव से खोदी गई और उस कंपनी में डाली गई मिट्टी की सैंपलिंग करा दी जाए।

### बोले जिम्मेदार

इस मामले में खनन अधिकारी केबी सिंह ने कहा कि अवैध रूप से खनन हो रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में खनन अवैध पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नहीं आई पेंशन, विभाग के चक्कर लगाने को मजबूर वृद्धजन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- तीन माह से वृद्धों के खाते में नहीं पहुंची विधवा व वृद्धावस्था पेंशन

**अमृत विचार।** प्रशासन लाख दावा करे पर हकीकत इससे इतर नजर आती है। तीन माह से पेंशन न आने से बुजुर्ग परेशान हैं। बिछिया ब्लाक क्षेत्र के 57 ग्राम पंचायतों में पड़री कलां, नेवरना, जरगांव, तौरा, ओरहर सहित दो दर्जन से अधिक पंचायतों में काफी लाभार्थियों ने कई बार विधवा व वृद्धावस्था पेंशन के लिए ब्लॉक कार्यालय में पेंशन न आने पर गुहार लगाई है। पेंशन न आने से ग्रामीणों को परेशानी है वह जिला कार्यालय के रोजाना चक्कर लगाकर बैरंग लौट रहे हैं।

बता दें कि क्षेत्र की महिलाओं को करीब तीन माह से विधवा व वृद्धा पेंशन से वंचित होना पड़ रहा है। पेंशन न मिलने से ग्रामीण ब्लाक व जिला मुख्यालय के कार्यालय का लगातार चक्कर लगा रहे हैं। पड़री कलां की रमदेई पत्नी छेदु, कल्याणी देवी पत्नी राम प्रकाश व जरगांव निवासी कमला पत्नी अजय बहादुर सिंह, रानी पत्नी लल्लू, रामश्री पत्नी रामशंकर, कमला पत्नी चंद्रराम, बिटाना पत्नी श्री नारायण आदि ने कहा कि उन लोगों को पूर्व में पेंशन मिली थी। बीते एक वर्ष से उनकी पेंशन खाते नहीं आई है। वे रोज समाज कल्याण विभाग का चक्कर लगाकर लौट जाते हैं। परंतु उसकी समस्या का निदान नहीं हो रहा है। वहीं सरांय कटियान की तुलसी देवी, मनोरमा देवी ने कहा कि पेंशन न मिलने से वे बीमारी की इलाज भी नहीं करवा पा रही हैं। शांति शुक्ला बड़ौरा ने बताया कि वे लोग गरीबी रेखा से नीचे गुजर करते हैं। सभी ने पेंशन का शीघ्र भुगतान करने के लिए डीएम गौरांग राठी से मांग की है। बिछिया समाज कल्याण अधिकारी पूजा सिंह ने बताया कि खातों में एनपीसीआई न होने व साइड बंद होने से पेंशन नहीं आ रही थी। आचार संहिता हटने के बाद पेंशन पहुंचने लगेगी।

# हसनगंज में चोरों का आतंक, पुलिस कर रही है शिकायत का इंतजार

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों चोरों का एक गिरोह सक्रिय है। लगातार चोरियां होने के बाद भी उनका खुलासा नहीं हो पा रहा है। कुछ दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के समदपुर भावा में देशी शराब ठेके को चोरों ने निशाना बनाया था। उसका खुलासा पुलिस अभी कर नहीं सकी थी कि चोरों ने एक और देशी शराब ठेके का शटर तोड़कर नगदी, शराब व अन्य सामान पार कर दिया। अब पुलिस एक बार फिर से घटना का जल्द ही खुलासा किये जाने का राग अलाप रही है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र में बीते कुछ माह में दर्जनों चोरियां हो चुकी हैं। कुछ ऐसी घटनाएं भी रहीं जिनके सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए। जिनमें चोरों के चेहरे भी आये लेकिन, अभी तक पुलिस चोरों के इस गिरोह तक पहुंचने में नाकाम है। वहीं, बीते दिनों कोतवाली क्षेत्र के ऊंचाद्वार स्थित देशी शराब ठेके के सेल्समैन रंजीत जायसवाल ने मोहान चौकी में दी तहरीर में बताया कि बीते रविवार भोरपहर चोरों ने साबड़ से शटर तोड़कर शराब दुकान में रखी बैट्री, इन्वर्टर, शराब के 15 क्वार्टर व गल्ले में रखे तीन हजार रुपये पार कर दिये। बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में चोरों के चेहरे भी सामने आए हैं।

लेकिन पीड़ित की तहरीर के बाद भी कोतवाली पुलिस ने अब तब रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इस संबंध में कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि घटना की जानकारी तो मिली है। लेकिन अभी उनके पास कोई लिखित शिकायत नहीं आई है। लिखित शिकायत आने पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देते नकाबपोश। अमृत विचार

# जिलाधिकारी से की बैंक मैनेजर की शिकायत

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रसीदपुर निवासी अशोक के पिता की चार वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। पिता का क्षेत्र के मंगतखेड़ा स्थित बैंक आफ इंडिया में खाता था। अशोक पिता की मौत के बाद खाते में जमा 8000 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कराने बैंक गया तो उसे मैनेजर में कागजात पूरे करवाकर लाने को कहा। वह एक माह से कागज लेकर बैंक के चक्कर लगा रहा है। लेकिन, हर बार मैनेजर कुछ न कुछ कमी बताकर उसे लौटा देता है। युवक ने एसडीएम रनवीर सिंह से इसकी शिकायत की थी। बुधवार को फिर से बैंक गए पीड़ित को मैनेजर ने शिकायत करने के चलते फटकार लगाकर भगा दिया। पीड़ित ने अब डीएम से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। एसडीएम रनवीर सिंह ने बताया कि जांचकर कार्रवाई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### फोरलेन और गलियों के खुले नाले दे रहे हादसों को दावत

**शुक्लागंज उन्नाव।** फोरलेन से लेकर पालिका क्षेत्र की तमाम गलियों में छोटे-बड़े नालों के ऊपर पत्थर न रखे होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके बावजूद पालिका इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिससे कभी कोई बड़ी घटना हो सकती है। फोरलेन पर गंगाघाट कोतवाली के पास, पं बालादीन गली के बाहर, पंजाब एंड सिंध बैंक, सब्जी मंडी, गोपीनाथपुरम, साकेतपुरी, शैल श्री गेस्ट हाउस, अंबिकापुरम समेत कई स्थानों पर नालों के ऊपर रखे पत्थर सिल्ट सफाई करने के दौरान टूट गये थे। इसके बावजूद पालिका ने टूटे पत्थरों के स्थान पर नये पत्थर नहीं रखवाये हैं। जिस कारण रात के अंधेरे में लोग नाले में गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। वहीं खुले नाले होने के कारण कई बार मवेशी भी उनमें गिर जाते हैं। मवेशियों को नाले से बाहर निकलने के लिये लोगों को खासी जहमत उठानी पड़ती है। इसके अलावा मिश्रा कॉलोनी का बना बढ़ा नाला भी कई स्थानों पर खुला हुआ है।

### छप्पर में आग लगने से पांच मवेशी झुलसे, एक की हुई मौत

**उन्नाव।** माखी थानाक्षेत्र के पवई गांव निवासी किसान देव कृष्ण अवस्थी पुत्र राम दुलारे के मवेशी खेत पर बने छप्पर के बंगले में बंधे थे। दोपहर में भोजन करने वह घर चला गया। दोपहर एक बजे बंगले में अज्ञात कारणों से आग लग गई। लपटें देख आसपास के लोगों ने कृष्णदेव को सूचित किया और सभी ने पंपिंग सेट चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। जब तब आग बुझी तब तक छप्पर के नीचे बंधी दो भैंस, एक गाय व दो बछड़े झुलस गए। सूचना पर पशु विभाग की स्वास्थ्य चिकित्सक टीम व 1962 एंबुलेंस ने पहुंचकर मवेशियों का उपचार किया। परिजनों ने कहा कि राजस्व विभाग को सूचना दी है। मझखोरिया पशु चिकित्साधिकारी विमल सिंह ने बताया कि दो भैंस, एक गाय व दो बछड़े आग की चपेट में आने से जल गये थे। जिनका इलाज चल रहा है। जिसमें एक भैस की मौत हो गई है।


पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

### लोन की किस्त जमा न कर पाने पर युवक ने की खुदकुशी

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत अतरी गांव निवासी एक युवक कमरे में फंदे से लटक गया। भाभी ने उसे लटका देख शोर मचाया तो परिजन पहुंचे और उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बड़े भाई ने ट्रैक्टर के लोन की किस्त जमा न कर पाने से परेशान होकर यह कदम उठाने की आशंका जताई है। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के अतरी गांव निवासी रामनरेश पाल (45) पुत्र बेचेलाल खेती के लिए लोन पर ट्रैक्टर लाया था। कई महीने से उसकी किस्त जमा न होने से वह काफी परेशान था। इससे उसकी मानसिक हालत भी खराब रहती थी। भाई रामकरन ने बताया कि मंगलवार रात सभी लोग छत में सोने चले गए। सुबह उठ कर वह और पिता दरवाजे पर बंधे पशुओं को चारा पानी देने लगे। तभी छत से उतरकर राम नरेश नीचे आया और कमरे में जाकर पंखे के कुंडे में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गया। भाभी श्रीमति किसी काम से उसके कमरे में पहुंची और देवर को लटका देख उसकी चीख निकल गई। इस पर परिजन दौड़े और फंदा काटकर उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। उसकी मौत से वृद्ध पिता समेत पत्नी फूला व तीन बेटे आशीष, रिंकू व रिशू बेहाल हैं।

### वाटर कूलर खराब, पेयजल संकट से जूझ रहे कस्बा निवासी

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के नानामऊ मार्ग तिराहे पर स्थित वाटर कूलर बीते दो महीने से खराब है। जिससे कस्बे के नागरिक व राहगीर स्वच्छ व ठंडे पेयजल को तरस रहे हैं। नागरिकों ने पालिका प्रशासन से वाटर कूलर दुरुस्त कराने की मांग की है। बता दें कि उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित मोहल्ला कटरा के नागरिकों द्वारा ईओ नगर पालिका मोनिका उमराव को दिये शिकायती पत्र में कहा कि पालिका द्वारा मोहल्ला वासियों व यात्रियों को स्वच्छ व ठंडा पेयजल मुहैया कराने के लिए नानामऊ मार्ग तिराहे पर वाटर कूलर लगवाया गया था। इससे यात्रियों के अलावा एक हजार मोहल्ला वासी प्यास बुझाते रहे हैं। वाटर कूलर खराब होने से क्षेत्रीय लोगों के अलावा यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ रहा है। मोहल्ले के असफाक उल्लाह, सचिन गुप्ता, पुत्तन राठौड़, राज कुमार विश्वकर्मा, संतोष सैनी, मो. अनीश व आशुतोष आदि ने पालिका ईओ से वाटर कूलर जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है।


खराब पड़ा वाटर कूलर।

**मौसम** दोपहर के समय मजबूरी में ही लोग घरों से निकल रहे, लोगों को बीच में बंद करना पड़ रहा भवन निर्माण

# नौतपा खत्म, गर्मी से नहीं मिल रही राहत, आसमान से बरस रही 'आग'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- भीषण गर्मी में भवन निर्माण कराने वालों को राज मिस्त्री भी दगा दे रहे

**अमृत विचार।** बीते दिनों नौतपा तो खत्म हो चुका है लेकिन, मौसम में तपन अभी भी बदस्तूर जारी है। नौतपा खत्म होने के बाद भी गर्मी का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लोग भीषण धूप व लू से परेशान हैं। मजबूरी में घरों से निकलने वाले लोग शरीर को पूरी तरह से ढंककर ही निकल रहे हैं। वहीं भवन निर्माण कराने वालों को राज-मिस्त्री भी दगा दे रहे हैं। परेशान लोगों को बीच में निर्माण कार्य बंद करना पड़ रहा है।

बता दें कि एक ओर जहां इस भीषण गर्मी में लोग घरों से निकलने से परहेज कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रोजमर्रा काम कर कमाने-खाने वालों को घरों से निकलने की मजबूरी भी बनी रहती है। ऐसे में तेज धूप व लू से बचने को वे शरीर को पूरी तरह कपड़ों से ढंककर ही निकलना सही समझ रहे हैं। वहीं गर्मी के चलते शहर में निर्माण कराने वालों के सामने भी मिस्त्री व लेबरों की समस्या खड़ी हो गई है। शहर की अलग-अलग लेबर मंडियों में सुबह मजदूरों की भीड़ तो एकत्र होती है, लेकिन दिनों कोई भी श्रमिक सात सौ रुपए से कम दिहाड़ी पर निर्माण कार्य करने जाने को तैयार नहीं होता है। वहीं राज-मिस्त्री भी 1000-1200 रोज मेहनताना मांग रहे हैं।

मजबूरी में मुंह मांगी मजदूरी पर तय होकर काम शुरू करने के दो-चार दिन बाद ही कभी राज-मिस्त्री तबीयत खराब होने से काम पर नहीं पहुंचता तो कई बार श्रमिक भी काम से गोल हो जाते हैं।

राज-मिस्त्री के अचानक न पहुंचने से लेबर को काम न रहने के बाद इधर-उधर के कार्य में लगाकर पारिश्रमिक देनी पड़ती है। वहीं श्रमिकों के गायब होने पर भी निर्माण कार्य कराने वाले को नुकसान का झेलना पड़ता है, क्योंकि कम मजदूर होने पर मिस्त्री को मौके पर पर्याप्त सामग्री उपलब्ध कराना कठिन हो जाता है। निर्माण कराने वालों का कहना है कि उन्होंने मानसून आने की संभावना को देखते हुए कार्य शुरू करा दिया था, लेकिन पूरे दिन चटक धूप व लू झेलना राज-मिस्त्री व श्रमिकों के बस से बाहर हो जाता है। इसलिए वह तबीयत खराब होने की जानकारी देकर काम पर नहीं आते हैं। इससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि मिस्त्री की बैठकी अधिक अखरती है, क्योंकि श्रमिकों को बेवजह भुगतान देना पड़ता है। इसके अलावा चहली-बल्ली का किराया भी बेवजह बढ़ता रहता है। शहर स्थित आवास विकास कालोनी में ही करीब एक दर्जन लोगों ने आ रही समस्या से निर्माण कार्य पर ही विराम लगा दिया है। इसी तरह कई अन्य मोहल्लों में भी भवन निर्माण कार्य ठप दिखाई दे रहे हैं।



तेज धूप से बचने के लिए गमछा ढंककर जाते बाइक सवार। अमृत विचार


आवास विकास कॉलोनी में गर्मी के चलते ठप पड़ा भवन निर्माण। अमृत विचार

# पर्यावरण बचाने के लिए हर व्यक्ति को करनी होगी पहल

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह पौधरोपण कर लोगों को किया जागरूक, पर्वतारोही अभिनीत ने की अपील

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सरकारी कार्यालयों में पौधरोपण कर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। कछौना क्षेत्र के युवा पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया तक केवल शुभकामनाएं न दें, बल्कि हकीकत में एक पौधा रोपित कर उसका उचित संरक्षण कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फोटो अपलोड करें जिससे आने वाली पीढ़ी को बेहतर पर्यावरण विरासत में दे सकें।

कछौना से वन रेंज कछौना कंजी कुटीर कामीपुर परिसर में ग्राम प्रधान सुशीला देवी व सर्प मित्र ने पौधरोपण किया। ग्राम प्रधान सुशीला देवी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल कागजों पर न हो, इसे हम सभी पौधरोपण के साथ उचित देखभाल करनी चाहिए। समय रहते हम सभी जागरूक नहीं हुए तो भविष्य में भयावह स्थिति का सामना करना पड़ेगा। वनकर्मी सुशील कुमार ने कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने की प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। पौधों को ज्यादा से ज्यादा लगाएं और उनकी उचित देखभाल अवश्य करें। नदी व नाला को प्रदूषित होने से बचाए। सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग ना करें। जल को अनावश्यक बर्बाद न करें। सर्प मित्र कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि यह पृथ्वी सभी की है। जीव-जंतु, कीड़े मकोड़े, पशु-पक्षी सभी को जीने का अधिकार है। किसी भी जीव-जंतु को डर व अपने लाभ के लिए हत्या नहीं करनी चाहिए। सर्प की भी हमारे पर्यावरण के लिए अहम भूमिका है। थोड़ी सावधानी व जागरूकता से सर्प का जीवन बचाया जा सकता है।

कुलदीप श्रीवास्तव लगातार कई वर्षों से लोगों को सर्प के बारे में जागरूक कर रहे हैं। सर्प के प्रति अनावश्यक डर निकाल रहे हैं। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर सर्प को रेस्क्यू करके उसे उचित स्थान पर पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर वनकर्मी मौजूद रहे।

नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने पूरी टीम के साथ परिसर में पौधे रोपित किये। उन्होंने कहा कि अबकी विश्व पर्यावरण दिवस की थीम हमारी भूमि को हरा-भरा करने की है। पौधे लगाने के साथ उसे पौधे के पेड़ बनने तक उचित देखभाल करें। इस अवसर पर लिपिक जय बहादुर सिंह व नगर पंचायत कर्मी ने प्रतिभाग किया।

कोथावां संवाददाता के अनुसार वि बुधवार को कंजी कुटीर कामीपुर कछौना परिसर में ग्राम प्रधान कटियामऊ सुशीला देवी व वन दरोगा सुशील कुमार के द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया, तदोपरांत क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण कराने के उद्देश्य से लोगों को पौध वितरण किए गए। इस मौके पर वन विभाग के सहयोगी सर्प मित्र कुलदीप श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वन रेंज स्टाफ व क्षेत्रीय ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सॉलीडैरीडैड संस्था के तत्वाधान में स्मार्ट कृषि परियोजना के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन भरखनी ब्लाक के गांव इनायतपुर में किया गया। जिसमें प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन पर चर्चा करते हुए संस्था के वरिष्ठ अधिकारी प्रदीप सोलंकी और टीम के सदस्यों ने पर्यावरण के लिए जन-आंदोलन की अपील की। बताया कि प्राण वायु जल और मिट्टी के बिना जीवन की कल्पना करना निरर्थक है और आज हम कंक्रीट के जंगल बनाने में इतने व्यस्त हैं कि मूलभूत आवश्यकताओं को ही भूल रहे हैं, यदि हम अब भी न सुधरे तो इसके बुरे परिणाम भुगतना पड़ेंगे। प्रदीप सोलंकी ने सस्टेनेबल गन्ना कृषि पद्धतियों के भी गुण बताए।




पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते पर्वतारोही अभिनीत मौर्य व मैदानपुरा स्थित खानकाह जहूरिया में पौधरोपण करते लोग।



कामीपुर कछौना परिसर में पौधरोपण करते ग्राम प्रधान कटियामऊ सुशीला देवी व वन दरोगा सुशील कुमार। अमृत विचार

### बच्चों की तरह पेड़-पौधों का रखना चाहिए ख्याल : अनीस मियां

बिलग्राम संवाददाता के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर के मोहल्ला मैदानपुरा स्थित खानकाहे जहूरिया में पौध रोपण कर हरियाली का दायरा बढ़ाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर दरगाह जहूरिया के नायब सज्जादा नशीन अफसर मियां जहूरी ने खानकाह के प्रांगण में व पास के कब्रिस्तान में नीम, आम, अमरूद, जामुन आदि फल फूल के पौधे रोपित किये और उन्हें सहेजने संवारने का भी संकल्प लिया। इस दौरान सज्जादा नशीन अनीस मियां जहूरी ने कहा कि हम सब को पेड़-पौधों से मोहब्बत रखनी चाहिए। हमें पेड़ पौधों का अपने बच्चों की तरह ख्याल रखना चाहिए। तभी वो व्रक्ष की शक्ल अख्तियार कर हमे फायदा पहुंचाते हैं। इस दौरान मोहम्मद राशिद खां, मोहम्मद आफाक, सरवर हुसैन, असगर बिलग्रामी, मोहम्मद अशफाक आदि मौजूद रहे।

### बच्चों ने भी रोपे पौधे




पौधरोपण करते स्कूली बच्चे।

**हरदोई, अमृत विचार।** बुधवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने पौधारोपण कार्यक्रम में सक्रियता से भाग लिया तथा स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने हेतु योगा आदि विधियों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए इसका अभ्यास किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद राशिद ने बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं ऐसे कार्यक्रमों में सदैव सहयोग करते रहने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर बुधवार से आगामी सात दिनों तक विद्यालय पर्यावरण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन शिविर के माध्यम से करेगा। इस कार्यक्रम के प्रभारी योगेश्वर सिंह ने कहा कि यदि हमें इस धरा पर अपने जीवन को बचाना है तो हमे अपने पर्यावरण को बचाना होगा। इस कार्यक्रम में सुषमा, संजीव प्रताप तथा आदेश आदि शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में होने वाली विभिन्न गतिविधियों में अपना सक्रिय सहयोग दिया। बता दें कि इस बार पड़ रही भीषण गर्मी के चलते लोगों में पर्यावरण को लेकर कुछ चिंता देखी जा रही है। पेड़ों की अंधाधुंध कटान का भी विरोध किया जा रहा है। कई जिलों में पिछले दिनों 45 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुंचने से लोग व्याकुल हो उठे थे।

### पर्यावरण योद्धाओं का किया गया सम्मान

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला पंचायत सभागार में जय भोले सेवा समिति की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण योद्धा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को जिनके द्वारा पर्यावरण पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर अथवा वृक्षारोपण करने का कार्य किया गया उन सबको प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती ने कहा कि वृक्ष लगाना महत्वपूर्ण नहीं है जितना उसको उसकी सेवा करके जीवित रखना इसलिए सभी को एक-एक वृक्ष लगाकर उसको बड़ा बनाने का प्रयास करना चाहिए भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अलका गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हर नागरिक का कर्तव्य है। जिला उद्यान अधिकारी ने भी पर्यावरण में पेड़ पौधों का महत्व पर विस्तार से बताया। इस मौके पर अस्तित्व फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा गुप्ता, बेटियां बचाओ बेटियां पढ़ाओ संस्था की अध्यक्ष रेशमा गुप्ता, महिला पतंजलि योग समिति की अध्यक्ष विनीता पाडेय सहित बड़ी संख्या मे समाजसेवी तथा पत्रकार मौजूद रहे। सभी को जय भोले सेवा सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र राठौड़ तथा राष्ट्रीय सचिव पूजा गुप्ता के साथ मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि ने सम्मानित किया।

### पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत आवश्यक

सामाजिक संगठन कछौना पर्यावरण की रक्षा हेतु मुहिम चला रही है। सामाजिक संगठन के वालंटियर्स ने विश्व पर्यावरण दिवस पर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कछौना के सार्वजनिक परिसर में पौधे रोपित कर मनाया। संयोजक अमित कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ती गर्मी से जनजीवन बेहाल है, अगर समय रहते हम लोग नहीं चेते तो गर्मी रिकॉर्ड तोड़ होगी जिसका सीधा असर मानव जीवन पर पड़ेगा। मानव जीवन खतरे में आ सकता है। सनशाइन स्कूल के प्रबंधक ने कहा कि हमारी धरती व जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत आवश्यक है। आधुनिक जीवन में तेजी से विकास से पर्यावरण खतरे में है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं है। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण के संरक्षण हेतु हम सब कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में मुहिम चला रहे हैं।

### वृक्ष धरा के आभूषण और जीवन रेखा

**हरदोई, अमृत विचार।** आओ मिलकर वृक्ष लगाये" वर्तमान में भौतिकवाद के अंधी दौड़ मे विकास के नाम पर लगातार वृक्षों की कटाई के कारण ही पृथ्वी का तापमान दिनोदिन बढ़ता जा रहा है ऋतुचक्र ही अव्यवस्थित हो गया है। यह बात डा. शीर्षेन्दु शील 'विपिन' निदेशक सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित डा. राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अल्लीपुर, विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम में कही। महाविद्यालय की नवीन भूमि पर शील वाटिका की स्थापना की जा रही है, जिसमें वर्ष भर प्रतिदिन कोई न कोई फल प्राप्त हो सके। जिसके लिये आम, अमरूद, केला, लीची, नाशपाती, बेर, अमरख, बेल, आदि पौधों का रोपण किया गया। डा.. शशिकान्त पाण्डेय ने कहा वृक्ष धरा के आभूषण है और जीवन रेखा है वृक्षों के बिना वसुन्धरा सूनी हो जायेगी। डा. विवेक बाजपेई ने कहा धरती पर वृक्ष जीवन दायनी आक्सीजन, फल, फूल आदि जीवनोपयोगी साम्रगी देते है जिसके कारण हम सबका जीवन है विना वृक्षों के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इस अवसर पर आनन्द विशारद, पारुल गुप्ता, प्रियंका यादव, मुकेश कुमार, अशीष मिश्र, सुमन कुशवाहा, मेघा गुप्ता, मनीषा मिश्रा, वैष्णवी पटवा आदि परिजन उपस्थित रहे। सभी ने अपने जीवन कम से कम पांच पौधे लगाकर उनकी वच्चो सी सेवाकर तैयार करे।



पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद अपर जिला जज प्रीति श्रीवास्तव। अमृत विचार

### दीवानी कचहरी में पौधरोपण

हरदोई, अमृत विचार। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर दीवानी कचहरी में जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह ने पौधरोपण करके वातावरण को हरा-भरा रखने की मुहिम चलाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण शुद्ध रखने से जनजीवन पूरी तरीके से बेहतर रहता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से अपर जिला जज प्रीति श्रीवास्तव, सपना त्रिपाठी, अंजलि, श्रद्धा तिवारी समेत अन्य न्यायाधीश रहे।



कछौना में ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते लोग। अमृत विचार

### हरिशंकरी रोपें, संरक्षण करें, पौधा मरा तो लगाने वाले को लगेगा पाप

**हरदोई, अमृत विचार।** धरा को हरा भरा कृषक और श्रमिक बनाते हैं। सरकारी तंत्र लक्ष्य पाने के लिए कोई भी पौधा रोप देता है। जबकि बरगद, पीपल, पाकड़ जैसे मित्र वृक्षों का पौधरोपण बहुत कम किया जाता है। शहीद उद्यान स्थित कायाकल्प केन्द्रम में भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता की थीम के साथ इस बार 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर हमारी भूमि-हमारा भविष्य के नारे के साथ हरिशंकरी सहित कई पौधे रोपित किए गये। कायाकल्प के संस्थापक व सीनियर नेचरोपैथ डा.राजेश मिश्र ने कहा कि पीपल, बरगद व पाकड़ के संयुक्त रोपण को हरिशंकरी कहते हैं। कहा कि जो पौधा लगाकर मरने के लिए छोड़ देगा, उसे सुख, शान्ति नहीं मिल सकती। कहा पौधे स्थावर हैं और हम जंगम हैं। हमारी तरह पौधों में भी आत्मा है। अपने बच्चे की तरह पौधों की देखभाल करने से धरा हरी-भरी होगी। डा.श्री मिश्र ने कहा कि उन्होंने अपने पैतृक बाग का संरक्षण किया। जिले में कई पंचवटी लगाईं। कायाकल्प परिसर में जिले की पहली हरी-भरी नवग्रह वाटिका बनाई, जिसे देखकर मन प्रफुल्लित हो जाता है। कहा कि इतना करने के बाद वे बोलने के अधिकारी हैं। पौधा लगाकर लावारिस छोड़ने वालों को प्रकृति कठोर दण्ड देती है। वरिष्ठ होम्योपैथ डा.सरल कुमार की इच्छा थी कि कायाकल्प में हरिशंकरी रोपित की जाए। बरगद, पीपल आदि सर्वश्रेष्ठ वृक्ष हैं, इसीलिए इन्हें पूजा जाता है। कहा सर्वाधिक ऑक्सीजन भी इनसे मिलती है और हमारा राष्ट्रीय वृक्ष भी बरगद है। उन्होंने अपने-अपने नाम पर हरिशंकरी लगाने की अपील की। कहा इससे सभी का भला होगा। पतंजलि प्रभारी हरिवंश सिंह ने कहा कि अपने बच्चे की तरह पौधों की देखभाल करने से पौधे बड़े होकर वृक्ष का रूप लेते हैं। डॉ श्रुति दिलीरे, डा.अभिषेक पाण्डेय, अनामिका, आशाराम ने हरसिंगार, कदम्ब व तुलसी के पौधे रोपे।

## वट सावित्री का व्रत आज सुहागिनें करेंगी पूजा अर्चना

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जेठ मास की अमावस्या को वट सावित्री व्रत का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। सुहागिन इस दिन अपना सालाना पर्व मनाएंगी। इसको लेकर तैयारियों का दौर पूरे दिन चला।

पूजा सामग्री से लेकर सुहाग की सामग्री और उपवास की सामग्री की व्यवस्था की गई। पूजा में प्रयोग होने वाले खरबूजा, आम, बैंगन आदि फलों की खरीदारी की गई तो वहीं सुहाग का सामान खरीदा गया। इसके साथ पीली रील और अन्य पूजा सामग्री की खरीदारी की गई। वहीं सुहागिनों ने ब्यूटी पार्लर में जाकर खुद को सजाया ताकि अपने सलाना पर्व पर बेहद खूबसूरत दिख सके।

### 50 से 60 रुपये प्रति किलो बिका खरबूजा

वट सावित्री त्योहार में पूजन सामग्री में मौसमी फल खरबूजे का प्रयोग होता है। त्योहार पर इसकी मांग अत्यधिक बढ़ जाती है। बदले समय में लोग पूजा की चीजों को भी अवसर मानते हुए महंगा कर बेचते हैं। पूजा से एक दिन पहले 50 से 60 रुपये प्रति किलो बिका है। यही खरबूजा दो दिन पहले 20 रुपये में बाजार में उपलब्ध था। त्योहार को देखते हुए खरबूजा विक्रेताओं ने भी आंधी के आम लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## सत्येंद्र ने नीट में पाई सफलता

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार

सेवानिवृत्त रेलकर्मी के पुत्र सत्येंद्र कुमार मौर्य निवासी देवनपुर के नीट प्रवेश परीक्षा में सफल होने से परिवार व गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीण क्षेत्र में युवा छात्र ने सीमित संसाधनों में सफलता प्राप्त कर मेडिकल की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए प्रेरणादायक बना।

विकास खंड कछौना की ग्राम सभा पतसेनी देहात के ग्राम देवनपुर निवासी सेवानिवृत्त रेलकर्मी ओमप्रकाश मौर्य के 22 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र कुमार मौर्य ने तीसरे प्रयास में 685 रैंक पाकर नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की। सत्येंद्र कुमार मौर्य ने इंटर तक की शिक्षा जानकी प्रसाद इंटर कॉलेज कछौना से ग्रहण की। बचपन से ही स्वास्थ्य सेवाओं में जाने का लक्ष्य बना रखा था। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं की बदहाल हैं। लोगों का कैसे इलाज के अभाव में जीवन बदहाल है।

सफल प्रतिभागी सत्येंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि बचपन में मां का बीमारी के कारण निधन हो गया था। पिता रेलकर्मी होने के कारण अक्सर बाहर रहते थे। बड़े भाई अरविंद मौर्य के मार्गदर्शन से सत्येंद्र कुमार मौर्य को कुछ अलग और बेहतर करने की ताकत मिली। वर्तमान समय में स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी गंदगी आ गई है। सेवाभाव के स्थान पूरी तरह से व्यावसायिक हो गये हैं। रुपए के खातिर मेडिकल सेवा में कुछ लोग किसी भी हद तक जाने को तैयार हो जाते हैं। हम अपने दया, करुणा, सेवाभाव से लोगों की सेवा करते रहेंगे, जिससे हमारा जीवन सार्थक हो जाए। मेडिकल क्षेत्र की तैयारी कर रहे युवा साथियों से कहना है कि आपका लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए। पढ़ाई में कठिन परिश्रम व निरंतरता बनाए रखें। लक्ष्य को ध्यानगत रखते हुए धैर्यपूर्वक लगे रहें, सफलता निश्चित मिलेगी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों, पिता व बड़े भाई को दिया।



पिता के साथ सत्येंद्र कुमार मौर्य।

आयोजन — श्री कृष्ण जन्म सेवा दल द्वारा आयोजित हुआ हनुमान चालीसा, सुंदर कांड पाठ व शर्बत वितरण

## वीर हनुमाना अति बलवाना, राम नाम रसियो रे...

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पौराणिक कथाओं के अनुसार जनपद को भक्त प्रहलाद की जन्म स्थली और नरसिंह भगवान की प्रकट स्थली माना गया है। ऐसी पावन भूमि पर अपने पचपनवें मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ धार्मिक आयोजन किया। वीर हनुमाना अति बलवाना, राम नाम रसियो रे... जैसे भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया।

द्वितीय बड़े मंगल पर श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री गणेश साईं मंदिर विभूति नगर, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री हनुमान मंदिर कमालगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमऊ, श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां तथा श्री हनुमत धाम शाहजहांपुर में धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में विभूति नगर के श्री गणेश साईं मंदिर में बहनों ने भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति, बजरंग बाण व् आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया। महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा राम स्तुति, बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया व् राहगीरों को शरबत वितरण किया गया। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज में जिला युवा प्रभारी अमन सिंह ने सभी को हनुमान चालीसा व हनुमान अष्टक का पाठ करवाया। पुजारी विश्वास पाठक व पंडित रवि शंकर मिश्रा ने आरती व पूजन अर्चन संपन्न कराया।



मंगलपाठ करती श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

मुफ्त स्वास्थ्य मेला
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
09 जून 2024, रविवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
कैम्प स्थान
श्री हर्ष पाण्डेय आदर्श इण्टर कॉलेज
शाहबाद, हरदोई
में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, दन्त रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग तथा मानसिक रोग आदि।
कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त • सामान्य दवायें मुफ्त
• हड्डी की जाँच (BMD) मुफ्त • ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त
कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें
• खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
• लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
• गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
• हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
• भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
• बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अन्य सुविधायें: 1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।

सिया मिश्रा पुत्री श्री अनुज मिश्रा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में
सौजन्य से :
श्री हर्ष पाण्डेय जी, अनुज मिश्रा, राजकुमार यादव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

# बब्बू के बने हुए सियासी तिलिस्म में फिर उलझ गई भाजपा

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद

**राजनीति**

**हरदोई लोकसभा सीट जीते लेकिन शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में हार गए जयप्रकाश रावत**

**अमृत विचार।** राजनीति की पिच पर जबरदस्त बैटिंग करने वाले माहिर खिलाड़ी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष और शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आसिफ खान के बनाए सियासी तिलिस्म में एक बार फिर भाजपा उलझ कर रह गई। हालांकि भाजपा हरदोई सीट जीतने में कामयाब रही, लेकिन शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की नगर पिच पर नगर पालिका चुनावों की तरह उसे हार का सामना करना पड़ा।

शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने शाहाबाद में चुनाव जितवाने के लिए जबरदस्त कैंपेनिंग की थी। परिणाम स्वरूप भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ता शाहाबाद विधानसभा जीत हासिल करने के लिए पहले से ही असमंजस की स्थिति में थे क्योंकि पिछले चुनाव में जीत हासिल करने के बाद सांसद जयप्रकाश रावत ने शाहाबाद के किसी भी पार्टी कार्यकर्ता को कोई तवज्जो नहीं दी और न ही क्षेत्र में आमद दरफ्त की। परिणाम यह हुआ कि सांसद से पार्टी के कार्यकर्ता नाराज हुए। चुनाव के एन वक्त पर पार्टी ने जब जय प्रकाश रावत को पुनः प्रत्याशी बनाया तो यहां के पार्टी कार्यकर्ताओं को शाक लगा। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता किसी नए चेहरे की चाहत रखते थे, लेकिन पार्टी ने वही पुराना चेहरा थोप दिया, क्योंकि हाई कमान ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी की तन, मन धन से मदद करके विजय श्री दिलाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसी जिम्मेदारी के तहत शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने अपनी विधानसभा जिताने के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखी। सांसद से एलर्जी रखने वाले पार्टी के कार्यकर्ता भले ही सांसद के साथ में न रहे हो लेकिन उच्च शिक्षा मंत्री ने जब-जब पार्टी कार्यकर्ताओं को किसी कार्यक्रम में बुलाया तो सारे कार्यकर्ता उपस्थित हुए। उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देशों का पालन कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने पिछड़ा वर्ग में माहौल बनाने के लिए पिछड़ा वर्ग सम्मेलन किया और पिछड़ा वर्ग के लोगों को साधने की पूरी कोशिश की।

कार्यकर्ता सम्मेलन और तमाम बैठकें कर पार्टी प्रत्याशी को जिताने की अपील की गई, लेकिन चुनाव परिणामों ने सभी को चौंका दिया। पार्टी सूत्र बताते हैं कि सांसद जयप्रकाश रावत ने भी शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में अपनी हार की संभावना जताई थी। उच्च शिक्षा मंत्री की जबरदस्त कैंपेनिंग, पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट करना, सांसद के प्रति कार्यकर्ताओं में आक्रोश समाप्त करना, यानि कुल मिलाकर शिक्षा राज्य मंत्री ने पार्टी प्रत्याशी को जिताने का भरसक प्रयास किया, लेकिन फिर भी शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी को पराजय का सामना करना पड़ा। इसका मुख्य कारण यह है कि यहां पर पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू मुस्लिम बिरादरी के एकमात्र नेता हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के पिछड़ा वर्ग सहित हिंदू समाज में उनका अपना व्यक्तिगत लगाव है। इसी व्यक्तिगत लगाव के चलते ब्राह्मण बाहुल्य मोहल्ला पठकाना में भी सेंधमारी करने में वह कामयाब रहते हैं। श्री खां के लोगों से व्यक्तिगत रिश्ते हैं और उनके सुख-दुख में शामिल होना उनकी आदत में शुमार किया जाता है। कुल मिलाकर अगर यह कहा जाए की आसिफ खान बब्बू ने शाहाबाद में राजनीति का एक अभेद्य दुर्ग बना दिया है जिसे ढहा पाना भाजपा के लिए मुश्किल होता जा रहा है। सारे प्रयासों के बाद भी भाजपा की लगभग 6,000 वोटों से हुई पराजय इस बात का प्रमाण है कि बब्बू का तिलिस्म अभी कम नहीं हुआ है।

### विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की 6000 मतों से हार

2017 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रजनी तिवारी शाहाबाद नगर क्षेत्र में पीछे रहीं, 2022 के चुनाव में भी लगभग 5400 वोटो से पीछे रहे। 2023 में हुए नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को पराजय का सामना करना पड़ा और बब्बू की पत्नी नसरीन बानो जीतीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को 6000 मतों से हार झेलनी पड़ी।

## एक नजर

### शराब के साथ गिरफ्तार कर युवक को भेजा जेल

**हरदोई।** पुलिस ने एक युवक को देशी शराब के विंडीज़ और मज़ेदार ब्रांड के 20 पौवों के साथ गिरफ्तार कर लिया। टड़ियावां थाने में तैनात एसआई नंदकिशोर तिवारी व कांस्टेबिल अतुल कुमार ने बुधवार को खेरिया तिराहे से खेरिया जाने वाले रास्ते पर संजय दीक्षित पुत्र शिवशंकर दीक्षित निवासी उनौती को गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से देशी शराब के विंडीज़ व मज़ेदार ब्रांड के 20 पौवे बरामद किए है। तकरीबन चार लीटर शराब की बरामदगी होना बताई गई है।

### चोर को भेजा गया जेल

**टड़ियावां, हरदोई।** भैंस चोरी के मामले में फरार चल रहे दो चोरों को पुलिस ने बाबूपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाल अशोक कुमार सिंह ने बताया कि भैंस चोरी के मामले के अभियुक्त ग्राम लालपुर भैंसरी निवासी मानसिंह और शानू निवासी मोहल्ला अचार्जन कस्बा व चौकी गोपामऊ को मुखबिर की जानकारी पर थाने के एसआई मुकुट सिंह ने अपनी टीम के साथ ग्राम बाबूपुर मोड़ के पास गिरफ्तार किया है। कोतवाल श्री सिंह ने बताया कि दोनों आरोपितों को जेल भेजा गया है।

### रिक्शा चालक ने लगाया मारपीट का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला अल्लाहपुर में एक रिक्शा चालक को मामूली विवाद के चलते दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना की लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। क्षेत्र के ग्राम जमालपुर निवासी संजय कुमार पुत्र श्रीकृष्ण ने बताया कि वह नगर में ई रिक्शा चलाता है। बुधवार को 3 बजे साथी का रिक्शा खराब हो जाने से उसे बांध कर वह बनवाने अल्लाहपुर जा रहा था। तिराहे के पर गोपाल पान वाले की दुकान के पास उसने रिक्शा खड़ा कर दिया। विपक्षी गोपाल ने जाति सूचक गाली गलौज करते हुए रिक्शा हटाने के लिए बोला। गाली देने से मना करने पर गोपाल ने अपने पिता मां और भाई के साथ मिलकर उसे मारा पीटा। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है।

### हनुमान चालीसा का पाठ कर बांटा राहगीरों को शर्बत

**हरदोई, अमृत विचार।** मंगलवार को कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया। इसके बाद राहगीरों को शरबत वितरण किया गया। इस मौके पर श्री कृष्ण जन्म सेवा दल की महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव, सावित्री आदि सदस्य शामिल रहे।

### पालिटेक्निक के पास खाईं में पड़ा मिला शव

**हरदोई, अमृत विचार।** बावन रोड पर पालिटेक्निक के पास खाईं में युवक का शव पड़ा होने से हड़कंप मच गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने उसे अपने कब्ज़े में लिया और वहां आस-पास के लोगों से इस बारे ज़रूरी पूछताछ कर रही है। बुधवार की शाम को कोतवाली शहर की बावन रोड पर पालिटेक्निक के पास खाईं में 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ देख कर उधर रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। शव देखने के लिए वहां काफी लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। सिर्फ अंडर वियर पहने युवक का शव कई दिन पुराना लग रहा था। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने उसे अपने कब्ज़े में लिया और इस बारे में कुछ जरूरी पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

## अपने बूथों का हाल बताते रहे कार्यकर्ता, सपा कार्यालय पर रहा सन्नाटा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की मतगणना संपन्न होने के बाद चुनाव जीतने वाले भाजपा के जयप्रकाश रावत व अशोक रावत के यहां बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। एक दूसरे का मुंह मीठा करते लोग दिखाई पड़े। जयप्रकाश पार्टी कार्यालय पर भी पहुंचे, जहां जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के साथ वहां कई नेता मौजूद रहे। कार्यालय पर पहुंच कर कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर मिले वोटों के बारे में जानकारी दी।

मतगणना के बाद भाजपा खेमा उत्साहित दिखा। यहां भाजपा के दोनों प्रत्याशी जीत गए। अजीत सिंह बब्बन के जिलाध्यक्ष बनने के बाद उनके नेतृत्व में यह लोकसभा का पहला चुनाव था, जिसमें दोनों प्रत्याशियों के जीतने से उनका भी रुतबा कायम हो गया। मतगणना के बाद जयप्रकाश के आवास व पार्टी कार्यालय पर तमाम लोग बधाईयां देने पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर मिले वोटों का विवरण नेताओं को बताते दिखे।

वहीं सपा कार्यालय पर सन्नाटा दिखाई पड़ा। जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पार्टी कार्यालय पर मौजूद दिखे, वहीं पर कुछ कार्यकर्ता भी अपने बूथों का हाल बताने पहुंचे। सपा प्रत्याशी रही पूर्व सांसद ऊषा वर्मा के आवास पर भी कार्यकर्ता पहुंचे। श्रीमती वर्मा ने कार्यकर्ताओं के द्वारा की गई मेहनत पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार-जीत चलती रहती है, लेकिन कार्यकर्ताओं ने जो मेहनत की वह काबिलयत तारीफ थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा। जिले में भी कार्यकर्ताओं ने जीतोड़ मेहनत की।



जयप्रकाश को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई देते समर्थक। अमृत विचार




सपा कार्यालय पर बैठे लोग। अमृत विचार

### आबकारी मंत्री ने जनता का जताया आभार

**हरदोई, अमृत विचार।** हरदोई और मिश्रिख शीट से भाजपा की जीत के बाद आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जनता और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए आभार जताया। सोशल मीडिया के माध्यम से आभार की पोस्ट शेयर होते ही भाजपाई खासे उत्साहित दिखे। अपनी फेसबुक पर की गई पोस्ट में नितिन अग्रवाल ने कहा कि मैं ह्दय से आप सभी की कृतज्ञ हूं कि लोकसभा के इस चुनाव में आपने हर बार की तरह मुझमें अपना विश्वास एक बार फिर व्यक्त किया। मेरे निवेदन पर आप लोगो ने दोनो प्रत्याशियों को जितवाया। जिसका मैं हमेशा आभारी रहूंगा। एक-एक कार्यकर्ता और सम्मानित जनता ने जिस तरह दोनों प्रत्याशियों की जीत के लिए परिश्रम किया, उसके लिए मैं सच्चे मन से सबका आभारी हूं। फिर लिखा कि मेरा जीवन आप सबके सामने एक खुली किताब की तरह रहा है। मैंने अपने इस वृहद परिवार का हर तरह से ख्याल रखने का हमेशा प्रयास किया है आपके समर्थन और विश्वास की शक्ति के सहारे भाजपा देश की नंबर एक पार्टी है। आपसे मिले प्रेम, स्नेह और समर्थन के लिए मैं आपको दिल से धन्यवाद देता हूं।

### हरदोई लोकसभा क्षेत्र : किसे, कितने मिले वोट



हरदोई लोकसभा में कुल 11,00,116 मतों की गिनती हुई। भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश को 4,85,745 मत प्राप्त हुए। सपा की ऊषा वर्मा को 4,57,553 जबकि बसपा के बीआर अंबेडकर को मात्र 1,22,334 वोटों से संतोष करना पड़ा। निर्दलीय शिवकुमार को 4898, पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया डेमोक्रेटिक के श्याम कुमार को 4200, निर्दलीय सुनील कुमार वर्मा को 3821, निर्दलीय इंद्रपाल को 2946, नारी नर रक्षक पार्टी के मुन्ना लाल को 1589, निर्दलीय ओम प्रकाश को 1561, निर्दलीय अवधेश कुमार को 1424, भारतीय कृषक दल के प्रदीप कुमार को 1354, लोकजन संघर्ष पार्टी के ब्रम्हा प्रसाद को 1140 मत प्राप्त हुए, जबकि 8814 लोगों ने नोटा का बटन दबाया।

#### विधानसभावार वोटों का विवरण

| सांडी विधानसभा | | |
|---|---|---|
| पार्टी | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
| भाजपा | जय प्रकाश | 80125 |
| सपा | ऊषा वर्मा | 86284 |
| बसपा | बीआर अंबेडकर | 25283 |
| कुल वोट | -- | 1,98,215 |
| नोटा | -- | 1771 |
| **गोपामऊ विधानसभा** | | |
| पार्टी | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
| भाजपा | जय प्रकाश | 89087 |
| सपा | ऊषा वर्मा | 91771 |
| बसपा | बीआर अंबेडकर | 27220 |
| कुल वोट | -- | 2,14,818 |
| नोटा | -- | 1769 |
| **सवायजपुर विधानसभा** | | |
| पार्टी | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
| भाजपा | जय प्रकाश | 112440 |
| सपा | ऊषा वर्मा | 93303 |
| बसपा | बीआर अंबेडकर | 21299 |
| कुल वोट | -- | 233493 |
| नोटा | -- | 1753 |
| **हरदोई विधानसभा** | | |
| पार्टी | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
| भाजपा | जय प्रकाश | 111932 |
| सपा | ऊषा वर्मा | 87864 |
| बसपा | बीआर अंबेडकर | 22574 |
| कुल वोट | -- | 228772 |
| नोटा | -- | 1916 |
| **शाहाबाद विधानसभा** | | |
| पार्टी | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
| भाजपा | जय प्रकाश | 92161 |
| सपा | ऊषा वर्मा | 98331 |
| बसपा | बीआर अंबेडकर | 25858 |
| कुल वोट | -- | 222024 |
| नोटा | -- | 1569 |

### मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र

मिश्रिख लोकसभा में कुल 10,51,983 मतों की गिनती हुई। भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत को 475016 मत प्राप्त हुए। सपा प्रत्याशी संगीता राजवंशी को 441610 मत मिले, जबकि बसपा प्रत्याशी बीआर अहिरबार को मात्र 111945 वोटों से संतोष करना पड़ा। निर्दलीय रामपाल को 3978, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के ललित कुमार 3815, निर्दलीय नीलम सिंह को 2905, नारी नर रक्षक पार्टी की वंदना वर्मा को 1912, निर्दलीय अवधेश को 1423, राष्ट्रीय जनशक्ति समाजवादी पार्टी की सावित्री देवी को 1350 तथा 8029 लोगों ने नोटा का बटन दबाया।

#### मिश्रिख विधानसभावार विवरण

| बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा | | |
|---|---|---|
| पार्टी | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
| भाजपा | अशोक रावत | 97089 |
| सपा | संगीता राजवंशी | 91552 |
| बसपा | बीआर अहिरवार | 26038 |
| कुल वोट | -- | 219700 |
| नोटा | -- | 1886 |
| **बालामऊ विधानसभा** | | |
| पार्टी | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
| भाजपा | अशोक रावत | 86408 |
| सपा | संगीता राजवंशी | 79429 |
| बसपा | बीआर अहिरवार | 19660 |
| कुल वोट | -- | 190455 |
| नोटा | -- | 1741 |
| **संडीला विधानसभा** | | |
| पार्टी | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
| भाजपा | अशोक रावत | 99721 |
| सपा | संगीता राजवंशी | 74117 |
| बसपा | बीआर अहिरवार | 15332 |
| कुल वोट | -- | 193572 |
| नोटा | -- | 1541 |

### सरकारी कार्यालयों में रहा सन्नाटा

**हरदोई, अमृत विचार।** मतगणना के बाद जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, सीडीओ सौम्या गुरुरानी निर्वाचन कार्यालय में बुधवार को डटे रहे। वहां उन्होंने निर्वाचन संबंधी तमाम कार्यों को निपटाया, वहीं तमाम कार्यालयों में मतगणना के बाद छुट्टी सा माहौल दिखा। मतगणना के दिन सुबह चार बजे से ही अधिकारी- कर्मचारी मंडी स्थल पहुंच गए थे। मतगणना समाप्त होने के बाद प्रमाण पत्र आदि वितरित करने के उपरांत कार्य निपटाते हुए रात का लगभग 11 बजे गया। मतगणना में लगे तमाम कर्मचारी थकान मिटाते रहे। इस कारण कलेक्ट्रेट, विकास भवन व अन्य सरकारी कार्यालयों में इक्का-दुक्का कर्मचारी ही देखने को मिले। बैंकों में भी कर्मचारियों की संख्या काफी कम दिखी, क्योंकि बैंक के तमाम कर्मचारी मतगणना में लगाए गए थे।



सरकारी कार्यालय में इक्का-दुक्का अधिकारी ही रहे मौजूद। अमृत विचार

# हरदोई, मिश्रिख दोनों सीटों पर नरेश फैक्टर रहा कामयाब

संवाददाता, हरदोई



नरेश अग्रवाल।

**भाजपा के दोनों सांसदों की जीत में निभाया अहम रोल**

**अमृत विचार।** जिले की दोनों सीटों पर भाजपा ने अपना जीत का परचम लहराया है। जहां जयप्रकाश रावत सदर सीट से पांचवीं बार तो वहीं अशोक रावत चौथी बार संसद पहुंचे हैं। इस बार इन दोनों ही सीटों पर कद्दावर नेता नरेश अग्रवाल का सेक्टर एक बार फिर रंग लाया है।

सदर सीट की बात की जाए तो यहां की सीट पर 24000 से अधिक मतों से भाजपा को बढ़त हासिल हुई है। बीते पांच दशकों से राजनीति की पुरोधा के रूप में कद्दावर नेता नरेश अग्रवाल माने जाते हैं और केवल लोगों का मानना ही नहीं बल्कि समय-समय पर श्री अग्रवाल यह साबित भी करते रहे हैं। चाहे पक्ष हो या विपक्ष हो हर समय पर श्री अग्रवाल ने अपना रुतबा कायम रखा है। इस बार के लोकसभा चुनाव में सदर सीट जिस प्रकार से भाजपा नेता नरेश अग्रवाल व बेटे मंत्री नितिन अग्रवाल ने चुनावी जनसभाएं की और चुनाव को बेहतर ढंग से लड़ा। उसी का नतीजा यह है कि सदर सीट से सांसद जयप्रकाश रावत को जीत का परचम लहराया है। श्री अग्रवाल ने सदैव चुनाव को चाहे वह स्वयं लड़ा हो चाहे किसी को लड़ाया हो अपना पूरा दमखम दिखाया है और पूरे दमखम के साथ ही उन्होंने चुनावी समर में कड़ी आजमाइश की है।

इसी का नतीजा सकारात्मक आया है सदर सीट पर भाजपा को मिली बढ़त ने उन्हें इस कामयाबी का ताज दिलाया है। बात की जाए सवायजपुर क्षेत्र से विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने भी कड़ी मेहनत करके भाजपा को 19000 से अधिक मतों की बढ़त दिलाई और जीत को कंफर्म किया है। वही बात मिश्रिख लोक सभा सीट की की जाए तो इस सीट पर भी क्योंकि तीन विधानसभा क्षेत्र हरदोई जनपद के हैं इस कारण इन तीनों पर भी कद्दावर नेता नरेश अग्रवाल ने जमकर मेहनत करके भाजपा को जीत का सेहरा बंधाया है। एक बार फिर उन्होंने साबित कर दिया है कि जैसा की जनपद वासी उन्हें कहते हैं कि वह बन मैन शो है तो इस कथन में किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं रह गया है।



भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ बैठे कार्यकर्ता। अमृत विचार

### कार ने किशोरी व अधेड़ को मारी टक्कर

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे बैंक ऑफ इण्डिया के सामने तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार किशोरी और अधेड़ को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों लोग घायल हो गए। बुधवार की शाम बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मल्लावां के सामने तेज रफ्तार हरियाणा नंबर की कार ने सड़क पार कर रही साइकिल सवार प्रांशी 15 वर्षीय पुत्री संदीप निवासी कुतवापुर को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर पास की दुकानों के पास जा घुसी, जिससे दुकान पर काम करने वाले मोहन लाल (65) निवासी मोहिउद्दीनपुर भी घायल हो गए। ऐसे में पास में खड़ी फुरकान, अबजल की बाइक भी छति ग्रस्त हो गईं। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुलिस द्वारा भर्ती कराया गया । पुलिस गाड़ी चालक से पूछताछ कर रही है।

### चाट विक्रेता के यहां की गई सैंपलिंग

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के उधरनपुर मोहल्ले में खाद्य विभाग के सुरक्षा अधिकारी द्वारा औचक छापा मारकर कर एक चाट विक्रेता के यहां नमूना लिया। खाद्य विभाग के निरीक्षक खुशी राम ने बताया उधरनपुर के गेट नंबर 3 के निकट चाट बेचने वाले विनय कुमार के बारे में काफी दिनों से शिकायत प्राप्त हो रही थी। बुधवार को उनकी टीम के द्वारा छापा मारकर आलू मटर और खटाई का नमूना लिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी। खाद्य विभाग की इस छापा मार कार्यवाही से उधरनपुर मोहल्ले में चाट और मिठाई बेचनेवालों में हड़कंप मचा रहा। खाद्य विभाग की टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत सिंह भी शामिल रहे।

### आंधी में दीवार गिरी, अधेड़ की दबकर मौत

**हरदोई/माधौगंज, अमृत विचार।** आंधी में दीवार गिरने से अधेड़ उसके नीचे दब गया। इसका पता होते ही आनन-फानन में उसे मलबे से बाहर निकाल कर सीएचसी ले जाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्तें में ही मौत हो गई। बुधवार की सुबह माधौगंज थाने के कौड़ियापुर मजरा शुक्लापुर निवासी 50 वर्षीय सुरेश पाल घर में नाश्ता कर रहा था,उसी बीच तेज़ आंधी में उसी के घर की दीवार उसके ऊपर गिर पड़ी। सीएचसी ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मेहनत-मज़दूरी करने वाले सुरेश पाल के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे राहुल,लालजी,विकास और एक बेटी पाकीज़ा है। उनमें से दो बेटों और बेटी की शादी हो चुकी है।

### रामबहोरे अधिवक्ता सुरक्षा परिषद के मंडल अध्यक्ष बने

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के हरियाली पेट्रोल पंप के निकट रहने अधिवक्ता रामबहोरे को मंडल प्रभारी द्वारा अधिवक्ता सुरक्षा परिषद का मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है। अधिवक्ता सुरक्षा परिषद के उत्तर प्रदेश प्रभारी और संस्थापक दीपक बाबू की संतुति पर परिषद के मंडल प्रभारी ज्ञान प्रकाश पाल ने कस्बे निवासी अधिवक्ता राम बहोरे को सुरक्षा परिषद का मंडल अध्यक्ष मनोनित किया है।

# यात्रियों की बढ़ी संख्या से रेलवे हुआ मालामाल, सुविधाएं बदहाल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन की आय बढ़ाने का दावा स्थानीय अधिकारी कर रहे हैं, लेकिन इस दावे के साथ यात्रियों को सुविधा देने के नाम पर डीआरएम ऑफिस से लेकर स्थानीय रेल अधिकारियों चुप्पी साध जाते हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन से लेकर अनारक्षित टिकट के लिए जारी क्यूआर कोड से रेलवे की आमदनी बढ़ी है। साथ ही स्कूलों में शुरू हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की संख्या में इजाफा किया हैं।

हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। कोरोना संक्रमण के दौरान कम हुई संख्या एक बार फिर वापस लौट आई है। साथ ही इस बार यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों के मुकाबले काफी अधिक देखने को मिल रही है, लेकिन इन सब के बीच जहां रेल यात्री रेलवे को अच्छा राजस्व दे रहे हैं। यात्रियों से रेलवे प्रति माह अच्छा राजस्व प्राप्त कर रहा है, वही सुविधाओं के नाम पर यात्रियों को रेलवे कुछ नहीं दे रहा। हाल यह है कि हरदोई रेलवे स्टेशन पर ज्यादातर यात्री प्लेटफार्म पर बैठ लेते नजर आएंगे। ऐसा भी नहीं है कि हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों हो रही समस्या डीआरएम ऑफिस में बैठे अधिकारियों के संज्ञान में ना हो।

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से हुई आय में 10 लाख रुपए की बढ़ोतरी हुई है। हरदोई रेलवे स्टेशन से 65 लाख रुपए की आमदनी रेलवे को एक माह में आरक्षित टिकटों से हुई है। हरदोई रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन लगभग 33 जोड़ी ट्रेनों का संचालन होता है, जिसमें लोग आरक्षित और अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करते हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन से अप्रैल में 14430 यात्रियों ने आरक्षित टिकटों की पर यात्रा की थी, जिससे रेल प्रशासन को लगभग 56 लाख रुपए की आमदनी हुई थी जो कि मई में बढ़कर 65 लाख 58 हजार रुपए पहुंच गई। मई में 17140 यात्रियों ने आरक्षित श्रेणी की टिकट से यात्रा की, लेकिन जब इन यात्रियों को स्टेशन पर मिलने वाली सुविधा की बात आती है तो हरदोई रेलवे स्टेशन के सामान्य प्रतीक्षालय में भीषण गर्मी में भी यात्रियों को अब तक कूलर की सुविधा नसीब नहीं हो पाई है। रेलवे को प्रति माह लाखों रुपए का राजस्व देने वाले यात्रियों को रेल प्रशासन एसी तो छोड़िए कूलर तक की व्यवस्था देने में पीछे है। एक मई को डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार सिंह ने निरीक्षण किया था।

निरीक्षण के दौरान हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया था पर डीआरएम को यात्रियों को गर्मी में हो रही समस्या नजर नहीं आई, वहीं अभी कुछ दिन पूर्व डीआरएम ऑफिस के एसीएम आशीष गुलाटी ने हरदोई रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।



स्टेशन पर यात्रियों की भीड़। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### हिन्दू-मुस्लिम सब मिलजुल कर साथ रहें

**बावन, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बा स्थित हजरत मखदूम जहानिया जहांन गस्त रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह में चार दिवसीय सालाना उर्स-ए-पाक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। उर्स का आयोजन अंजुमन यादगारे हुसैन कमेटी द्वारा किया गया। जिसमे हजारों की तादात में जायरीनों ने मजार शरीफ पर चादर और गुलपोशी कर दुआए खैर मांगी फातिहा के बाद लंगर तकसीम किया गया। उर्स के आखिरी दिन मंगलवार रात जवाबी कव्वाली में कव्वाल तस्लीम आसिफ और लेडीज कव्वाला बेबी डिस्को और जारा डिस्को का शानदार मुकाबला हुआ। कव्वाली के दौरान कव्वाल तस्लीम आसिफ ने शेर पढ़ा- इश्के नबी ईमान बना दे या अल्लाह, सीने में कुरआन बसा दे या अल्लाह, हिन्दू मुस्लिम साथ रहें सब मिलजुल कर ऐसा हिन्दुस्तान बना दे या अल्लाह। इसके अलावा वली अल्लाह व बुजुर्गों की दुआओं को अहम बताकर कव्वाली के माध्यम से प्रस्तुत किया। रात भर लोगों ने जवाबी कव्वाली का लुफ्त उठाया और सुबह फातिहा के साथ उर्स का समापन हुआ। शांतिपूर्ण ढंग से उर्स सम्पन्न होने पर कमेटी अंजुमन यादगारे हुसैन ने सभी का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि धर्मेश कुमार मिश्रा, इरशाद खान, जीशान खान, मेराज खान, अलीम खान, मोबीन मंसूरी, यामीन खान, मोबीन खान, हमीदुल इस्लाम, आरिफ खान, मुन्ना खान, भोला खान, नजाबत खान, कामरान खान, आसिफ कुरैशी, गोलू खान सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

### गौशाला में अव्यवस्थाएं, मृत गौवंश को नोच रहे कुत्ते

**हरदोई अमृत विचार।** बेज़ुबान मवेशियों को ठिकाना देने के लिए यूपी की योगी सरकार ने गांव-गांव गौशाला बनवा कर तैयाल कराई और उनके खान-पान व रहन-सहन के बंदोबस्त के लिए खूब खज़ाना भी लुटाया,लेकिन फिर भी की जा रही अनदेखी की वजह से गौशाला में बंधे बेसहारा और बेज़ुबानो का हाल बे-हाल है। गौशालाओं में बंध कर रखे गए बेज़ुबान बिना चारा-पानी और इलाज के अभाव में दम तोड़ने की कगार पर हैं। इतना ही नहीं मरणासन्न गायों की व्यवस्था नहीं होने की वजह से उन्ही गौशालाओं में आवारा कुत्ते और चील-कौवे उन्हे नोंचते हुए दिखाई दिए। ऐसा हाल हरियावां ब्लाक के मनीपुर की गौशाला में देखने को मिला। तेज धूप में भूख प्यास से तड़प कर मरणासन्न हालत में पहुंच चुके गोवंशो को कुत्ते और चील-कौवे नोंच रहें हैं। हरियावां ब्लाक की ग्राम पंचायत कटिघरा के पास मनीपुर की गौशाला का। पता चला है कि यहां तीन दिनों से लगातार भूख प्यास से तड़प-तड़प कर गाय मरणासन्न हालत में मौत की कगार से गुज़र रहीं है।

# पौधे लगाएं और संरक्षित भी करें

## विश्व पर्यावरण दिवस पर उपवन क्षेत्राधिकारी ने सूर्यकुंड मंदिर में किया पौधरोपण

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** स्थानीय सामाजिक वानिकी वन प्रभाग ने क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रजाति पाकड़, बरगद, आम आदि के पौधों का रोपण किया। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बुधवार को क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर अकबरपुर में एक दर्जन से अधिक पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर उपवन क्षेत्राधिकारी हरीश श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि सभी को एक-एक पौधे का रोपण अवश्य करना चाहिए, उन्होंने इस मौके पर लगाए गए पौधों को संरक्षित रखने के लिए लोगों को संकल्प दिलाया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। पर्यावरण दिवस के अवसर पर लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट के तहत उप वन क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए सभी को प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर दिनेश पटेल विधानसभा अध्यक्ष अपना दल यस, वन दरोगा राजकुमार, वन दरोगा अरविंद गिरी, वन दरोगा ओमप्रकाश, इंद्रवली वनरक्षक, राम प्रकाश सिंह, कृष्ण पाल सिंह, प्रधान रमेश यादव, प्रधान प्रशांत वर्मा, प्रधान कुलदीप वर्मा, राजेंद्र प्रसाद उर्फ पहुना, हरिद्वारी लाल सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।


सूर्यकुंड मंदिर में पौधे का रोपण करते अधिकारी। अमृत विचार

▸▸ प्लास्टिक का प्रयोग न करने का दिलाया संकल्प


पार्क में पौधरोपण करते कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही। अमृत विचार

## कारागार राज्यमंत्री ने वेस्ट टू वंडर पार्क में किया पौधरोपण

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने दुबे तालाब के पास स्थित पार्क में नगर पंचायत हरगांव द्वारा बनाए जा रहे वेस्ट टू वंडर पार्क में पौधरोपण किया। कारागार राज्यमंत्री ने वेस्ट टू वंडर पार्क का निरीक्षण भी किया और इस पार्क को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए। इस अवसर पर नगर पंचायत हरगांव अध्यक्ष गफ्फार खान व अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्र, अहिवरन लाल, दीपक कुमार, मोहम्मद फरीद, कामरान, आसिफ, अभिषेक मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## जन्मदिन पर कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाएं बच्चे

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों व सार्वजनिक स्थलों पर पौधे रोपित किए गए।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्र अंतर्गत गोंडा देवरिया स्थित बाबा बालकराम इण्टर कालेज परिसर में प्रधानाचार्य एबी सिंह ने श्रीराधा गौशाला में कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर व विकास खण्ड परिसर में एडीओ पंचायत ज्ञानेंद्र कुमार ने पौधरोपण किया। प्रधानाचार्य एबी सिंह ने बताया कि पर्यावरण को समृद्ध करने वाले पीपल, बरगद,नीम, पाकड़ व आम जैसे पौधे गर्मी को काफी कम करने में सहायक हैं। उन्होंने उपस्थित बच्चों से कहा कि वे अपने जन्मदिन के अवसर पर कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाएं।

## मानव संसाधन विभाग टीम ने रोपित किए 101 पौधे

**सीतापुर, अमृत विचार।** डालमिया भारत सुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड इकाई जवाहरपुर मे मानव संसाधन विभाग टीम के संयुक्त प्रयास से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डालमिया चीनी मिल के परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। डालमिया भारत सुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड इकाई जवाहरपुर के मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि विभागाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, आशीष बंसल, सुधीर वर्मा, आदि सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपने कर्मचारियों के साथ वृक्षारोपण किया। पर्यावरण में होते बदलाव और वृक्षारोपण से होने वाले फायदे के बारे में सभी को अवगत कराया गया।

# पर्यावरण दिवस पर न्यायाधीशों ने लगाए पौधे

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायालय परिसर में पौधरोपण का आयोजन किया गया।

आयोजन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष मनोज कुमार-तृतीय , जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय राम नगीना यादव, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण शकील उर्र रहमान खान, ज्ञान प्रकाश-तृतीय अपर जिला जज, कोर्ट संख्या-01 महेन्द्र सिंह चतुर्थ समेत अन्य न्यायिक अधिकारियों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम का समन्वय अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने किया। जिसमें वन विभाग की टीम ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उक्त समस्त न्यायिक अधिकारीगणों ने अपना-अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया। साथ ही इस दौरान आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई का भी प्रचार-प्रसार किया गया।


न्यायालय परिसर में पौधरोपण करते न्यायाधीश। अमृत विचार

## पर्यावरण को हरा भरा बनाने का दिया संदेश

**कमलापुर सीतापुर, अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस के सुभ अवसर पर सिधौली रेंज की वन पौधशाला दाउदपुर के वन दरोगा रामसेवक वर्मा व भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलापुर आशुतोष मिश्र ने संयुक्त रूप से नेशनल हाइवे के किनारे स्थित सुप्रसिद्ध प्राचीन कुलीगंज बाबा स्थान पर पीपल, नीम, आम ,कदम, पाकर के पौधे लगाकर पर्यावरण को हरा भरा सुन्दर बनाने का संदेश दिया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि दाउदपुर कौशल किशोर भार्गव, वन रक्षक शुभम, मनोज कुमार, माली संकटा प्रसाद, जैविंद यादव, शकीर, मंडल मीडिया प्रमुख आदर्श पाण्डेय, बूथ अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा,रामनरेश सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# पर्यावरण के प्रति बच्चों को किया जागरूक

तंबौर, सीतापुर

**अमृत विचार।** स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित वॉश अप कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक बेहटा में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की थीम भूमि पुर्नस्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा प्रतिरोध थी, जिसके अंतर्गत 3 जून से 5 जून तक ग्राम पंचायत मरसंडा, मुगलपुर और पिडुरिया में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इन गतिविधियों में सामुदायिक बैठक, पौधरोपण, बच्चों के साथ नारा लेखन, और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार भी प्रदान किए गए। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गोविंद सेन ने बताया कि वॉश अप कार्यक्रम बेहटा ब्लॉक के 46 प्राथमिक विद्यालयों में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, लिंग समानता एवं साफ-सफाई व्यवहारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इसके लिए विद्यालयों के शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की टीएलएम सामग्री प्रदान की गई है, जिससे बच्चे संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के बारे में सीख सकें।


प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बच्चों के साथ ब्लॉक कोआर्डिनेटर। अमृत विचार

# हीट वेव के कारण निरस्त किसान पाठशालाओं का आयोजन आज से

संवाददाता, सीतापुर

▸▸ 19 जून तक शाम 4 से 7 बजे तक चलेंगी किसान पाठशालाएं

**अमृत विचार।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए शासन द्वारा निरस्त की गयी किसान पाठशालाओं के आयोजन की तिथियां पुनः निर्धारित कर दी गयी हैं। पाठशालाओं का आयोजन अब 6 जून से बदले हुए समय के अनुसार सायं 4 बजे से 7 बजे तक किया जाएगा।

प्रदेश सरकार द्वारा आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में द मिलियन फार्मर्स स्कूल कार्यक्रम की शुरुआत की गयी थी, जिसके अन्तर्गत खेती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सीजन खरीफ तथा रबी की शुरुआत में किसान पाठशालाओं का आयोजन कर किसानों को कृषि, पशुपालन, गन्ना, उद्यान मत्स्य आदि विभागों के कार्मिकों द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण के साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाती है।

किसान पाठशालाओं में किसानों को जनपद की प्रमुख खरीफ फसलों की उत्पादन तकनीकी से अवगत कराया जायेगा। सभी किसान पाठशालाओं में कृषि के साथ ही पशुपालन, उद्यान, गन्ना एवं अन्य अनुषांगिक विभागों के प्रतिनिधि अपने विभाग द्वारा चलायी जा रही प्रमुख योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

# तीन घरों से लाखों की चोरी

हरगांव, सीतापुर

▸▸ ग्रामीणों ने एक संदिग्ध को पकड़ा हरगांव थाना क्षेत्र के सकलनपुर गांव का मामला

**अमृत विचार।** हरगांव थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात तीन घरों को चोरों ने अपना निशाना बनाया। एक ही रात तीन घरों में हुई चोरी से गांव वाले दहशत में आ गए हैं। जानकारी होने पर बुधवार तड़के सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

थाना क्षेत्र के सकलनपुर गांव निवासी अमरीश के घर की चहारदीवारी से छत पर चढ़कर नीचे प्रवेश कर गये और कमरे में रखी अलमारी का लॉकर व बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखे करीब चार लाख से अधिक के जेवरात, 22 सौ रुपये नकद तथा कमरे में रखे माल के बर्तन उठा ले गए। घटना के समय घर के सभी सदस्य सोए हुए थे। इसके बाद चन्द्रभाल के मकान से चोर चार हजार रुपये नकद उठा ले गए। उधर चोरों ने तीसरी चोरी की घटना को भी इसी गांव में अंजाम दिया। चोरों ने रामगुलाम के घर के घुसकर एक हजार की नकदी सहित करीब बीस हजार का माल पार कर दिया। एक ही गांव में आसपास के तीन घरों में एक के बाद एक चोरी की घटनाओं को चोर अंजाम देते रहे और कानोंकान किसी को भनक तक नहीं लगी। तड़के सुबह शौच जा रही महिलाओं को अमरीश के घर के करीब दो संदिग्ध व्यक्ति दिखायी दिये और महिलाओं को देखकर भागने लगे तो महिलाओ ने शोर मचाया। ऐसे में शोर सुनकर ग्रामीणों ने दौड़ाकर एक संदिग्ध को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया और दूसरा भागने में सफल हो गया।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि मौके पर मय पुलिस फोर्स गया था। जांच पड़ताल की जा रही है। पकड़ा गया संदिग्ध अशोक सकलनपुर के पड़ोसी गांव नौनेरी का ही है, उससे पूछताछ की जा रही है।


चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान।

## आईटीआई में कैंपस ड्राइव का आयोजन 11 को

**सीतापुर, अमृत विचार।** आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार/अप्रेन्टिसशिप प्रदान करने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर में 11 जून मंगलवार को प्रातः 9.30 बजे सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, बी-1 सेक्टर-81 फेज-2 नोएडा द्वारा एक कैम्पस ड्राइव का आयोजन संस्थान में किया जा रहा है। प्रधानाचार्य अवधेश सिंह ने बताया कि इसमें आईटीआई उत्तीर्ण वर्ष 2021, 2022 और 2023, उम्र 18 से 24 वर्ष आईटीआई ट्रेड इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, मैकेनिक उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, आईसीटीएसएम, आरएसी, वायरमैन केवल पुरुष की रिक्तियों के लिए टेस्ट/साक्षात्कार चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

## सार-संक्षेप


श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में बैठक करते विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी।

### हिंदू स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया योगी का जन्मदिन

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** नगर के खत्रीयाना चौराहा स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में बुधवार को विश्व हिंदू महासंघ की एक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में गौ रक्षा पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ महाराज का 53वां जन्मदिन हिंदू स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर उनके दीर्घायु होने की प्रार्थना की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में विश्व हिंदू महासंघ 5 जून बुधवार से आगामी 11 जून तक गौ रक्षा पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ का जन्म दिन, हिंदू स्वाभिमान दिवस के रूप में मनायेगा। इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जिला संयोजक सत्य प्रकाश कटिहार, जिला उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, मुकुंदे लाल त्रिवेदी, निरंकार मल्होत्रा, श्रीनारायण मेहरोत्रा, राजेश मिश्रा, योगेश शुक्ला, सत्येंद्र सिंह चौहान, राज किशोर विश्वकर्मा, सच्चिदानंद मिश्र, आलोक शुक्ला, नरेश पांडे, भानु शुक्ला, पंकज जयसवाल, शैलेंद्र द्विवेदी, रामचंद्र शुक्ल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।


बैठक में मौजूद किसान मंच के पदाधिकारी। अमृत विचार

### प्रदेश में भाजपा का सपना चकनाचूर : शिव प्रकाश सिंह

**सीतापुर, अमृत विचार।** मुंशीगंज किसान मंच कार्यालय पर मासिक बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि भाजपा शासनकाल में किसानों पर ढाए गए कहर का परिणाम है कि उप्र भाजपा शासित राज्य में उसे इस तरह हार का मुंह देखना पड़ा है। धौरहरा व लखीमपुर खीरी में केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के पुत्र द्वारा कुचलकर मारे गए किसानों के साथ पत्रकार साथी की आत्माओं ने उन्हें यह हार के दिन देखने के लिए मजबूर किया और आनन्द भदौरिया व उत्कर्ष वर्मा को सांसद बना दिया। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि मंहगाई बेरोजगारी के अलावा दिल्ली बार्डर पर 13 महीने के आंदोलन पश्चात हुए समझौते पर अमल न होने के कारण उप्र में भाजपा को आधे से अधिक सीटें गंवानी पड़ी हैं। बैठक में उपस्थित संगठन पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष राकेश बाजपेई सन्तोष कुमार पाण्डेय,विजय कुमार सिंह, प्रतीक जायसवाल, रामकुमार,रामेन्द्र कुमार,राम चन्द्र मौर्य, गायत्री देवी, आराधना सिंह,विट्टो देवी, शिवम सिंह, उदय राज सिंह आदि ने विजयी सांसद राकेश राठौर,आनन्द भदौरिया और उत्कर्ष वर्मा सहित सभी सांसदों को बधाई देते हुए जनहित में सर्वांगीण विकास की आशा और विश्वास के साथ बधाई व शुभकामनाएं दी।

### पंखा सुधारते समय पति को लगा करंट, पत्नी भी झुलसी

**रेउसा सीतापुर, अमृत विचार।** घर में पंखा सुधारते वक्त पति–पत्नी करंट की चपेट में आ गये। जिससे वह गम्भीर रूप से झुलस गए। एम्बुलेन्स की मदद से उन्हें सीएचसी लाया गया। परिजनों का आरोप सरकारी इलाज न मिलने की वजह से निजी क्लीनिक में भर्ती कर इलाज कराया गया। रेउसा के ग्राम सभा रमुवापुर कालिका सिंह के मजरा बोहरा निवासी अनूप भार्गव बुधवार की दोपहर घर मे पंखा ठीक कर रहे थे। प्लग बोर्ड में पहले से लगा था। अचानक ठीक करते समय करंट पंखे में उतर गया। जिससे अनूप को करंट लग गया, वहीं पति को छुड़ाने गई पत्नी प्रीती भी करंट की चपेट में आ गई। ऐसे में दोनों को गम्भीर अवस्था में सीएचसी लाया गया। पीड़ित ने सरकारी इलाज न मिलने की शिकायत सेउता विधायक से की। वहीं सीएचसी में उपस्थित डाक्टर तेज प्रताप ने आरोप निराधार बताया।

### जादू के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र रेउसा के अंतर्गत ग्राम पंचायत महेशपुर टपरा में त्यागी महराज आश्रम की अधयक्षता में पर्यावरण गोवंश संरक्षण दिवस का आयोजन महेशपुर में संचालित गौशाला के शिव प्रकाश लोधी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवता विधायक ज्ञान तिवारी रहे। पर्यावरण गौवंश संरक्षण कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखीमपुर खीरी विकास टीम द्वारा नुक्कड़ सांस्कृतिक सजीव झांकियों द्वारा प्रस्तुत कर जादू के माध्यम से उपस्थति लोगो को जागरुक किया गया।

# चार दिन से कटी पड़ी है माइनर 40 बीघा खेतों में भरा पानी

लहरपुर, सीतापुर

▸▸ ग्राम टकेली के मजरा रानी पुरवा गांव के किसान परेशान

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम टकेली के मजरा रानी पुरवा गांव के निकट तेंदुआ माइनर नहर से निकली महाराज नगर माइनर नहर चार दिन पूर्व रविवार को रामप्रसाद के खाली पड़े खेत में कट गई थी, चार दिनों से नहर का पानी बंद न होने के कारण आसपास के खेतों में नहर का पानी लगातार खेतों में भर रहा है।

तेंदुआ माइनर नहर से निकली महराज नगर माइनर जो ग्रामीण अंचलों में सिंचाई का एक प्रमुख साधन है। ग्राम टकेली के रानी पुरवा के निकट दक्षिण पटरी लगभग डेढ़ मीटर पानी की दबाव के चलते फट जाने से राम प्रसाद के खाली पड़े खेत में नहर की मिट्टी भर गई है। नहर के फटने से सुशील चंद की पांच बीघा पिपरमेंट एवं आठ बीघा गन्ना ,विजय बहादुर का सात बीघा गन्ना ,कमलेश कुमार का छह बीघा गन्ना, रमेश कुमार का दस बीघा गन्ना व राजेश का चार बीघा गन्ने की फसल में पानी भर गया है, नहर का पानी बंद न होने से परमेंट व गन्ने की लगभग 40 बीघा फसल में पानी भर गया है, सबसे अधिक नुकसान किसान सुशील चंद्र की पांच बीघा पिपरमेंट की फसल में पानी भर जाने से हुआ है, ग्राम अल्हना, शादीपुर, फतेहपुर, महाराज नगर, मानपुर, गूरेपारा कौड़िया आदि गांवों में पानी न जा पाने से फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही हैं।

**अभियंता का कहना...**
अवर अभियंता तेंदुआ माइनर शिवप्रताप ने बताया कि नहर कटने की सूचना मिली है। नहर का पानी बंद कराकर क्षतिग्रस्त नहर पटरी की मरम्मत करायी जायेगी। नहर का पानी किसानों को सिंचाई के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# जाम व दुर्घटना का कारण बन रहे ई–रिक्शा

## बिना रजिस्ट्रेशन व ड्राइविंग लाइसेंस चलाए जा रहे ई-रिक्शा

पिसावां, सीतापुर

**अमृत विचार।** कस्बे में ई-रिक्शा अवैध रूप से चल रहे हैं। जिसमें ज्यादातर ई-रिक्शा चालक बिना रजिस्ट्रेशन व बिना ड्राइविंग लाइसेंस के चलाये जा रहे हैं। यही नहीं नाबालिग भी ई-रिक्शा चलाते देखे जा रहे हैं। ई-रिक्शा चालक सवारी के चक्कर में अचानक तेजी से वाहन मोड़ देते हैं। जिससे आये दिन कोई न कोई घटना घटती रहती है। साथ ही इनका स्टाप कोई निर्धारित न होने से चाहे जहां मनमाने तरीके से सड़क घेरकर इधर उधर खड़े हो जाते हैं। जिससे चौराहे पर हमेशा जाम लगा रहता है। जिला प्रशासन सहित आरटीओ विभाग की अनदेखी की वजह से ई-रिक्शा चालक धड़ल्ले से मानकों को ताक पर रखकर संचालन कर रहे हैं।


चौराहे पर सड़क घेरकर खड़े ई–रिक्शा। अमृत विचार


चुनावी जीत पर ब्लॉक अध्यक्ष सुशील को मिठाई खिलाते जोनल कोऑर्डिनेटर।

## राकेश राठौर की जीत पर समर्थकों में खुशी की लहर

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** राकेश राठौर के चुनाव जीतने पर रामपुर मथुरा क्षेत्र में उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। लोग एक–दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं दे रहे हैं। 13825 वोट से सेवता विधानसभा क्षेत्र में भाजपा से पीछे रहने से कुछ मायूसी जरूर है, लेकिन महमूदाबाद, लहरपुर, बिसवां और सीतापुर विधानसभा क्षेत्रों में प्रचंड बहुमत से मिली जीत पर खुशी ज्यादा है। कस्बे के लोग एकदूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां बांट रहे हैं। इसी क्रम में रामपुर मथुरा के सपा जोनल कोऑर्डिनेटर सुशील त्रिपाठी उर्फ कन्हैया को समाजवादी के प्रबुद्धवर्ग सभा के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील मिश्रा ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया। वहीं सुरजनपुर प्रधान अमित यादव व अन्य लोगों को एकदूसरे को जीत की बधाई दी। इस मौके पर निसार, मिराज, शिवाप्रकाश यादव, तालुक, सोनम शुक्ला, सूरज मौर्य, नंदलालगौतम ,सलाउद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

## लोकसभा सीट जीतने पर मिठाई बांटकर कर रहे खुशी का इजहार

महमूदाबाद, सीतापुर

▸▸ वरिष्ठ कांग्रेस नेता इरफान मंसूरी की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार।** लोकसभा सीट सीतापुर पर गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेसियों ने मिठाई बांटी। गठबंधन प्रत्याशी की जीत होने पर महमूदाबाद में जश्न मनाया गया।

लोकसभा सीतापुर के नवनिर्वाचित सांसद राकेश राठौर के द्वारा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद महमूदाबाद के कांग्रेसी नेताओं ने जश्न मनाया। केक काटकर मिठाइयां बांटी। नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता इरफान मंसूरी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन नगर के रामकुंड चौराहा स्थित अनुज जैन की दुकान पर हुआ। जिसमें सभी कांग्रेस नेताओं ने पिछले 30 सालों के बाद कांग्रेस पार्टी के सांसद बनने पर हार्दिक बधाई देते हुए मिठाइयां बांटी।

कांग्रेस नेता डॉ. निजामुद्दीन आजाद ने अपने संबोधन में कहा, इस सरकार की तानाशाही से लोग त्रस्त हो गए थे और खासकर सीतापुर के सांसद राजेश वर्मा से लोगों का गुस्सा बहुत बढ़ गया था। उस गुस्से की भरपाई के लिए करीब 90000 वोटों से चुनाव जीत कर राकेश राठौर को सांसद बनाने का काम किया। हम इसके लिए सीतापुर की जनता को हार्दिक बधाई देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इरफान मंसूरी ने सांसद राकेश राठौर को बधाई देते हुए कहा सीतापुर की जनता को आपसे बहुत उम्मीदें हैं और उन्हें विश्वास है कि आप उनकी परेशानी समस्याओं को दूर कर हमको राहत पहुंचाने का काम करेंगे। कार्यक्रम को अनुज कुमार जैन संबोधित करते हुए कहा कि महमूदाबाद बहुत सालों के बाद कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत से जीती है। इसके लिए आम जनमानस को बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा राकेश राठौर पर था उसे भरोसे को राकेश राठौर पूरा करेंगे और जनता की उम्मीद पर खरे उतरेंगे। कांग्रेस के युवा नेता अब्दुल्ला खान ने भी कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए संबोधित किया उन्होंने कहा कि हमें एक जुटता बनाए रखनी है। विधानसभा चुनाव में भी हम पूरी ताकत से अपनी पार्टी को पेश करेंगे और आम जनमानस हेतु जो भी विकास कार्य होंगे, उन्हें पूरा करने हेतु प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम को अयूब अहमद डंपी, प्रदीप पांडे,कांग्रेस के नगर अध्यक्ष इस्लाम सलमानी ने भी संबोधित किया इस मौके पर सरदार प्रकट सिंह, मंसूर अली सलमानी, एजाजुद्दीन अंसारी, नीलम बहेलिया, राहुल रस्तोगी, मुजाहिद हुसैन, काशीराम भार्गव, अनूप सिंह, शमशेर अली अंसारी, कलीम, समेत तमाम कांग्रेस के लोग उपस्थिति रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

बुद्धयो भयं प्रणुदति तपसा विन्दते महत्।
गुरुशुश्रूषया ज्ञानं शान्तिं योगेन विन्दति ॥

ज्ञान द्वारा मनुष्य का डर दूर होता है, तप द्वारा उसे ऊंचा पद मिलता है, गुरु की सेवा द्वारा विद्या प्राप्त होती है तथा योग द्वारा शांति प्राप्त होती है।

## संपादकीय

# गठबंधन की राजनीति

लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के वरिष्ठ नेताओं ने सरकार गठन के मुद्दे पर एक बैठक में मंथन किया। बैठक में नरेंद्र मोदी राजग के नेता चुने गए। चुनाव परिणाम में राजग को बहुमत मिलने के साथ ही नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया था। साथ ही 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में सरकार गठन की संभावनाओं और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। अठारहवीं लोकसभा के लिए किसी भी एक दल को स्पष्ट जनादेश नहीं मिला है। चुनाव परिणाम ने संदेश दिया है कि देश में गठबंधन की राजनीति खत्म नहीं हुई है। भारतीय लोकतंत्र की जमीनी सच्चाई देश को गठबंधन की राजनीति की ओर ले जा रही है। यानि एक बार फिर देश में गठबंधन सरकार की वापसी हो रही है। गौरतलब है कि भारत में गठबंधन व्यवस्था राजनीतिक अस्थिरता का प्रमुख कारण रही है। परंतु गत वर्षों में भारत की राजनीति में जो नया मोड़ आया है उसमें गठबंधन की सरकार को नकारा भी नहीं जा सकता। राष्ट्रीय स्तर पर सर्वप्रथम गठबंधन सरकार की शुरुआत 1977 में मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार के गठन के साथ मानी जाती है। परंतु जनता पार्टी के घटक दल जनसाधारण के विकास एवं स्वयं के दलीय आधार को सुदृढ़ करने की अपेक्षा गठबंधन के भीतर अपने महत्व को लेकर अधिक संघर्षरत रहे, जिससे जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप पार्टी और सत्ता दोनों की अकाल मृत्यु हो गई। 1979,1989, 1990 और 1991, 1996 व 1997 में गठबंधन की सरकार बनी पर कोई भी कार्यकाल पूरा करने से पूर्व ही गिर गईं। कहा जा सकता है कि क्षेत्रीय दलों की भरमार ने देश को राजनैतिक अस्थिरता के दौर में पहुंचा दिया था।

2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा को अकेले ही बहुमत हासिल था और आसानी से दस साल तक सरकार चला पाई और अपने एजेंडे को लागू करती रही लेकिन अब गठबंधन की सरकार होगी। चुनावी नतीजे इशारा तो कर रहे हैं कि तीसरी बार भाजपा को सरकार चलाने में उतनी सुविधा नहीं होगी। इसके चलते भाजपा को अपनी प्राथमिकताओं से भी समझौता करना पड़ सकता है, क्योंकि उसे अपने एजेंडे को लागू करने के लिए सहयोगी दलों पर निर्भर रहना होगा। क्षेत्रीय दल स्थानीय मुद्दों को बहुत ही प्रमुख स्थान देते हैं और सरकार की गलत नीतियों एवं मनमानी पर रोक लगाते हैं। मिली-जुली सरकार की सफलता के लिए आवश्यक है कि राजनीतिक दल अहंवादी व्यक्तित्व और अनुशासनहीनता का त्याग कर सार्वजनिक नैतिकता के भाव को ग्रहण करें।

# बचना है तो बचा लो हिमालय



प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक
चमोली

कोलंबिया के एक अध्ययन दल के प्रोफेसर जोर्ग शैफर का अनुमान है कि सामान्य स्थिति में सदी के अंत तक एक तिहाई हिमालय की बर्फ समाप्त हो जाएगी और बर्फ पिघलने की जो मौजूदा रफ्तार है,उस पर यदि कुछ विशेष नियंत्रण नहीं किया गया तो सदी के अंत तक दो तिहाई बर्फ समाप्त हो जाएगी।

हिमालय की तलहटी में बसे देहरादून और हल्द्वानी में भी तापमान 43 डिग्री पार कर गया जबकि तराई में यह तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। अकेले में मई माह में देश में 46 लोगों ने लू के कारण अपनी जान गंवाई। पूरे उत्तर भारत में बढ़ रही गर्मी का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में ऊंची चोटियों से बर्फ का गायब हो जाना ही है जिसने तापमान में अचानक वृद्धि की है। 1990 के बाद तेजी से फैली उपभोक्ता संस्कृति जो अपने एयर कंडीशन होने पर इतराती थी। उसके भी इस वर्ष गर्मी ने होश ठिकाने लगा दिए हैं। कुल मिलाकर हिमालय की बढ़ती पर्यावरण चिंता और इस चिंता की दिशा में पहला बड़ा कदम वृक्षारोपण ही है, जो पर्यावरण की चतुर्दिक चिंताओं का समाधान करने में सक्षम है। इन तमाम निष्कर्षों से यह बात साबित है कि यदि हमें बचना है तो हमें हिमालय को बचाना होगा।

पर्यावरण का संकट 21 वीं सदी में मानवता के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर उभर रहा है। हालांकि पर्यावरण का यह संकट इससे पहले की सभ्यताओं के आगे भी उनके अस्तित्व का सवाल खड़ा कर चुका है। हम जानते हैं कि हमारी सिंधु घाटी सभ्यता और मिस्र की नील घाटी सभ्यता तथा मेसोपोटामिया की दजला-फरात नदियों की सभ्यता,जो कि ईसा पूर्व लगभग 3000 वर्ष पूर्व अपनी उच्चता के शिखर को प्राप्त थी,जहां आज की नगरीय सभ्यता के समान सभ्यता मौजूद थी। जिसने वहां संसाधनों के अधिक दोहन,वृक्षों के अधिक कटान के परिणाम स्वरूप प्रकृति का संतुलन बिगाड़ा। परिणामस्वरूप बाढ़ आदि कारणों से यह विकसित सभ्यताएं नष्ट हो गई। पर्यावरण के महत्व का यह पहला सबक था।

इसी सबक का परिणाम हुआ सिंधु घाटी सभ्यता के बाद भारत में विकसित वैदिक सभ्यता ने प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रकृति को ही अपना देवता बना लिया। भारत ही नहीं पूरी दुनिया ने बीते लगभग ढाई हजार सालों में प्रकृति का संरक्षण कर,अपनी सभ्यताओं का विकास किया। पशुपालन और कृषि सभ्यताओं में पर्यावरण के साथ एक बेहतर ताल-मेल बना रहा,लेकिन औद्योगिक क्रांति के बाद विकास का जो मॉडल सामने आया,रासायनिक गैसों का जो स्राव हुआ, उसने मात्र 100 साल के भीतर ही पर्यावरण का संकट खड़ा कर दिया। 5 जून 1974 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का संकल्प लिया, ताकि पर्यावरण के प्रति वैश्विक चेतना को विकसित किया जा सके,लेकिन बीते 50 वर्ष में पर्यावरण के वैश्विक हालात दिन पर दिन चिंताजनक होते गए हैं। पर्यावरण पर दो प्रकार का संकट है। एक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन का जिसका सीधा संबंध औद्योगिक विकास से है और दूसरा पारिस्थितिकी पर मार।

बीते सालों में वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के सवाल पर सरकारों के मध्य सहमति भी बनी है। इसमें 1992 में रियो पृथ्वी सम्मेलन, 2015 का पेरिस समझौता जिसे 196 देशों ने स्वीकार किया, यह महत्वपूर्ण है। पेरिस समझौते में ग्रीन हाउस इफेक्ट को प्रभावित करने वाली छह गैसों को प्रतिबंधित किया गया है। पेरिस सम्मेलन में 21 वीं सदी के अंत तक वैश्विक औसत तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि ही रखने का संकल्प है,लेकिन मौजूदा हालात में जिस तेजी से गर्मी बढ़ती जा रही है, उसमें 2030 से 2050 के मध्य ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान में वृद्धि हो जाने के आसार हैं जिसके परिणाम स्वरूप दो मीटर तक समुद्र का जल स्तर बढ़ जाएगा और तटीय क्षेत्र डूबने से संकट में होंगे।

विश्व में पर्यावरण की सबसे बड़ी चिंता हिमालय क्षेत्र में है,क्योंकि हिमालय ही न केवल भारत को,बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया की आर्थिक की एवं भूगोल को नियंत्रित करता है। हिमालय जिसमें आंशिक चीन,पाकिस्तान ,अफगानिस्तान, नेपाल,भारत और भूटान सहित छह देशों में लगभग 2100 किलोमीटर लंबाई व 150 से 400 किलोमीटर तक की चौड़ाई वाला हिमालय शामिल है,जो कि 5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और दुनिया का सबसे बड़ा हिम क्षेत्र है। हिमालय में 110 से अधिक चोटियां जिनकी ऊंचाई 7300 मीटर से अधिक है, मौजूद हैं। इन उच्च हिम शिखरों में अभी मानव की पहुंच नहीं है। हिमालय में 15 हजार से अधिक छोटे-बड़े ग्लेशियर हैं।

हिमालय पर पर्यावरण का चौतरफा संकट गहरा रहा है। एक ग्लेशियरों का तेज पिघलना,जंगलों का कटना, मिट्टी का अधिक तेजी से बहना, इन सब कारणों से गर्मी का बेतहाशा बढ़ना। वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि सदी की शुरुआत से लेकर अब तक हिमालय के ग्लेशियरों के पिघलने की दर दोगुनी हो गई है,पिछले चार दशकों में एक चौथाई से ज्यादा बर्फ पिघल चुकी है। तेजी से बर्फ पिघलने की दर इस क्षेत्र के लिए "विनाशकारी" भविष्य की ओर इशारा करती है,जिस पर एक अरब लोग नियमित पानी के लिए निर्भर हैं।

प्रतिवर्ष 8 लाख घन मीटर बर्फ पिघल रही है जिसकी भरपाई नहीं हो रही है। परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष ग्लेशियर की ऊंचाई पांच मीटर कम हो रही है। ग्लेशियरों के पिघलने की जो दर 1975 से 2000 तक 22 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष आंकी गई थी,वह 2000 से 2016 के बीच बढ़कर 43 सेंटीमीटर प्रति वर्ष हो गई है। 2000 से 2016 के मध्य औसत तापमान में भी एक डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि देखी गई। कोलंबिया के एक अध्ययन दल के प्रोफेसर जोर्ग शैफर का अनुमान है कि सामान्य स्थिति में सदी के अंत तक एक तिहाई हिमालय की बर्फ समाप्त हो जाएगी और बर्फ पिघलने की जो मौजूदा रफ्तार है,उस पर यदि कुछ विशेष नियंत्रण नहीं किया गया तो सदी के अंत तक दो तिहाई बर्फ समाप्त हो जाएगी।

हिमालय पर पड़ रहे इस पारिस्थितिकी दबाव के परिणाम स्वरूप हिमालय क्षेत्र में मौजूद 30 लाख झरनों से आधे झरने सूख रहे हैं अथवा मौसमी हो गए हैं जिससे न केवल हिमालय क्षेत्र में,बल्कि संपूर्ण भारत में पेयजल का संकट बढ़ता दिख रहा है। उच्च हिमालय क्षेत्र में बर्फ के पिघलने का सबसे महत्वपूर्ण कारण जंगलों के प्रति हमारी उपेक्षा भी है। वर्ष 2019 में उत्तर-पूर्व के हिमालयी राज्य जिन्हें हम सेवन सिस्टर के नाम से जानते हैं,में 1108 वर्ग किलो मीटर वन क्षेत्र कम हुआ है। वनों के अनियंत्रित दोहन से ग्लेशियरों के साथ ही हिमालय में मिट्टी का क्षरण भी चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। उत्तराखंड हिमालय में 48.3 प्रतिशत भाग में मिट्टी का कटाव औसत 11.2 टन प्रति हेक्टेयर प्रतिवर्ष से अधिक है। कुल मिलाकर हिमालय पर पर्यावरण का चौतरफा हमला हो रहा है। हिमालय में खतरा बढ़ने के साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया में जिसमें भारत भी शामिल है, सामान्य जनजीवन खतरे में पड़ गया है। इस वर्ष देश के आधा दर्जन शहरों में तापमान 50 डिग्री के पार चला गया और देश की राजधानी दिल्ली भी करीब-करीब 50 डिग्री में ही पहुंचकर मानी।

हिमालय की तलहटी में बसे देहरादून और हल्द्वानी में भी तापमान 43 डिग्री पार कर गया जबकि तराई में यह तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। अकेले में मई माह में देश में 46 लोगों ने लू के कारण अपनी जान गंवाई। पूरे उत्तर भारत में बढ़ रही गर्मी का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में ऊंची चोटियों से बर्फ का गायब हो जाना ही है जिसने तापमान में अचानक वृद्धि की है। 1990 के बाद तेजी से फैली उपभोक्ता संस्कृति जो अपने एयर कंडीशन होने पर इतराती थी। उसके भी इस वर्ष गर्मी ने होश ठिकाने लगा दिए हैं। कुल मिलाकर हिमालय की बढ़ती पर्यावरण चिंता और इस चिंता की दिशा में पहला बड़ा कदम वृक्षारोपण ही है,जो पर्यावरण की चतुर्दिक चिंताओं का समाधान करने में सक्षम है। इन तमाम निष्कर्षों से यह बात साबित है कि यदि हमें बचना है तो हमें हिमालय को बचाना होगा। आसान उपाय वृक्षारोपण को जीवन पद्धति बना लेना है। इस वर्ष हम चिपको आंदोलन की 50 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उत्तराखंड से जन्मे इस ऐतिहासिक आंदोलन ने पूरे विश्व पटल पर पर्यावरण की चेतना का विस्तार किया। हमें उम्मीद है कि हम इस वर्ष फिर पर्यावरण बचाने की दिशा में हम कुछ बड़े कदम उठाएंगे।

## प्रसंगवश

# भाजपा को भारी पड़ी अपनों की उपेक्षा

2024 के परिणाम एक सबक हैं,जो 400 पार का नारा लगा रही थी उस भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। हालांकि एनडीए को बहुमत मिल गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में जो भाजपा का महत्वपूर्ण एवं स्थापित गढ़ माना जाता है। उस घर में मोदी का सिर्फ डेढ़ लाख वोटों से जीतना, कई बड़े चेहरों का हारना एवं भाजपा को आधी सीट भी न मिलना चिंता का विषय है। इसको समझने के लिए समग्र परिदृश्य को समझना होगा।

एक समय अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोध का आंदोलन क्रांति के रूप में पूरे देश ने देखा। उस आंदोलन से निकले अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस से गठबंधन करके दिल्ली के मुख्यमंत्री की शपथ लेकर अपनी पुरानी शपथ को दरकिनार कर दिया। इस पूरे परिदृश्य में एक तरफ कांग्रेस का पतन हो रहा था तो दूसरी तरफ देश में क्रांति की बयार चल रही थी। इसी बीच गुजरात मॉडल से चर्चित हुए नरेंद्र मोदी देश में लोकप्रिय होने लगे। देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। आते ही मोदी ने अपनी कार्यशैली से लोगों के उत्साह को बढ़ाना शुरू कर दिया। उनके समकक्ष उनके ही दल के राजनेताओं के कद उनके सामने बौने होने लगे। विभिन्न प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनने लगीं। अटल जी की नैतिकता की नीतियों से इतर यह एक नई भाजपा थी,जो नैतिकता नहीं सत्ता को प्राथमिकता दे रही थी।



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

2019 आते-आते भाजपा से उसके मतदाता की अपेक्षा बढ़ने लगी। इस दौरान भाजपा में बाहर से लोग आने शुरू हो चुके थे। यह वह लोग थे जिनको हराकर या जिनसे संघर्ष करके भाजपा का मूल कार्यकर्ता दल को मजबूत करने का आधार बना था। इनके आने से मूल कार्यकर्ता निराश होने लगा। 2014 में गुजरात के अमित शाह को जब उत्तर प्रदेश की कमान दी गई तो उन्होंने अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए 73 सीटें दिलवा दी थीं। बाहर के किसी व्यक्ति को किसी प्रदेश की कमान देने का प्रयोग सफल था। इसी तर्ज पर प्रांत और जिले स्तर पर बाहरी व्यक्ति को प्रभारी बनाया जाने लगा। धीरे-धीरे हर कला में पारंगत और आर्थिक संसाधनों से पूर्ण यह वर्ग मूल संगठन में पैठ बनाने लगा। मोदी के प्रथम कार्यकाल में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अनेक नेता दूसरे कार्यकाल में चर्चित नहीं दिखे। नितिन गडकरी शांत रहकर अपना कार्य करते रहे। राजनाथ सिंह ज्यादा बयानबाजी करते नहीं दिखे। रविशंकर,स्मृति ईरानी,वसुंधरा राजे, शिवराज चौहान सहित अनेक नेता सिर्फ अपने कार्यों तक सीमित रहे। सुषमा स्वराज, अरुण जेटली, मनोहर पर्रीकर आदि स्वर्ग सिधार गए।

भारत अमेरिकी तर्ज पर पूंजीवाद का बड़ा बाजार बन गया। गूढ़ चिंतन मनन करने वाले लोगों का स्थान सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम पर नाचने गाने वाली पीढ़ी ने ले लिया। मीडिया संस्थानों में कारपोरेट का आर्थिक हस्तक्षेप बढ़ने से निष्पक्षता से ज्यादा पक्ष या विपक्ष के प्रवक्ता होने की होड़ लग गई। यह एक नया भारत था जिसमें अब विमर्श का स्थान नहीं था। इसमें वाद विवाद,आरोप प्रत्यारोप और धार्मिक विषयों को मूल विषयों से प्रतिस्थापित कर दिया गया। एक तरफ देश का नेतृत्व अपने विचार को स्थापित करते चला रहा था तो दूसरी तरफ देश का युवा भविष्य चिंतन-मनन से इतर मनोरंजन और बाजार के हाथों खेलने लगा था। अब बाजार में सब कुछ बिक रहा है। सब कुछ उपलब्ध है। पद, पैसा, प्रतिष्ठा सब कुछ प्राप्त हो जाएगा,बस आपके पास धन होना चाहिए। कितने व्यवस्थित तरीके से पिछले दो-तीन दशक में भारत एक बाजार के रूप में स्थापित कर दिया गया।

अब 2024 में नरेंद्र मोदी अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करते दिख रहे हैं। इस बार भाजपा नहीं एनडीए पूर्ण बहुमत में है। 400 पार का आंकड़ा बहुत दूर रह गया है। इसकी वजह सिर्फ मोदी नहीं है। मोदी की टीम से जुड़े लोगों का वह अहंकार है जिसका आत्मचिंतन उन्हें करना ही होगा। लक्ष्य से कम सीटों पर,जो मुद्दे बौद्धिक गिनवा रहे हैं वह हैं कि हिंदू जातियों में बंट गया,मुसलमान ने वोट नहीं दिया,विदेशी ताकतों ने खेल किया और गर्मी बहुत थी तो मतदाता बाहर नहीं निकला। जबकि कुछ वास्तविक तथ्य जो इन नतीजों का सत्य हैं वह है टिकट वितरण में आलाकमान का अहंकार,जमीनी सूचना तंत्र के स्थान पर लाभार्थी रिपोर्टरों पर ऐतबार, स्थानीय नेताओं का तिरस्कार, सरकार में हर स्तर पर चाटुकार एवं भ्रष्ट नौकरशाही की बेलगाम रफ्तार है। अपने लोगों की उपेक्षा के कारण विचार परिवार का मौन प्रहार भी एक वजह रही।

# बड़े-बड़े दावों की खुली पोल



कमलेश भारतीय
वरिष्ठ पत्रकार

उड़ीसा में भाजपा को सफलता मिली और बीजू पटनायक ज्योति बसु का लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान तोड़ने से वंचित रह गए। पंजाब में अकाली दल और भाजपा को पैर रखने की जगह भी नहीं मिली। दो गज जमीन भी न मिली पंजाब में। दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल की हवा भी निकाल दी और भाजपा को सिर आखों पर बिठाया। यही जनता है,यही जनता जनार्दन का फैसला है।

आखिर लोकसभा चुनाव के परिणाम आ गए और देश ने देखा कि एग्जिट पोल और चार सौ पार की पोल खुल गई। बड़े-बड़े नेताओं के बड़े-बड़े बोल धरे के धरे रह गए और जनता ने अपना जनादेश सुना दिया। जिस राम मंदिर में जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा कर कांग्रेस को निमंत्रण ठुकरा देने पर कोसा गया,उसी अयोध्या में हार पचाना कोई आसान नहीं। यह हार हजम नहीं होने वाली। उत्तर प्रदेश में यह बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला। सबसे बड़ी बात कि बसपा प्रमुख मायावती का प्रभाव बिल्कुल जीरो पर पहुंच गया।

एक समय मायावती, जयललिता और ममता बनर्जी तीन देवियां बहुचर्चित थीं, लेकिन जयललिता रही नहीं और मायावती दस साल तक जनता के पक्ष में कहीं दिखी नहीं तो जीरो पर आ गईं। बस,एक ममता बनर्जी ने अपनी साख बरकरार रखी और पश्चिमी बंगाल में अकेली ही डटी रहीं और भाजपा के अश्वमेध घोड़े को थाम लिया। उत्तर प्रदेश में कहा जा रहा है कि बसपा का वोट बैंक कांग्रेस व समाजवादी पार्टी की ओर खिसक गया यानी बहन मायावती के पांव के नीचे से जमीन खिसक गई। कांशीराम का संघर्ष बेकार कर दिया।

एक समय जो प्रधानमंत्री पद की दावेदार बन गईं थीं,वही मायावती इस तरह कठपुतली मात्र बनतीं दिखीं जिससे इनके समर्थकों का दिल टूट गया। महाराष्ट्र की बात करें तो जिस अघाड़ी सरकार को गिराया था उसी अघाड़ी सरकार के दलों को लोगों ने चुन लिया। इस तरह सरकारें गिराने का जवाब जनता ने वोट से दिया। ऐसा ही जवाब चंडीगढ़ में भी मिला,वहां भी मेयर चुनाव में जो खेला किया गया था,जनता ने उसे नकारते कांग्रेस के मनीष तिवारी को चुनना बेहतर समझा। हिमाचल में भी जो कांग्रेस के छह विधायक भाजपा के साथ हिमाचल सरकार गिराने गए थे और अयोग्य घोषित कर दिए गए थे,वे भी दोबारा चुनाव में उतरे जिनमें से चार चुनाव हार गए यानी उनको लोगों ने दलबदल की सजा दे दी और इस तरह हिमाचल सरकार को जीवनदान मिल गया। आपातकाल की बड़ी महिमा कर भाजपा ने ऐसे लोगों को सम्मानित भी किया था,जो जेल में रहे थे,लेकिन खुद अघोषित आपातकाल लगाने का खामियाजा भी भुगतना पड़ा इस बार चुनाव में।

यह ईडी, सीबीआई और निर्वाचन आयोग जैसी संस्थाओं को तोते बना देना भी जनता को रास नहीं आया। कांग्रेस का लोकतंत्र बचाओ नारा काम करता दिखा और लोगों ने लोकतंत्र बचाने की कोशिश की,जो चेतावनी जैसा परिणाम आ गया। अब तेलुगु देशम के चंद्रबाबू नायडू और बिहार के सुशासन बाबू यानी नीतीश कुमार के हाथ में सत्ता का संतुलन चला गया है। भाजपा अपने दम पर सरकार नहीं बना रही। अब इसे चंद्रबाबू और नीतीश कुमार के सहारे की कदम-कदम पर जरूरत रहेगी और ये दोनों कभी भी पलटी मारने के लिए जाने जाते हैं यानी एक अनिश्चितता तो सिर पर सवार रहेगी। सबसे बड़ी बात कि वह खुला हाथ नहीं रहेगा शासन में,जो पिछले दस साल तक रहा।

उड़ीसा में भाजपा को सफलता मिली और बीजू पटनायक ज्योति बसु का लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान तोड़ने से वंचित रह गए। पंजाब में अकाली दल और भाजपा को पैर रखने की जगह भी नहीं मिली। दो गज जमीन भी न मिली पंजाब में। दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल की हवा भी निकाल दी और भाजपा को सिर आखों पर बिठाया। यही जनता है,यही जनता जनार्दन का फैसला है। कभी आपातकाल के बाद का चुनाव याद कीजिए और सोचिए कि आपातकाल के विरोध में कैसे इंदिरा गांधी और चौ बंसीलाल तक को धरती पर ला दिया था जनता ने, कुछ ऐसा ही अंडर करंट था इस बार,जिसे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भांपने में असफल रहा,वैसे ही जैसे आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी अनुमान नहीं लगा पाई थीं। जनता जनार्दन का फैसला, इसके आगे नतमस्तक चाहे इंदिरा गांधी हों या फिर कोई और इसके आगे नतमस्तक होना पड़ता।

## सोशल फोरम

# देश को एक बड़ी राहत मिली

इस चुनाव नतीजे ने भारत के स्वभाव और संविधान में इस देश की जनता की आस्था को एक बार फिर सामने ला दिया है।

देश ने चुनाव नतीजों से राहत पाई है,पर स्थानीय लड़ाइयों को भारत की लड़ाई में बदलना अभी बाकी है। यह देश का पहला चुनाव है,जब अभूतपूर्व ढंग से सर्वाधिक लोकसभा सीटें पाने वाले दल का मोरल टूटा हुआ है और अपेक्षाकृत काफी कम सीटें पाने वाले विपक्षी दल का मोरल ऊंचा उठा हुआ है। यह चुनाव फल सांप्रदायिक प्रचार में बह गए हजारों हिंदुओं को यह सोचने के लिए प्रेरित करेगा कि सत्ता के लोभ में धर्म और धार्मिक विद्वेष को राजनीतिक हथियार बनाना। इतिहास पर हमला और गांधी का लगातार अपमान कहां तक उचित है? देश ने एक बड़ी राहत पा ली है, जो जनता में प्रेम,स्वतंत्रता और न्याय की भूख बचे होने का प्रमाण है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इस चुनाव नतीजे ने भारत के स्वभाव और संविधान में इस देश की जनता की आस्था को एक बार फिर सामने ला दिया है। फिर भी इस चुनाव फल से यह समझ लेना गलत है कि सांप्रदायिक फासीवाद का खतरा टल गया। पिछले 10 सालों में सामाजिक खाइयां पर्याप्त चौड़ी कर दी गई हैं,विद्वेष का जहर कहीं-कहीं खून में शामिल हो चुका है। यह स्वीकार करना चाहिए कि धार्मिक पागलपन का अंत नहीं हुआ है,वह सिर्फ घायल हुआ है। यदि विपक्ष का गठबंधन अपने मतभेदों से उबरकर एक बड़ी वैचारिक समरसता के साथ,कुछ बड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम लेकर और अपने को थोड़ा और सुधार करके सामने नहीं आता तो इस देश की सांस्कृतिक जमीन में पिछले 100 सालों से बोया जा रहा जहर फिर बड़ा असर दिखा सकता है। विपक्ष के गठबंधन को मनबंधन बनना होगा। लोकसभा की 240 सीटों पर जीत को हल्के से नहीं लेना चाहिए। अभी स्थानीय लड़ाइयों को भारत की एक बड़ी लड़ाई में बदलना बाकी है,जो कुछ अधिक दिमागी खुलेपन और अधिक गहरी एकता की मांग करता है।

-फेसबुक वॉल से

# सत्ता की लाठी छीन लेती है आस्था

वर्ष 1350 ईसा पूर्व, मिस्त्र देश में फराओ 'अखनातेन' का शासन काल था। इन्होंने अपने नाम के आगे अपने देवता का नाम सजाया था। 'आतेन' देवता को मानते हुए अखनातेन ने पूर्व काल में जनसामान्य में प्रचलित 'अमूम' नामक देवता के उपासक द्वितीय दर्जे के नागरिक माने जाने लगे। राजा केवल अतेन उपासकों का राजा बना हुआ था। तकरीबन सत्रह साल के अपने शासन काल में उसने धर्म आधारित राज्य चलाने की जबरदस्त कोशिश की। फिर उसके पुत्र का शासन काल आया,जिसे इतिहास तूतेन खामेन के नाम से जानता है।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

तूतेन मिस्त्र के सर्वाधिक प्रसिद्ध फराओ में से एक है। इनकी ममी दुनियाभर में शोध का विषय रही है। तूतेन ने पुराने प्रचलित धर्म की पुनर्स्थापना की। प्रचलित सौर देव एमूम अथवा आमेन को पुनः प्रतिष्ठित किया। जनता के मन से धर्म का दबाव हटा दिया। उसे स्वाभाविक जीवन एवं स्वाभाविक परंपरागत अभ्यास करने से न तो रोका गया और न ही राज्य की ओर से प्रेरित किया गया। राज्य अपना काम करता रहा और जनता अपना। तूतेन की कार्यशैली ने उसे आज तक का सबसे महान फराओ बनाया। एक और देश का इतिहास बांच लेते हैं। ब्रिटेन में 1653 से 1658 का काल खंड जब राजा चार्ल्स से दुखी जनता को ओलिवर क्रोमवेल में अपना नेता दिखाई दिया। ये समय इंग्लैंड में प्यूरिटन काल कहलाया। प्यूरिटन जो प्योर अर्थात् शुद्ध माने जाते थे। ये सब विशुद्ध धार्मिक लोग थे। किसी भी साज श्रृंगार, काव्य, रसमय अभिव्यक्ति के पुरजोर विरोधी थे। इनके समय में नाटक और साहित्य अभिव्यक्ति के माध्यम हुआ करते थे,जिन पर राज्य का कठोर अंकुश था। जनता मनोरंजन के साधनों का प्रयोग नहीं कर सकती थी।

ओलिवर की मृत्यु के बाद उनके बेटे रिचर्ड ने शासन संभाला जिन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया। वह भी ओलिवर के पूर्व जनरल मोनक के द्वारा। 1660 में वही सरकार जिससे सब नाखुश थे रोयलिस्ट चार्ल्स की सत्ता आ गई। धर्म की रफ्तार हल्की पड़ गई। मानवीय आकांक्षा ये धर्म पर भारी साबित हुई। ओलिवर के शव को जो सालों पहले हीरो की तरह दफनाया गया था,कब्र से निकाल कर चौराहे पर लटका कर उसके सिर को धड़ से अलग किया गया। धर्म के प्रति ये कैसी अनासक्ति प्रकट हो गई? आज जब राम की नगरी की सीट की खबर सुनी तो बरबस ही बहुत सारे देशों का इतिहास दिमाग में उछलने लगा। आस्था,सत्ता पर हावी होती है पर जब-जब सत्ता आस्था की लकीर पीटती है। आस्था सत्ता की लाठी छीन लेती है। धर्म केवल धर्म के लिए हो सकता है,चुनाव के लिए मुद्दे पुराने ही चलेंगे।

# चुनावों के निहितार्थ

राजनीति चंचल होती है। यहां स्थायित्व नहीं होता। हार-जीत चुनावी राजनीति का अहम हिस्सा है। यही लोकतंत्र को प्राणवान और जीवंत बनाता है। सियासी दलों और नेताओं को लोकप्रियता,विश्वसनीयता और स्वीकार्यता घटती- बढ़ती रहती है। एक बार जनता का विश्वास खोने वाला दल अथवा नेता अगली बार पुनः जनता का विश्वास और समर्थन प्राप्त कर सकता है। सियासत में विश्वसनीयता स्थायी भाव नहीं होता है। इसके उलट तटस्थता, निष्पक्षता और जनपक्षधरता पत्रकारिता के बुनियादी तत्व हैं। यदि एक बार पत्रकारिता की विश्वसनीयता संदिग्ध हो गई उसे दुबारा पाना मुश्किल होता है।



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

2024 के लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए हैं। इन चुनावों में किसी राजनीतिक दल की स्वीकार्यता कुछ बढ़ी,किसी की थोड़ी बहुत घटी। जिन सियासी दलों की घटी,उनकी अगले चुनाव में बढ़ सकती है। जिनकी बढ़ी, संभव है कि अगले चुनाव में कम हो जाए,लेकिन पत्रकारिता के पेशे की विश्वसनीयता को पहुंची क्षति की भरपाई संभव नहीं है। पत्रकारिता के लिहाज से इस चुनाव का परिणाम यह है कि तथाकथित मुख्यधारा के खबरिया चैनलों की विश्वसनीयता रसातल में पहुंच गई। सुखद पक्ष यह है कि मुख्यधारा के खबरिया चैनलों के बरअक्स सोशल मीडिया की विश्वसनीयता एवं लोकप्रियता में कई गुना उछाल आया है। आने वाला वक्त सोशल मीडिया का है।

# नष्ट होते जंगल

हाल में उत्तराखंड में जंगलों की आग भारी चिंता का विषय है। अखबारों की खबरों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि जंगल की आग बुझाने का रवैया उदासीन है,जिन अग्निशमन कर्मचारियों को इस काम में लगाना था,उनकी चुनाव में ड्यूटी लगा दी गई सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार के मुख्य राज्य सचिव को तुरंत कोर्ट में हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है,सुप्रीम कोर्ट ने यह भी जानना चाहा कि चुनाव आयोग की विशिष्ट छूट के बाद भी वन विभाग के कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी कैसे लगा दी गई? उल्लेखनीय है कि अब से दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड में जिम कार्बेट पार्क में पेड़ों के कटान और अवैध खनन मामले में तल्ख टिप्पणी कर चुका है। अब जब 40 प्रतिशत वन क्षेत्र आग की चपेट में है तो इसे बचाने के लिए जिम्मेदार और भविष्य में आग की घटनाओं को रोकने और जंगलों को बचाने के लिए क्या सुप्रीम कोर्ट सख्त कदम उठाने के मूड में है या जंगल यों ही काटे जाते रहेंगे? निरंतर कम होता जा रहा वन क्षेत्र पर्यावरण चिंता का विषय बना हुआ है। पृथ्वी पर मौजूद पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से 46 प्रतिशत पेड़ समाप्त किए जा चुके है,420 बिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र ही धरती पर शेष हैं। हमारे देश में राष्ट्रीय वन क्षेत्र नीति के अनुसार 33.3 प्रतिशतभी भाग पर वन होने चाहिए,किंतु मात्र 19.5 प्रतिशत भाग पर ही वन रह गए हैं,जो एक गंभीर बात है। वनों की अंधाधुंध कटाई को रोका जाना और उन्हें आग से बचाया जाना बहुत जरूरी है अन्यथा पृथ्वी के बढ़ते तापमान को रोकना,पर्यावरण को और वन जीवों को बचाना नामुमकिन हो जाएगा। पर्यावरण को बचाना भी हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# भाजपा विधायकों व मंत्रियों के दावे हुए फेल, जनता ने कर दिया खेल

## सिर्फ सेउता विधानसभा क्षेत्र ने बचाई भाजपा की लाज, बाकी विधानसभाओं में मिली करारी हार

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की मतगणना सम्पन्न होने के बाद जहां भाजपा खेमे में मायूसी छाई रही। वहीं कांग्रेस खेमे में खुशी का माहौल नजर आया। लोकसभा सीतापुर की 5 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के 4 विधायक और नगर विकास राज्यमंत्री मिलकर भी भाजपा सांसद की हैट्रिक को पार नहीं करवा पाये। लाखों वोटों से जीत का दावा करने वाले 3 भाजपा विधायक और नगर विकास राज्यमंत्री अपने ही विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को जीत दिलाने में नाकाम रहे। महज एक भाजपा विधायक ही भाजपा को अपनी सीट से विजय दिलाने में कामयाब रहे।

▸▸ पांच विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के चार विधायक व नगर विकास राज्य मंत्री मिलकर भी नहीं दिलवा पाए हैट्रिक

9 विधानसभाओं और चार लोकसभा क्षेत्रों का नेतृत्व करने वाले सीतापुर जिले में योगी सरकार में दो राज्य मंत्री सहित 7 भाजपा विधायकों का कब्जा है। लोकसभा चुनाव में सेउता, बिसवां, महमूदाबाद, लहरपुर और सदर सीट से भाजपा विधायक व नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु सहित अन्य विधायकों ने मंच से निवर्तमान भाजपा सांसद राजेश वर्मा को 4 लाख मतों से जीताकर दिल्ली भेजने का दावा खोखला साबित हुआ ही। बावजूद इसके सेउता विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर भाजपा विधायक और मंत्री विधानसभा सीट पर भी कमल की रफ्तार देने में नाकाम रहे।


राकेश राठौर

सूचना विभाग द्वारा जारी किये गए विधानसभावार आकड़ों की बात करें तो 5 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा सिर्फ सेउता विधानसभा में 13825 मत पाकर कमल खिलाने में कामयाब रही थी। इसके अलावा नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु की सदर सीट, विधायक आशा मौर्या की महमूदाबाद सीट, विधायक निर्मल वर्मा की बिसवां सीट और लहरपुर सीट पर पूर्व विधायक रहे सुनील वर्मा की सीट पर भाजपा को करारी शिकस्त मिली।

| विस क्षेत्र | भाजपा के मत | कांग्रेस के मत |
|---|---|---|
| सीतापुर | 92923 | 109249 |
| लहरपुर | 86813 | 111261 |
| बिसवां | 77562 | 120093 |
| सेउता | 99662 | 85837 |
| महमूदाबाद | 84106 | 104027 |


राजेश वर्मा

### कार्यकर्ताओं की उपेक्षा ने भाजपा प्रत्याशी को दिलाई शिकस्त

दो बार से भाजपा के टिकट पर सांसद बने राजेश वर्मा तीसरी बार हैट्रिक लगाने की रेस में क्लीन बोल्ड हो गये। राजनीतिक जानकारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि लोकसभा चुनाव को इस बार पीएम मोदी के चेहरे पर लड़ा गया। पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी और बूथ लेवल पर धीमी गति से काम होना चुनाव हारने का प्रमुख कारण बना है। जानकार बताते है कि चुनाव सिर्फ बैठकों और सम्मेलन के बीच ही सिमट गया। जमीन पर जनता दरवाजे पर इंतजार करती रही और विपक्षी खेमे ने इस इन्तजार का फायदा उठा लिया।

### बिना वीआईपी जनसभा के राकेश बने सिकंदर

राजनीति के मंझे खिलाड़ी और बेबाक बात से अपनी बात रखने वाले नवनिर्वाचित सांसद राकेश राठौर ने भाजपा में विधायक रहते ही भाजपा की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद कर प्रदेश में अपनी पहचान बना ली थी। जनता से सीधा जुड़ाव और बिना किसी वीआईपी जनसभा के राकेश राठौर ने जनता के आशीर्वाद से जीत के सिकंदर बने हैं। भाजपा जहां अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए प्रधानमंत्री से लेकर,विधानसभा वार सीएम योगी, गृहमंत्री अमित शाह और डिप्टी सीएम के वीआईपी जनसभा कर जनता को अपनी ओर रिझाने का प्रयास कर रही थी। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन ने एक भी वीआईपी जनसभा जिले में नहीं लगी और वह जनता से सीधा संवाद कर अपने पक्ष में समर्थन की मांग कर बदलाव की बयार चलाकर सफल हुए।

### एक नजर

#### हादसे में तीन लोग घायल

**सेउता, सीतापुर, अमृत विचार।** दो बाईक आमने सामने टकरा गईं। जिसमें एक बाइक सवार पर तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से गम्भीर अवस्था में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। कस्बा रेउसा निवासी रिंकू उर्फ कमलेश श्रीवास्तव बुधवार को बाइक से अपनी पत्नी अनुराधा के साथ पुत्र नैतिक की दवा लेने बिसवां जा रहे थे। बिसवां-रेउसा रोड रसूलपुर के पास दूसरी बाइक ने सामने से टक्कर मार दी।

#### विवाद में चले लाठी-डंडे

**रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार।** रेउसा क्षेत्र के हिम्मतपुरवा में बच्चों की मारपीट में चाचा भतीजो में लाठी-डंडे चल गये। भतीजे अशोक जयसवाल के बच्चे, चाचा शिव भगवान के बच्चों में किसी बात को लेकर बुधवार को विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि चाचा भतीजों में लाठी डंडों के साथ मारपीट शुरू हो गई। जिसमें अशोक 40 वर्ष, नागेश्वर 50, सोनू जख्मी हो गए। सभी का पुलिस ने मेडिकल कराया।

# मायके में युवती ने फंदा लगाकर दी जान

## पुत्र की ससुराल पहुंचे परिजनों के साथ गांव वालों व मृतका के घर वालों ने की हाथापाई

महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** कोतवाली इलाके के ग्राम रुदाइन में एक युवती ने मायके में बुधवार की तड़के फंदा लगाकर जान दे दी । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना मिलने पर मृतका के ससुरालवालों से गांववालों व परिजनों ने हाथापाई की।

महमूदाबाद कोतवाली के ग्राम रुदाइन में उमेश पाल की 20 वर्षीय विवाहिता पुत्री मानसी ने मायके में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका मानसी की शादी रामसरन पुत्र महादेव निवासी महेशपुर थाना थानगांव के साथ तकरीबन एक वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका के परिजनों का कहना है कि मानसी ने ससुराल से रो-रोकर फोन किया था कि उसे घर वापस बुला लो। मृतका के पिता बीते मंगलवार को उसको ससुराल से बुला लाये थे। परिजनों का कहना है कि जब घर के लोग काम से खेत को चले गये, इसी बीच किसी वक्त मानसी ने फांसी लगा ली। परिजनों को पता तब चला जब वे खेत से सुबह लगभग 10-11 बजे वापस घर आये। घटना की जानकारी होते ही परिवार में रोना चिल्लाना शुरू हो गया, किसी ने इसकी सूचना महमूदाबाद थाने की पुलिस को दी। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। मृतका मानसी की पीठ पर चोट के निशान पाए गए हैं। ऐसे में मृतका के पिता का आरोप है कि उनकी बेटी को ससुराल में मारा पीटा गया इसीलिये उसने आहत होकर घर में फंदा लगा लिया।

▸▸ युवती के परिजनों ने ससुरालियों पर लगाया मारपीट का आरोप

▸▸ बोले- पुत्री ने ससुराल से फोन किया था, घर वापस बुला लो


मृतका के घर के बाहर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

वहीं मृतका मानसी का पति रामसरन व उसके सास-ससुर रुदाइन आए। जहां मृतका के सास-ससुर ने बताया कि किसी लड़ाई झगड़े के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है, वो शाम को हमारे घर से अपने मायके वापस चली आई थी। मृतका के पति ने बताया कि पत्नी की हालत गंभीर है की सूचना पर वह यहां आए हैं। हालांकि ससुराल पक्ष के लोगों का मृतका के परिजन व गांव की भीड़ ने काफी विरोध किया। गांववालों का कहना था कि उनके द्वारा ही मानसी को प्रताड़ित किया गया। जिसकी वजह से उसने फांसी लगा ली। विरोध के चलते दोनों पक्षों में काफी खींचातान हुई और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। ऐसे में मौके पर मौजूद पुलिस ने समझा-बुझाकर ससुराल पक्ष के लोगों को अपने वाहन में बिठा लिया। मामला शांत होते ही पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल इस मामले में पुलिस के मुताबिक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# तीसरे प्रयास में आयुष को नीट में मिली सफलता

महोली, सीतापुर

**अमृत विचार।** अगर आप में लगन और उत्साह है तो कुछ भी असंभव नहीं है। नगर के एक छात्र ने कुछ ऐसा कर दिखाया है। जिक्र हो रहा है नगर के आयुष का। नगर पंचायत के मोहल्ला शक्ति नगर निवासी आयुष त्रिवेदी पुत्र आशीष त्रिवेदी ने नीट परीक्षा में 700 में 673 अंक जुटाकर परिवार व कस्बे का गौरव बढ़ाया है।


आयुष त्रिवेदी

आयुष ने यह सफलता तीसरे प्रयास में प्राप्त की है। हालांकि बीते वर्ष भी उन्होंने नीट परीक्षा पास कर ली थी, लेकिन हैदराबाद कॉलेज मिलने के कारण इन्होंने बेहतर अंक लाने का संकल्प लिया और मंगलवार को आए नतीजे में इसे सच भी साबित कर दिया। आयुष के पिता आशीष त्रिवेदी यूपी पुलिस में निरीक्षक हैं, जबकि मां आरती त्रिवेदी गृहिणी हैं। इनके दादा बसंत लाल त्रिवेदी संघ से जुड़े हैं। चाचा वीरेंद्र विक्रम त्रिवेदी स्वास्थ्य विभाग में हैं। अपने तीन भाई-बहनों में सबसे छोटे आयुष अपनी सफलता का श्रेय बाबा व मां-पिता को देते हैं। आयुष के बड़े भाई अंशुल त्रिवेदी पीसीएसजे की तैयारी कर रहे हैं जबकि बहन श्रुति त्रिवेदी एमएफए करके नेट की तैयारियों में जुटी है। आयुष की इस सफलता पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# मिसबाह ने नीट की परीक्षा में किया टॉप

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** ग्रीन फील्ड एकेडमी की छात्रा क्योंटी कला गांव निवासी मिसबाह शाहिद अंसारी ने नीट की परीक्षा में टॉप कर अपने माता पिता, विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मिसबाह ने अपनी सम्पूर्ण शिक्षा ग्रीन फील्ड एकेडमी की हरगांव शाखा से प्राप्त की। कक्षा 10वीं तथा बारहवीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और साबित किया है कि यदि लगन हो और मेहनत की जाए तो सीमित साधनों में भी बुलंदियों को प्राप्त की जा सकती है। मिसबाह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता तथा शिक्षकों को दिया। इन्हे डॉक्टर बनने की प्रेरणा अपने पिता डॉक्टर शाहिद अख्तर से मिली जोकि स्वयं एक चिकित्सक भी हैं।


मिसबाह शाहिद अंसारी



### ग्रीन वॉल का हुआ बुरा हाल

हरियाली है धरा का भूषण, करती है ये दूर प्रदूषण... पर नगर निगम को इससे वास्ता नहीं। कानपुर के लाल इमली चौराहे पर वर्ष 2022 में नगर निगम ने वायु प्रदूषण कम करने के लिए यह ग्रीन वॉल बनाई थी, जिसमें छोटे-छोटे गमले लगाकर पौधे लगाए गए थे। पर्यावरण दिवस पर इनकी हालत देख लीजिए। हरियाली कब की खत्म हो चुकी और सूखे पौधे नगर निगम की सक्रियता की पोल खोल रहे। ● फोटो - मनोज तिवारी

# मोबाइल कॉल पर रिश्तेदार बता जालसाज ने ठगे एक लाख रुपये

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जिले में साइबर अपराध की घटनाएं लगातार जारी हैं। पुलिस इन घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। साइबर जालसाज ने थाना संपूर्णानगर के गांव मुरारखेड़ा निवासी एक किसान को व्हाट्सएप पर कॉल की और खुद को उनका रिश्तेदार बताया। झांसे में लेकर उनसे एक लाख रुपये अपने खाते में डलवा लिए। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ साइबर थाना पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

▸▸ खाते में 2.22 लाख रुपये भेज देने का दिया था लालच

गांव मुरारखेड़ा निवासी गुरुचरन सिंह उर्फ बाबा ने बताया कि घटना आठ मई की है। उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप पर कॉल आई। कॉलर ने खुद को रिश्तेदार बताते हुए अपना नाम चमकौर बताया। उन्होंने बताया कि चमकौर नाम का उनका एक रिश्तेदार भी है। उन्होंने सोचा कि उसकी की कॉल है। इसलिए ज्यादा ध्यान नहीं दिया और कॉलर से हालचाल पूछने लगा। तब आरोपी जालसाज ने कहा कि उसके दोस्त की मां की तबीयत अधिक खराब है। और मेरा ऑनलाइन पेमेंट कुछ दिक्कत कर रहा है। मैने तुम्हारे खाते में 2,20,000 रुपये डाल रहा हूं। कुछ ही मिनट में मोबाइल नंबर पर रुपये डालने का एक फर्जी संदेश भी आ गयचा। उन्होंने विश्वास कर बिना अपना खाता चेक किए ही आरोपी के भेजे गए बार कोड पर एक लाख रुपये भेज दिए। इसके बाद जब उन्होंने अपना खाता चेक किया तो बैंक खाते में कोई भी धनराशि विपक्षी के द्वारा प्राप्त हुई नहीं दिखी। तब उन्हें धोखाधड़ी होने की जानकारी हुई। उन्होंने आरोपी के खिलाफ थाना साइबर पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सार-संक्षेप


प्रभात फेरी निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

#### श्रीशतचंडी महायज्ञ व संत समागम पर निकाली कलश यात्रा

**लहरपुर, सीतापुर।** क्षेत्र के ग्राम दारानगर स्थित श्री वेंकटेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में बुधवार को श्री शतचंडी महायज्ञ एवं विराट संत समागम की शुरुआत पर बुधवार को एक कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर तक निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में महिलाओं, बच्चों और श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। श्री वेंकटेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण से कार्यक्रम के आयोजक बाबा पप्पू दास के नेतृत्व में विशाल कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से पूजा अर्चना किया। श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल उड़ाते हुए सूर्यकुंड मंदिर स्थित पवित्र सरोवर में विधि विधान से पूजा अर्चना की और जल को भरकर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचे, जहां उन्होंने पवित्र जल से यज्ञस्थल को पवित्र कर शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ किया। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

#### चार वाहनों को कोतवाली में किया सीज

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** बुधवार को परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर चार वाहनों को कोतवाली में सीज किया। एआरटीओ संजय गुप्ता ने बुधवार को तहसील मार्ग पर वाहनों का चेकिंग अभियान चलाकर ईंटों से लदी दो ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली, एक लकड़ी से लदी पिकअप व एक वैन को उचित प्रपत्र ना दिखा पाने पर कोतवाली में सीज कर दिया, परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे चेकिंग अभियान की जानकारी होते ही भारी संख्या में वाहन चालक अन्य मार्गो से निकल गए। एआरटीओ संजय गुप्ता ने बताया कि अब चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

#### सात दिन से सड़क पर झुका पेड़ बना मुसीबत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के अस्पताल रोड पर जिला अस्पताल के पास पिछले सात दिन से एक विशालकाय पेड़ पूरी रोड पर आकर झुक गया है। इससे उधर से निकलने वाले राहगीरों को दिक्कत होती है। वहीं यह पेड़ हादसे को दावत भी दे रहा है। मगर, जिम्मेदार इस पेड़ को हटवाने की पहल नहीं कर रहे हैं। सात दिन पहले गुरुऊवार रात आई आंधी में शहर में तमाम पेड़ टूटकर गिर गए तो कुछ उखड़ तक गए। राजकीय इंटर कॉलेज से सदर चौराहा जाने वाली रोड पर जिला अस्पताल के निकट एक विशालकाय पेड़ आंधी की चपेट में आकर गिरा तो नहीं, बल्कि झुक कर पूरी सड़क पर फैल गया। तब से यह पेड़ इसी तरह पूरी सड़क घेरे हुए है। ऐसे में सदर चौराहे से जीआईसी से लेकर जेल, महिला अस्पताल आने वालों को असुविधा होती है। वहीं इसके गिरने से कभी भी कोई हादसा हो सकता है। मगर, जिम्मेदार इस पेड़ को हटाने की सुधि नहीं ले रहे हैं। इससे शहरवासियों में नाराजगी है।


जिला अस्पताल के निकट सड़क पर झुका पेड़।

#### मारपीट की घटनाओं में चार महिलाओं सहित छह घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में अलग अलग मारपीट की तीन घटनाओं में चार महिलाओं सहित छह घायल हो गए। ग्राम मुल्लापुर की रामा पत्नी अंकुश ने बताया कि 31 मई की रात नौ बजे गांव का पलटू राम अपने पुत्रों रूपेश और राहुल के साथ घर में घुस आया। उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम दूल्हापुर किसान निवासी मेवाराम की किसी बात को लेकर गांव के लालाराम की पत्नी, प्रेमपाल की पत्नी स्नेहलता, पुत्रियों पूजा व नीतू ने गाली गलौज कर मेवाराम की लाठी डंडों और लात-घूंसों से पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी चारों महिलाओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी में कराया। उधर साहूपुर में शाम सात बजे आजम अपने घर के दरवाजे पर खड़ा था। गांव के ही उस्मान, इंतकार , आदिल , लाल मोहम्मद बिजली का खंभा को तार पकड़ कर हिलाने लगे, जिससे तारों में स्पार्किंग होने लगी। मना करने पर उसके साथ लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। उसे बचाने आई मां जरीना, बहन राहिल बानो ,चचेरी बहन और भाई उमर मोहम्मद के साथ मारपीट की, जिससे सभी चोटिल हो गए।

# चुनावी छींटाकशी के विवाद में पिता-पुत्र को चाकू से गोदा

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार :** थाना व कस्बा खमरिया में चुनावी छींटाकशी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इससे गुस्साए एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के एक युवक पर चाकुओं से हमला कर दिया। पुत्र को बचाने जब उसका पिता पहुंचा तो आरोपियों ने उन पर भी चाकुओं से कई वार किए, जिससे पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की है

कस्बा खमरिया बाजार निवासी रवि गुप्ता ने बताया कि वह अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी बीच उनके गांव का विकास कश्यप अपने भाई विनय कश्यप, राजू व राजेश कश्यप के साथ आ गया और चुनाव को लेकर छींटाकशी करने लगे। उसने जब विरोध किया तो आरोपी गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। आरोप है कि हमलावरों ने उस पर चाकुओं से कई वार किए, जिससे वह घायल हो गया। शोर शराबा होने पर उसके पिता हरिशंकर गुप्ता बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों के आने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घायल पिता-पुत्र किसी तरह थाना पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

▸▸ दोनों घायलों की हालत गंभीर अस्पताल में भर्ती

# खेत की जुताई कर रहे किसान पर हमला

**निघासन, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के खडरिया फार्म पर अपने खेत की जुताई कर रहे एक किसान पर पांच लोगों ने हमला बोल दिया। लाठी-डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि धारदार हथियारों से भी प्रहार किए, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल की तहरीर पर पांचों आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट आदि की रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव खडरिया फार्म मजरा लुधौरी निवासी गुरजीत सिंह ने बताया कि वह मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे अपना निजी खेत जोत रहा था। तभी अचानक पड़ोस के ही बलजीत सिंह, बलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, मंशापुरवा निवासी रमाकांत, धर्मापुर निवासी ओमकार लाठी, डंडा व धारदार हथियार लेकर आ गए। गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

# शारीरिक शोषण के मामले में चार के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** दिल्ली की रहने वाली एक युवती ने कोतवाली क्षेत्र के गांव इस्लामनगर निवासी एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ नामजद शारीरिक शोषण का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके पास में रहने वाली एक दूसरी युवती ने उसकी बात अपने भाई गांव इस्लामनगर थाना कोतवाली गोला निवासी रिहान अहमद से कराई तथा यहां आकर मिलने को कहा। रिहान ने उस समय अपना नाम रोहित बताया और उससे मिलने दिल्ली भी आ गया। तीन-चार सालों तक शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा।

युवती ने बताया कि जब भी उसने शादी करने की बात कही तो विपक्षी टालमटोल करने लगा। एक दिन पीड़िता को रिहान का आधार कार्ड उसकी जेब से मिल गया। जिसमें रोहित की जगह पर युवक का नाम रिहान अहमद लिखा हुआ था। उसके द्वारा पूछने पर युवक आग बबूला हो गया और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और उसे वहीं छोड़कर यहां आ गया। आरोप है कि युवती के साथ रिहान अहमद, उसके बहनोई शकील अहमद, नूर बानो और जहांगीर ने मारपीट भी की।

# पौधे लगाने व संरक्षण का दिया संदेश

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर के बादल नगर पार्क में सभासदों, पालिका कर्मियों ने पौधारोपण किया।

मोहल्ला मुन्नूगंज वार्ड नम्बर 12 स्थित बादल नगर पार्क में अशोक, नीम, अमरूद आदि के पौधे नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने रोपित कराएं। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाने और उसकी देखभाल का संदेश दिया। इस दौरान सभासद धर्मेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र वाल्मीकि, धर्मेंद्र जायसवाल, रज्जन खां, हरिओम वर्मा, इजरान अहमद अंसारी, शाहिद अंसारी आदि रहे। गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने पौधा रोपण किया। कृषक समाज इंटर कॉलेज में विज्ञान भारती अवध प्रांत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में हुई गोष्ठी हुई। पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डिप्टी सीएमओ डॉ रविंद्र नाथ वर्मा ने पारिस्थितिकी तंत्र का हमारे जीवन में महत्व विषय पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न रोगों से होने वाले वैश्विक मृत्यु का 24 फीसदी पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित है। मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक रविप्रकाश वर्मा ने ग्लोबल वार्मिंग, समुद्री जलस्तर में वृद्धि, हवा की खराब गुणवत्ता, प्राकृतिक आपदाओं पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।


सीजीएन पीजी कॉलेज में पौधरोपण करतीं छात्राएं। अमृत विचार

इस दौरान डॉ. अनिल कुमार, प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज आदि रहे। सीजीएन पीजी कॉलेज में फलदार, छायादार एवं औषधियुक्त पौधे रोपित किए गए। चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैंपस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद के प्रभारी कृषि अधिष्ठाता डॉ लोकेन्द्र सिंह, डॉ रविंद्र कुमार आदि ने पौधे लगाए।

एक नजर

### प्रत्याशी कल जमा करें चुनाव खर्च विवरण

**अयोध्या। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को कल सात जून को चुनाव खर्च जमा करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा अपना निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित प्रारूप पर जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कराया जाना अनिवार्य है। इसमें असफल होने की दशा में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10 (क) के अधीन कार्यवाही व दण्ड की व्यवस्था है। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को नामांकन तिथि से निर्वाचन परिणाम घोषणा की तिथि तक निर्वाचन व्यय लेखा जमा कराने के लिए सात जून को सुबह 10 बजे जिला पंचायत भवन में बुलाया है। उन्हें अपने साथ रजिस्टर, सभी बिल/वाउचर और बैंक स्टेटमेंट के साथ उपस्थित होने के लिए कहा है। जिससे समय से लेखा मिलान कार्य किया जा सके।

### बार एसोसिएशन रुदौली का चुनाव आज

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** बार एसोसिएशन रुदौली का चुनाव आज गुरुवार को संपन्न होगा। शांति व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकार आशीष निगम, कोतवाल रुदौली देवेंद्र सिंह ने बुधवार को तहसील पहुंचकर चुनावी गतिविधि का जायजा लिया। एल्डर्स कमेटी के चेयर मैन साहब सरन वर्मा व चुनाव अधिकारी हरिनारायण यादव ने बताया कि अधिवक्ता समिति के चुनाव के लिए विभिन्न पदों के लिए कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। आज बृहस्पतिवार को सुबह नौ बजे से दोपहर बजे तक मतदान होगा।इसके बाद दोपहर तीन बजे मतों की गिनती शुरू की जाएगी।गिनती पूरी होने के बाद परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।



# अयोध्या धाम में कोड युक्त दो हजार ई-रिक्शे ही चल सकेंगे

## टेढ़ी बाजार चौराहे पर चालकों के प्रदर्शन के बाद बनी सहमति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम में बुधवार को ई-रिक्शा चालक रामपथ पर संचालन की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए। आक्रोशित सैकड़ों चालकों ने टेढ़ी बाजार चौराहे पर पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। इलेक्ट्रिक बस और गोल्ड कैफे के संचालन पर रोक लगाए जाने की मांग की। काफी देर तक चले हंगामे के बाद मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। मान-मनौव्वल का दौर शुरू हुआ तो चालकों ने अपनी मांगें सामने रख दीं। इसके बाद अयोध्या धाम में कोड युक्त दो हजार ई-रिक्शों के संचालन की अनुमति मिलने के बाद आक्रोश शांत हुआ। इसके साथ ही कई मुद्दों पर प्रतिबंधित भी किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ ही रामपथ पर ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगा दी गई थी। रिक्शों की बढ़ती संख्या के कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस पर पुलिस ने कार्रवाई की थी। आज प्रदर्शन के बाद सीओ आशुतोष मिश्रा, कोतवाली निरीक्षक मनोज कुमार, देवेंद्र पांडेय और यातायात प्रभारी अभिमन्यु कुमार ने ई-रिक्शा चालकों से वार्ता की। कई बिंदुओं पर सहमति बनी।



टेढ़ी बाजार चौराहे पर प्रदर्शन करते ई-रिक्शा चालक। अमृत विचार



थाना राम जन्मभूमि में ई-रिक्शा चालकों से वार्ता करते पुलिस अधिकारी।

### इन शर्तों पर संचालन की होगी अनुमति

- रामपथ पर श्रीराम अस्पताल से पुराना डाकखाना के बीच ई-रिक्शा संचालन प्रतिबंधित रहेगा।
- सहादतगंज से श्रीराम अस्पताल और लता चौक से पुराना डाकखाना चौराहे तक ही संचालन होगा।
- संचालन के दौरान सभी मानकों को पूरा करना होगा। जिसमें कोड युक्त ई-रिक्शा, वाहनों पर चार से अधिक सवारी नहीं, रेट लिस्ट और चालक का ड्राइविंग लाइसेंस जरूरी।

### अयोध्या के बाहर के ई-रिक्शे नहीं चलने दिए जाएंगे

यातायात प्रभारी अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि ई-रिक्शा चालकों के बीच संचालन के लिए बुधवार को मानकों को तय किया गया है। प्रतिबंधित मार्ग पर ई-रिक्शा दिखाई दिया तो सीज किया जाएगा। अयोध्या के पंचकोसी परिक्रमा के अंदर रहने वाले निर्धारित 2000 ई-रिक्शा को कोड युक्त किया गया है। उन्हीं का संचालन होगा। कई महीनों से अयोध्या में कुमारगंज, रुदौली, मिल्कीपुर, गोसाईगंज, और गोंडा जिले से जुड़े कटरा, नवाबगंज, बस्ती के परसरामपुर क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में ई-रिक्शे अयोध्या में संचालित हो रहे हैं। पुलिस कार्रवाई कर रही है। अब तक 300 से अधिक चालकों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

### पुलिस कर रही ई-रिक्शा चालकों पर अत्याचार

ई-रिक्शा संचालक अभिषेक निषाद का आरोप है कि अयोध्या में आए दिन अत्याचार हो रहा है। मनमाने ढंग से रास्ता बंद कर दिया जाता है। चौराहों पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी रास्ते से गुजरने के लिए पैसे मांगते हैं। यदि हमारे पास होता तो ई रिक्शा क्यों चलाते। इस तरह से जबरन पैसा वसूली की जा रही है। नहीं देने पर चालान कर दिया जाता है।

### रसीद कटाते हैं, इलेक्ट्रिक बसों पर भी लगे प्रतिबंध

ई-रिक्शा यूनियन के नेता पवन तिवारी ने बताया कि पुलिस अधिकारियों से वार्ता में ई-रिक्शा के संचालन पर कुछ स्थानों के लिए सहमति बनी है, लेकिन अभी हमारी मांगें पूरी नहीं हुई हैं। नगर निगम 25 रुपये की टोकन रसीद काट रहा है। इसके बावजूद हमें चलने की अनुमति है। हमारे लिए प्रतिबंधित मार्ग पर भी इलेक्ट्रिक बस और ठेका गाड़ी चलाई जा रही है। इसे भी बंद किया जाना चाहिए।

### विश्वविद्यालय की परीक्षा में सात नकलची दबोचे

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा में बुधवार को तीन पालियों में 75875 परीक्षार्थियों में से 1043 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं प्रथम पाली की परीक्षा में सचलदल की सघन तलाशी अभियान में सात परीक्षार्थी नकल करते हुए धरे गए। इन छात्रों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम पाली में 23307, द्वितीय पाली में 24212 व तृतीय पाली में 28356 परीक्षार्थी शामिल रहे। जिनमें क्रमशः 161, 315 एवं 567 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

## दो माह में दिखेगा राम जन्मभूमि परिसर का बदला स्वरूप

अयोध्या कार्यालय



ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय से मुलाकात कर कार्यशाला से बाहर खड़े विश्व तीर्थ प्रसन्नआचार्य।

**अमृत विचार :** दो महीने पहले अयोध्या में आया था। आज मंदिर निर्माण कार्य को देखने के लिए आया हूं। मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से जारी है। अगले दो महीने में बहुत कुछ बदला स्वरूप नजर आएगा। ये बातें बुधवार को श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य और उडुपी पीठाधीश्वर विश्व तीर्थ प्रसन्नआचार्य ने कहीं। वो राम जन्मभूमि परिसर में हो रहे मंदिरों के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने राम मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन भी किया। इसके बाद रामघाट क्षेत्र स्थित ट्रस्ट कार्यालय में महासचिव चंपत राय से मुलाकात कर आगामी तैयारी की जानकारी भी ली।

▶▶ श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का उडुपी पीठाधीश्वर विश्व तीर्थ प्रसन्नआचार्य ने किया निरीक्षण

## सीवर कनेक्शन से जुड़ेंगे 28 हजार घर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अमृत योजना के तहत दूसरे चरण में 274 करोड़ रुपये की लागत से अयोध्या में सीवर लाइन बिछाई जाएगी। इसके माध्यम से अयोध्या कैंट और धाम के करीब 28 हजार घरों को सीवर कनेक्शन का लाभ मिल सकेगा। बताया गया है कि सीवर लाइन बिछाने के लिए शुरू हुआ प्रथम चरण का काम एक माह में पूरा हो जाएगा।

अमृत योजना के दूसरे चरण में अयोध्या कैंट के कौशलपुरी, रामनगर, खोजनपुर, नाका, जनौरा, देवकाली, लालबाग और मकबरा समेत आसपास के अन्य क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके तहत कुल 126 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन अलग-अलग हिस्सों में बिछाई जाएगी। इसका लाभ अयोध्या धाम को भी मिलेगा। धाम के जिन इलाकों में अभी तक सीवर लाइन नहीं बिछ सकी है, वहां 10 किमी. लंबी सीवर लाइन भी बिछेगी।



प्रतीकात्मक

**274** करोड़ रुपये की लागत से होगा काम

**अमृत योजना के दूसरे चरण में सीवर लाइन बिछाने का प्रस्ताव तैयार**

> दूसरे चरण में सीवर लाइन बिछाने के साथ चार सीवेज पंपिंग स्टेशन भी बनाए जाएंगे। अमृत योजना के प्रथम चरण के तहत चल रहा सीवर लाइन बिछाने का काम भी अगले एक महीने में पूरा कर लिया जाएगा। दूसरे चरण का काम पूरा होने के बाद अयोध्या कैंट और धाम के लगभग सभी घर सीवर से जुड़ जाएंगे। **-आनंद दूबे, अधिशासी अभियंता, जल निगम नगरीय**

# छह माह में मिल्कीपुर में फिर मचेगा चुनावी घमासान

**विधायक बनने की चाह भी रही वोटों के तिकड़म में शामिल**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मिल्कीपुर के सपा विधायक अवधेश प्रसाद सांसद बन गये। अब मिल्कीपुर विधानसभा से विधायकी के लिए छह महीनें के अंदर घमासान मचेगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसने भी खासा नुकसान पहुंचाया। कई की निगाह सीट खाली कराने पर रही। जिससे विधायक बनने की राह आसान हो जाए।

मिल्कीपुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र है। सपा से अवधेश प्रसाद यहां से विधायक हैं। विधायक प्रसाद को टिकट मिलने के बाद सपा और भाजपा में यह सीट खाली कराने के लिए सपा प्रत्याशी की जीत के लिए जी तोड़ मेहनत शुरू हो गई। अनुसूचित जाति के सपा नेताओं की मेहनत तो पार्टी हित में थी। पार्टी में भविष्य के लिए साख बनाने वाली रही है। ऐसे कई नेता सक्रिय हो गए। उसका भी लाभ सपा प्रत्याशी को मिला। लेकिन पार्टी लाइन से हटकर भाजपा के कई नेता ऐसे रहे जो सपा प्रत्याशी को जिताकर सीट खाली करवाने के फेर में लग गए।वह काम तो भाजपा का कर रहे थे। बड़े नेताओं की नजर में रहने के लिए प्रमुख स्थानों पर दिखते थे। प्रचार भी खूब किया। प्रचार के ढंग से पार्टी के लोग सबकुछ समझ रहे थे, लेकिन मौन रहे।

अब सांसद बनने के साथ ही विधायक इस्तीफा देंगे। दौड़ शुरू होगी। सपा के साथ ऐसे कई चेहरे भी टिकट की दौड़ में शामिल होंगे। सूत्रों की माने तो पार्टी हाईकमान की नजर इस पर भी है। फिलहाल छह महीने के अंदर एक बार फिर विधानसभा का दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा।

# यूं तो हो चुकी समदा पक्षी विहार की सुरक्षा

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** समदा पक्षी विहार की सुरक्षा को लेकर वन विभाग ही नहीं स्थानीय लोग भी तहसील प्रशासन पर अंगुली उठा रहे हैं। यह बात वन विभाग द्वारा पकड़ कर पुलिस को सौंपे गए झील के तीन अवैध शिकारियों को उप जिलाअधिकारी द्वारा जमानत देने के बाद उभर कर सामने आ रही है। उप जिलाअधिकारी पर भी ग्रामीण और समदा झील के पैरोकार भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं।

आरोप है रविवार को वन विभाग की टीम ने सुबह ही झील पर छापा मारकर मौके से तीन शिकारियों को पकड़ कर पूराकलंदर पुलिस के हवाले किया था। मोइया कपूरपुर के मजरे नेवाती पुरवा निवासी शहजाद, शकीम, खुशनसीब को जाल, कांटा, मछली सहित पकड़ा गया। पुलिस ने इन पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में केस दर्ज कर शांति भंग की धारा में चालान कर सोमवार को उप जिलाअधिकारी के न्यायालय में पेश किया और जेल भेजने की सिफारिश की, ताकि अन्य चोरों और शिकारियों में भय बढ़े और दूसरी घटनाओं को बल न मिले। लेकिन शाम होते-होते सभी आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया। यह कार्रवाई अब वन विभाग और स्थानीय लोगों को नागवार गुजर रही है। कोला निवासी कांग्रेस नेता लाल मोहम्मद, भाकियू के प्रदेश सचिव फरीद अहमद आदि ने इसे भ्रष्टाचार का लाभ बताकर विरोध जताते हुए प्रदेश के मुखिया तक गुहार लगाई है। दोनो ने कहा यूं तो हो चुकी समदा की सुरक्षा और विकास। जब रक्षक ही आंख बंद करने लगेंगे तो दूसरे क्या कर सकेंगे।



सोहावल की समदा झील में जाल डाले शिकारी। अमृत विचार

> आरोपी शिकारियों को जेल भेजने से दूसरों के लिए एक संदेश निकलता। कारण क्या था नहीं जानता, लेकिन इसकी सुरक्षा और विकास करना है तो सभी को मिलकर कार्य करना होगा। **- आरके त्रिगुनायट, रेंजर, वन रेंज, सोहावल**

# डॉक्टर बिना कोट के, बाहरी युवक एप्रन डाल बैठा था ओपीडी में

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बुधवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया। यहां चिकित्सक बिना एप्रन के बैठे हुए थे, जबकि एक अनाधिकृत व्यक्ति एप्रन डाले हुआ था। इस मामले की पोल तब खुली जब लखनऊ से सीएमएस को फोन आया। इसके बाद ही उन्होंने ओपीडी का निरीक्षण किया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ के पास भी एक और अनाधिकृत व्यक्ति कोल्ड ड्रिंक पीता मिला। सीएमएस की फटकार के बाद वह फुर्र हो गया। जब सीएमएस ने बाल रोग विशेषज्ञ की तरफ देखा तो वह बगलें झांकने लगे। इसके बाद उन्होंने संबंधित चिकित्सक से स्पष्टीकरण तलब किया है।

लखनऊ डायरेक्टरेट में बुधवार को प्रमुख सचिव स्वास्थ्य निरीक्षण करने पहुंचे थे। इससे पहले ही वहां अलर्ट रहे कर्मचारियों ने जिला अस्पताल के सीएमएस को फोन कर बताया कि आपके यहां कुछ डॉक्टर बिना एप्रन के ओपीडी कर रहे हैं। अभी प्रमुख सचिव साहब कंट्रोल रूम से सभी अस्पतालों में लगे सीसीटीवी देख सकते हैं। आप मौके पर जाकर सभी से एप्रन पहनने के लिए कहिए। यह सुनते ही डॉ. उत्तम कुमार ओपीडी का निरीक्षण करने के लिए निकले। उनके साथ में अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा भी मौजूद रहे।

दोनों जब कक्ष संख्या 11 में पहुंचे तो डॉ. विपिन वर्मा ने एक बाहरी युवक को पकड़ लिया। वह एप्रन डाले हुआ था। इसके बाद पुलिस को सूचित कर उसे सौंप दिया। सीएमएस थोड़ी दूर आगे बढ़कर बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक और अनाधिकृत व्यक्ति डॉक्टर अनिल वर्मा के साथ बैठकर कोल्डड्रिंक पी रहा था। उन्होंने फटकार लगाई।





एप्रन डाले खड़ा अनाधिकृत व्यक्ति। अमृत विचार

▶▶ पुलिस को सौंपा गया अनाधिकृत युवक, चिकित्सक से स्पष्टीकरण तलब

▶▶ जिला अस्पताल में लखनऊ से आया फोन तो सीएमएस के निरीक्षण में खुली पोल

### एसएसपी को फिर कार्रवाई के लिए पत्र

निरीक्षण के बाद सीएमएस की ओर से एसएसपी को पत्र लिखा गया है। उसमें जिक्र किया गया है कि चिकित्सालय परिसर में अनाधिकृत व्यक्ति घूमते हैं। ये अनावश्यक दबाव बनाकर बाहर की दवा व जांच कराते हैं। जिस कारण गरीब मरीजों को सरकारी सेवा का लाभ नहीं मिल पाता है। आप अपने स्तर से सम्बन्धित पुलिस चौकी इंचार्ज रिकाबगंज को समय समय पर भ्रमण कर कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

> पुलिस बुलाकर एप्रन डाले एक अनाधिकृत व्यक्ति को सौंप दिया गया है, जबकि एक व्यक्ति भाग निकला। डॉ. अनिल वर्मा से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। **- डॉ. उत्तम कुमार, सीएमएस**

# अग्रणी व आंचल ने नीट में पाई सफलता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में दो लड़कियों अग्रणी व आँचल ने नीट सफलता प्राप्त करके माता-पिता और जिले का नाम रोशन किया है।

विकासखंड पूरा बाजार के रामपुर सरधा निवासी अग्रणी सिंह सूर्यवंशी ने मात्र एक वर्ष की तैयारी में ही 720 मे से 616 अंक प्राप्त किये। उन्हें 62735 वीं रैंक मिली है। अग्रणी सिंह ने इंटरमीडिएट की परीक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल अयोध्या से पास करके नीट की तैयारी शुरू कर दी थी। अग्रणी के पिता नागेंद्र सिंह सेना के रिटायर्ड है और माता अमिता सिंह गृहिणी हैं। वहीं नीट परीक्षा में 720 में 665 अंक पाकर आंचल पटेल ने जिले का नाम रोशन किया है। ग्रामीण परिवेश में पली, बढ़ी खानपुर मसौधा मजरे भूपतिपुर निवासी राम गोविंद वर्मा की पुत्री आंचल ने बताया कि पिता के बताए हुए रास्ते पर चलकर उसने डॉक्टर बनने का सपना देखा था। झुनझुनवाला पीजी कॉलेज चांदपुर हरिवंश से बीएससी की डिग्री भी हासिल कर तीसरे प्रयास में नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। मेरा ऑल इंडिया रैंक में 17320 स्थान है।



अग्रणी सिंह



आंचल पटेल

### सार-संक्षेप

### सीता चौरा के पास मिला अधजला शव

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** इनायत नगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंधौरा में सीता चौरा स्थान पर एक अधजला शव मिला है। हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी प्रवीण मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मौके पर पहुंचे इनायत नगर इंस्पेक्टर संदीप कुमार सिंह ने बताया कि अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। अगल-बगल के थानों को सूचना करवाई जा रही है। शिनाख्त होने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। शव को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। शव मिलने से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया है।

### भाकियू की महापंचायत आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन आज छह जून को अधिशासी अभियंता नलकूप के कार्यालय परिसर में किसान महापंचायत आयोजित करेगी। यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा और जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने बताया कि 25 सूत्री समस्याओं का ज्ञापन जिलाधिकारी को सप्ताह पहले सौंपा गया। जिसमें से एक भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। किसान महापंचायत के मुख्य अतिथि भाकियू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लंबरदार, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव सुरेश यादव होंगे।

### ग्राम सभा के तीन तालाबों में भरवाया पानी



तालाब में भराया गया पानी। अमृत विचार

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम सभा कूढ़ा सादात की ग्राम प्रधान निसार फ़ातिमा ने बुधवार को ग्राम सभा के सूखे पड़े गांव के मोहइया तालाब, तारा तालाब व बड़ा तालाब में पशु पक्षियों लिए पानी भरवाया। प्रधान प्रतिनिधि मुन्ने ने बताया कि यह काम मैंने अपने निजी व्यय से कराया है। ग्राम प्रधान ने बताया कि प्रत्येक जीव की सेवा करना हम सबका कर्तव्य व मानवीय धर्म है। इसी उद्देश्य से प्रेरित होकर सूखे पड़े तालाबों में पानी भराया गया है।

### हेल्पलाइन नंबरों के बारे में किया जागरूक

**अयोध्या। अमृत विचार :** पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न स्कूल,पार्क, सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जागरुक किया गया। एसएसपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि स्कूलों के आस पास घूम रहे कम उम्र के लड़कों से पूछताछ कर हिदायत भी दी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस सहायता के लिए वुमेन पावर लाइन 1090 व यूपी 112 , ऑपरेशन कवच 181 महिला हेल्पलाइन ,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, साइबर अपराध (1930) के बारे में बताया गया।



मौसम की मार

**41 डिग्री रहा तापमान, उमस के बाद दोपहर में बाजारों में नहीं दिखी रौनक**

# सुबह बूंदाबांदी, दोपहर में आसमान से निकले शोले

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** काफी दिनों से नरम-गर्म रहने के बाद बुधवार की सुबह मौसम एकाएक करवट ली। आसमान में बादल छा गए। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई। सुबह आठ से 10 बजे तक मौसम सुहाना रहा, लेकिन उसके बाद बादलों की ओट से जैसे ही सूर्य देव निकले मानो आसमान शोले उगलने लगा। दोपहर में सड़कों पर उतरे लोग राहत पाने के लिए पेड़ों की छांव खोजते रहे।

सुबह मिल्कीपुर, कुमारगंज क्षेत्र के कुछ इलाकों में हल्की-बूंदाबांदी का समाचार मिला। ठंडी हवा चलने लगीं। लोगों को लगने लगा कि अब कुछ राहत मिली, लेकिन सुबह साढ़े दस बजे के करीब तेज धूप हो गई। दिन भर उमस भरी गर्मी से लोग परेशान दिखे। चौक, देवकाली, नाका व नियावां समेत अन्य जगहों पर शाम के समय लोग खरीदारी करने के लिए निकले। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ.सीताराम मिश्र ने बताया कि अधिकतम तापमान 41 व न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आगामी 24 घंटे में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है।





भीषण तपिश में ओढ़नी ओढ़कर घर से बाहर निकलीं युवतियां एवं छाता लेकर जाती बच्ची।

### जारी है बिजली के आंख मिचौली का खेल

भीषण गर्मी के दौरान ट्रिपिंग की समस्या बढ़ गई है। आलम यह है कि एक घंटे में सात से आठ बार बिजली आंख मिचौली का खेल खेल रही है। शहर के कुछ इलाके से अधिक प्रभावित हैं। कौशलपुरी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े घरों में भी बार-बार 10-10 मिनट के अंतराल पर ट्रिपिंग हो रही है। ग्रामीण इलाकों में भी परेशानियां बढ़ी हैं। विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता प्रदीप वर्मा ने बताया कि गर्मी में लोड बढ़ने के कारण ही ट्रिपिंग की समस्याएं सामने आती हैं। इसका हल निकाला जा रहा है।

# युवक की पीपल के पेड़ से लटकी मिली लाश

**मिल्कीपुर, अयोध्या :** इनायत नगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम बसवार कलां मजरे टोडर गोसाई में एक युवक ने पीपल के पेड़ में गमछे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची हैरिंग्टनगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम बसवार कला के मजरा टोडर गोसाई निवासी सुनील कुमार गोस्वामी (32) पुत्र हरीराम गोस्वामी ने गांव के बाहर पीपल के पेड़ पर काफी ऊंची डाल पर गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान अशोक तिवारी को दिया। मौके पर पहुंचकर ग्राम प्रधान श्री तिवारी ने स्थानीय पुलिस को घटना के बाबत सूचित किया। हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार मिश्रा ने बताया कि लाश को पेड़ से उतरवा कर कब्जे में ले लिया गया है। घटना के पीछे का कारण अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



## यूपी की जमीनी हकीकत भांप नहीं पाई पार्टी तो बंगाल में मतदाता का मिजाज समझने में फिर कर बैठी चूक

# यूपी, बंगाल, महाराष्ट्र और राजस्थान ने कर दिया भाजपा की उम्मीदों का बंटाधार

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में सपा मुखिया अखिलेश यादव की अगुवाई में इंडिया गठबंधन तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को लोकसभा चुनाव में बहुमत के आंकड़े से रोक दिया। इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम भाजपा के लिए हैरत भरे रहे। यूपी में जहां भाजपा जमीनी हकीकत नहीं भांप पाई तो बंगाल में ममता के जादू की काट खोजने में एक बार फिर विफल रही। इन दो राज्यों के बाद महाराष्ट्र और राजस्थान में मिला झटका भाजपा के सामने तमाम सवाल छोड़ गया है।

भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को प्रदेश में 64 सीटों पर जीत मिली थी। इनमें 62 सीटें भाजपा के खाते में आई थीं। इस बार एनडीए को 36 सीटें मिली हैं, जिनमें भाजपा की संख्या 33 है। इस तरह प्रदेश में भाजपा की सीटें लगभग आधी रह गई हैं। इसके मुकाबले इस बार सपा का वोट शेयर 18 फीसदी से बढ़कर 33.5 फीसदी पर पहुंच गया। उसने प्रदेश में अब तक की सबसे ज्यादा 37 सीटें हासिल कर लीं। यूपी में इंडिया गठबंधन के पास 43 फीसदी वोट शेयर होने से एनडीए जिसके पास भी लगभग इतना ही वोट शेयर था, के साथ कांटे की टक्कर रही। पिछली बार 2019 के चुनाव सपा-बसपा गठबंधन का वोट शेयर 37.3 फीसदी था, जो एनडीए के लगभग 50 प्रतिशत से काफी पीछे था। इंडिया गठबंधन के वोट शेयर में बड़ा उछाल आने का कारण प्रत्याशियों का चयन और युवाओं की नाराजगी माना जा रहा है।

**सपा प्रमुख अखिलेश यादव और टीएमसी अध्यक्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झटका देकर रोक दी बहुमत के आंकड़े की राह**



### उत्तर प्रदेश के आंकड़े

एनडीए : 2019

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| भाजपा | 62 | 49 .97 |
| अपना दल | 02 | 1.21 |

एनडीए : 2024

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| भाजपा | 33 | 41 .37 |
| अपना दल | 01 | 0 .92 |

### सपा-बसपा : 2019

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| सपा | 05 | 18 .11 |
| बसपा | 10 | 19 .42 |
| रालोद | 00 | 1.6 |

### इंडिया गठबंधन : 2024

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| सपा | 37 | 33 .59 |
| कांग्रेस | 06 | 9 .46 |

### पश्चिम बंगाल में भाजपा के वोट 2 प्रतिशत घटे, टीएमसी के इतने ही बढ़े

- 42 सीटों वाले पश्चिम बंगाल में साल 2019 में 18 सीटें जीतने वाली भाजपा को इस बार 12 सीटों से संतोष करना पड़ा। टीएमसी को 29 सीटों पर जीत मिली। एक सीट कांग्रेस ने जीती। पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया था, भाजपा नेताओं ने 25 से ज्यादा सीटें जीतने की हुंकार भरी थी। इसके लिए संदेशखाली और भ्रष्टाचार के मुद्दे को भाजपा ने पूरे चुनावी अभियान में सबसे बड़ा मुद्दा बनाया। लेकिन परिणामों में यह रणनीति धराशायी नजर आई। संदेशखाली में आने वाली बशीरहाट की सीट टीएमसी ने भारी अंतर से जीत ला। राज्य में मोदी फैक्टर से बड़ा निकला ममता बनर्जी फैक्टर। टीएमसी की भारी सफलता के पीछे महिला और मुस्लिम वोटर ने बड़ा रोल निभाया। राज्य में टीएमसी का मत प्रतिशत इस बार 45 .77 रहा, जो 2019 में प्राप्त 43 .7 प्रतिशत वोटों से दो फीसदी अधिक है। इसी के चलते पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनावों की तुलना में सात सीटें और जीत लीं। इससे पहले 2019 के चुनाव में भी टीएमसी का वोट प्रतिशत 4 .64 बढ़ा था, तब भाजपा ने 18 सीटें जीती थीं और उसके वोट में 22 .2 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गयी थी। लेकिन इस बार भाजपा के मत प्रतिशत में दो फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। भाजपा को इस बार 38 .73 प्रतिशत वोट मिले हैं जबकि 2019 में पार्टी को 40 .6 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके चलते भाजपा को छह सीटों का नुकसान उठाना पड़ा।

- **महिलाएं और मुस्लिम मतदाता बने टीएमसी की बड़ी जीत के आधार, संदेशखाली और भ्रष्टाचार का मुद्दा रहा बेअसर**



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।



सचिन पायलट : काम आई रणनीति।

### राजस्थान में हैट्रिक से चूकी भाजपा, 9.16% वोट गंवाए

राजस्थान में जहां पिछली बार एनडीए ने सभी 25 सीटों पर जीत हासिल की थी। भाजपा को 24 सीटें मिली थीं। एक सीट आरएलपी के खाते में गई थी। लेकिन इस बार भाजपा को राज्य में 14 सीटों पर ही जीत मिली है। इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन के खाते में 11 सीटें चली गईं, जिनमें 8 सीटें कांग्रेस की हैं। कांग्रेस का दस साल बाद राज्य में खाता खुला, पिछले दो चुनाव से भाजपा राजस्थान में क्लीन स्वीप कर रही थी। इस बार | कांग्रेस ने सचिन पायलट को आगे करके प्रत्याशी चयन में जाट, गूर्जर और मीणा वोट बैंक को अपनी तरफ मोड़ने का प्रयास किया था। छह माह पहले विधान सभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाली भाजपा का राज्य में वोट शेयर 9 .16 प्रतिशत गिर गया, जबकि कांग्रेस का वोट शेयर 8 .22 प्रतिशत बढ़ गया। 2019 के चुनाव में भाजपा ने राज्य में 60 फीसदी वोट हासिल किए थे।



दिल्ली में आयोजित एनडीए की बैठक में शामिल होने पहुंचे एलजेपी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने पूर्व गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।



इंडिया गठबंधन की दिल्ली में आयोजित बैठक में शामिल होने पहुंचे राजद नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने साथी नेताओं का अभिवादन किया।

# वोट शेयर और सीटों के खेल में भाजपा कई राज्यों में हो गई फेल

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** तमिलनाडु में भाजपा का वोट शेयर 2019 के चुनाव में 3.6 प्रतिशत था, जो इस बार बढ़कर इस बार 11.2 प्रतिशत पर पहुंच गया, लेकिन इससे उसकी सीटों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ। पार्टी खाता तक नहीं खोल पाई। इसी तरह पंजाब में भाजपा का पिछली बार वोट शेयर 9.6 फीसदी से बढ़कर इस बार के चुनाव में 18.6 प्रतिशत हो गया, लेकिन किसी दल से गठबंधन नहीं होने की वजह से यह आंकड़ा सीट जीतने के लिए पर्याप्त नहीं था। इस कारण भाजपा को 2019 में जीती गई अपनी दो सीटें भी गंवानी पड़ीं। बिहार में भाजपा का वोट प्रतिशत पिछली बार के 23.6 प्रतिशत के मुकाबले करीब तीन प्रतिशत गिरकर 20.5 पर पहुंच गया। इस वजह से उसे 5 सीटें गंवानी पड़ गईं, जबकि पश्चिम बंगाल में महज 1.6 प्रतिशत की गिरावट की वजह से उसकी छह सीटें कम हो गईं। वोट प्रतिशत और सीटों के आंकड़े में सबसे ज्यादा उलझाव महाराष्ट्र में नजर आया। यहां भाजपा की हिस्सेदारी पिछली बार के 27.6 प्रतिशत से सिर्फ 1.4 प्रतिशत गिरकर 26.2 प्रतिशत पर पहुंचने से भाजपा को पिछली बार की आधी से भी कम सीटें ही मिल सकीं।

- तमिलनाडु में 11 .2 प्रतिशत वोट पाकर भी खाता नहीं खुला, महाराष्ट्र में डेढ़ फीसदी वोट कम होने से 14 सीटों से पड़ गया हाथ धोना
- पंजाब में 2019 से दोगुने वोट पाकर भी गठबंधन नहीं होने के कारण पार्टी रह गई खाली हाथ, पिछली बार की दो सीटें भी गंवाई

**कर्नाटक में 0.63 % वोट कम रहने से कांग्रेस ने गंवाई 8 सीटें**

भाजपा – 46 .06 – 17 सीट

कांग्रेस – 45 .43 - 09 सीट

**हरियाणा में 2.44 वोट का अंतर पर सीटें मिलीं बराबर**

भाजपा – 46 .11 – 05 सीट

कांग्रेस – 43 .67 - 05 सीट

**राजस्थान में 11.33 वोट कम पाकर कांग्रेस ने झटक लीं 8 सीटें**

भाजपा – 49 .24 – 14 सीट

कांग्रेस – 37 .91 - 08 सीट



कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बेंगलुरू में किया स्वागत।

# शिवसेना और एनसीपी में टूट की कीमत भाजपा ने चुकाई

48 लोकसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी दो टुकड़ों में बंट गई थी। शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद गुट) इंडिया गठबंधन के साथ था तो शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित गुट) एनडीए के साथ खड़ा था। बहुकोणीय मुकाबले में भाजपा को उम्मीद थी कि वह अपने साथियों के साथ राज्य में धमाकेदार सफलता हासिल कर लेगी। भाजपा को महाराष्ट्र में पिछली बार 23 सीटें मिली थीं, मगर इस बार बदले राजनीतिक हालात में उसे 9 सीटें ही मिल सकीं। उत्तर प्रदेश और बंगाल के बाद भाजपा को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में ही लगा। यहां भाजपा 9 सीटें तो उसके सहयोगी दल शिवसेना (शिंदे गुट) ने 7 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- अजित ने एक सीट जीती। इसके मुकाबले कांग्रेस ने 13 सीटें और उसके साथ गठबंधन में शामिल शिवसेना उद्धव गुट ने 9 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार ने 8 सीटें जीत लीं। इससे राज्य में एनडीए की सीटों की संख्या 17 के सामने इंडिया गठबंधन की सीटों की संख्या 30 पहुंच गई। 2019 में महाराष्ट्र में भाजपा ने अपने दम पर 23 सीटें जीती थीं।

यहां मतदाताओं को 2022 में शिवसेना और 2023 में एनसीपी का अलग-अलग होना रास नहीं आया। इसके साथ ही शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण के लिए मराठा आंदोलन ने भी नतीजों को प्रभावित किया।



इंडिया गठबंधन को मिली जीत के बाद पत्रकारों को संबोधित करते शिवसेना उद्धव गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला और गठबंधन की जीत पर खुशी जताई।

- असली-नकली के फेर में फंसे मतदाता दोनों गठबंधनों की तरफ बंटे, मराठा आंदोलन भी लगा गया चपत

# बसपा की हुई बुरी गत, पार्टी इस बार चारों खाने चित

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** बसपा इस बार चुनाव में अकेले दम पर उतरी थी। लेकिन पार्टी सुप्रीमो मायावती का यह फैसला आत्मघाती साबित हुआ। साल 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद 2024 में भी बसपा का खाता नहीं खुल पाया। पार्टी के लिए परिणाम विधानसभा चुनाव से भी बदतर रहे। 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा को फिर भी एक सीट मिल गयी थी, लेकिन लोकसभा चुनाव में कोई सीट तो दूर किसी भी लोकसभा क्षेत्र में पार्टी दूसरे नंबर पर नहीं आ सकी। प्रदेश में वोट शेयर भी 10 प्रतिशत से नीचे चला गया।

इंडिया और एनडीए दोनों गठबंधनों से दूरी बनाकर अकेले चुनाव मैदान में उतरना बसपा को बहुत भारी पड़ा। पार्टी अपने सबसे खराब दौर में पहुंच गई है। पिछले चुनाव में सपा से गठबंधन करके 10 लोकसभा सीट जीतने वाली पार्टी ने अपनी सारी साख गंवा दी। यहां तक कि बसपा का ग्राफ वर्ष 1989 से भी नीचे चला गया, जब वह पहला चुनाव लड़ी थी। 1989 में बसपा ने 9.90 फीसदी वोटों के साथ लोकसभा की दो सीटें जीती थीं। इस चुनाव में बसपा का वोट प्रतिशत गिरकर 9.14% रह गया है।

### लोकसभा चुनाव में सीटें

| चुनाव | सीटें |
|---|---|
| 1996 | 06 |
| 1998 | 04 |
| 1999 | 14 |
| 2004 | 10 |
| 2009 | 20 |
| 2014 | 00 |
| 2019 | 10 |
| 2024 | 00 |

### आजाद बन पाएंगे नया दलित चेहरा?

इस बार बसपा के मूल जाटव वोटरों में भी टूट हो गई। वे भाजपा की ओर गए, लेकिन बड़ा हिस्सा सपा और कांग्रेस के खाते में गया। जाटवों के टूटने से अन्य दलित जातियों ने भी बसपा से मुंह मोड़ लिया। नगीना में आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद 5 लाख से ज्यादा वोट पाकर जीते। साफ है कि दलित वोटरों ने बसपा का साथ छोड़कर आजाद को वोट दिया है।

### आकाश आनंद को हटाने के बाद बिगड़ गया खेल

लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरणों के लिए नेशनल कोआर्डिनेटर बनाए गए आकाश आनंद ने प्रचार किया। इन तीन चरणों में प्रदेश 26 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुआ। इनमें 19 सीटों पर बसपा प्रत्याशियों को 50 हजार से अधिक और 6 सीटों पर एक लाख से ज्यादा वोट मिले। लेकिन आकाश आनंद को चुनावी अभियान से हटाए जाने के बाद चार चरणों में 64 सीटों पर मतदान हुआ। इनमें बसपा 25 सीटों पर 50 हजार से ज्यादा और 11 सीटों पर ही एक लाख से अधिक वोट पा सकी। इससे लगता है कि बसपा के वोट बैंक ने आकाश आनंद को हटाए जाने के फैसले का समर्थन नहीं किया और दूसरे दल का रास्ता पकड़ लिया।



- सुप्रीमो मायावती का अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला पार्टी को ले डूबा
- सीट जीतना तो दूर किसी भी लोकसभा क्षेत्र में पार्टी दूसरे नंबर पर नहीं आ सकी

### लोकसभा चुनाव में वोट शेयर




### हाथ से फिसल गए इस बार कोर वोटर जाटव

- बसपा की इतनी बुरी हालत उसके कोर वोटर जाटव समाज के खिसकने से हुई। दलित आबादी में करीब 55 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला जाटव समाज इसबार उसके हाथ से फिसल गया। संविधान और आरक्षण बचाने के नाम पर इस चुनाव में अधिकतर सीटों पर जाटव वोट बैंक का कहीं आधा तो कहीं तिहाई हिस्सा बसपा से छिटक कर सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ चला गया। इससे पहले 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने सीट भले एक जीती थी, लेकिन वोट शेयर 12 .9 फीसदी के साथ जाटव वोट बैंक बचाने में सफल रही थी। इस अंकड़े को इस बात से बल मिलता है कि प्रदेश में दलितों की आबादी 21 फीसदी से कुछ अधिक है, जिसमें जाटव वोट बैंक करीब 13 फीसदी है।
- पिछले लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़कर भाजपा के बाद बसपा प्रदेश में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी थी। लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में अकेले उतरी पार्टी के दयनीय प्रदर्शन से तय हो गया था कि बसपा अब भाजपा और सपा से काफी पीछे चली गयी है। इसके बावजूद मायावती को लग रहा था कि लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरणों की इंजीनियरिंग के सहारे वह कम से कम 30 सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष बनाकर कुछ सीटें जीतकर अपना आधार मजबूत कर लेंगी। लेकिन इसके विपरीत 80 फीसदी लोकसभा सीटों पर भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीधा मुकाबला होने से बसपा की चुनौती मतदाताओं ने नजरअंदाज कर दी।

### आरक्षण के मुद्दे पर चुप्पी बन गई आत्मघाती

- कांग्रेस और सपा जहां चुनाव अभियान में जोर शोर से यह प्रचार करने में लगी थीं कि भाजपा 400 पार इसलिए चाहती है, ताकि संविधान को बदला और आरक्षण को खत्म किया जा सके। लेकिन आरक्षण और संविधान के मुद्दे पर सबसे आगे रहने वाली बसपा ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी। इससे दलित वोट बैंक में यह संदेश गया कि शायद मायावती अब बहुजन आंदोलन से दूर हो गयी हैं।

### 10 साल में 10 फीसदी घट गया वोट प्रतिशत

- लोकसभा चुनाव 2014 में बसपा खाता नहीं खोल पाई थी। लेकिन उसका वोट शेयर 19 .77 फीसदी था। मोदी लहर में प्रदेश की 80 में 73 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी। सपा 5 और कांग्रेस 2 सीटों पर जीती थी। बसपा ने 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीटें जीती थीं और उसे 22 .23 फीसदी वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव 2019 में बसपा ने सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा। बसपा को 19 .43 फीसदी वोटों के साथ 10 सीटों पर जीत मिली थी। इसके बाद विधानसभा चुनाव 2022 में बसपा केवल एक सीट पर जीत दर्ज कर पाई थी।





## एक नजर

### पिछड़ा वर्ग के युवाओं को मिलेगा कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**अमृत विचार,लखनऊ:** पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक और युवतियों को कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 'ओ' लेवल और सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण, ऑनलाइन दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने के इच्छुक संस्थान संबन्धित जिलों में 08 से 21 जून, 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. वन्दना वर्मा ने बुधवार को बताया कि प्रशिक्षण, केन्द्र द्वारा अधीकृत संस्था ''नीलिट'' से मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा दिया जाएगा। आवेदन व संबन्धित जानकारी विभाग की वेबसाइट backwardwelfareup.gov.in और obccomputertraining.upsdc.gov.in पर उपलब्ध हैं।

### अजीत सर्वोत्तम दलनायक

**अमृत विचार, लखनऊ:** पीएसी मुख्यालय की ओर से गठित केंद्रीय समिति की ओर से मई-2024 के लिए सर्वोत्तम दलनायक के रूप में अजीत कुमार सिंह को सम्मानित किया गया है। अजीत 36वीं पीएसी वाहनी वाराणसी में तैनात हैं। इसी तरह सर्वोत्तम गुल्मनायक के तौर पर वकील सिंह को सम्मानित किया गया है। वकील सिंह 30वीं पीएसी वाहनी गोंडा से हैं। जबकि 2वीं पीएसी वाहनी से मुख्य आरक्षी रमेश कुमार आरक्षी विनीत कुमार को सम्मानित किया गया है। उक्त चारों कार्मिकों की तस्वीरें प्रदेश के प्रत्येक प्रत्येक पीएसी वाहनी, पीएसी सेक्टर, पीएसी जोन एवं पीएसी मुख्यालय में एक माह तक प्रदर्शित की जाएगी।

### मुख्यमंत्री योगी का मनाया जन्मदिन

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिन बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर पौधरोपण किया। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की प्रगति और गरीबों-वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

# पंचायतें ऑनलाइन भरेंगी बिजली बिल, उतरेगी बकायेदारी

**22** अरब की बकायेदारी, विभाग ने आकलन कर पोर्टल पर भेजे बिल

हर माह बिल निकालने और जमा करने के लिए दी गई लॉगिन आईडी, इसी आईडी पर आएगा बिल

संपत्तियों का सर्वे करा कर जुटाई रिपोर्ट , दिया जाएगा बिजली का कनेक्शन और ठीक होंगे खराब मीटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतें सरकारी संपत्तियों में बिना बिल जमा किए बिजली नहीं जला पाएंगी। बिल नहीं मिले या फिर गड़बड़ मिले यह प्रधान व सचिव का बहाना नहीं चलेगा। जो भी बकायेदारी है वह पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन जमा की जाएगी।

इस तरह से प्रदेश की 57,754 ग्राम पंचायत पर करीब 22 अरब की बकायेदारी बताई जा रही है। इसे वसूलने के लिए बिजली विभाग ने पंचायती राज विभाग के साथ खर्च बिजली का आकलन किया है। साथ ही ब्लॉकों के विभागीय पोर्टल पंचायती राज डेवलपमेंट (पीडीए) पर लाखों रुपये के बिल अपलोड किए हैं। जिनका खंड विकास अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों से सत्यापन कराकर ऑनलाइन जमा करेंगे। यदि बिल में गड़बड़ी होगी तो उसमें विभाग सुधार करेगा। बिजली विभाग ने सभी ग्राम पंचायतों को लॉगिन आईडी व पासवर्ड दिए हैं। इसी आईडी पर हर माह बिल आएंगे और इसी से जमा होंगे।




**इन सरकारी संपत्तियों में उपयोग होती बिजली**

पंचायत भवन, विद्यालय, बरात घर, सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक केंद्र, स्ट्रीट लाइट, नलकूप, पानी की टंकी आदि।

**नहीं कर पाएंगे बिजली चोरी**

ग्राम पंचायतों की ज्यादातर सरकारी संपत्तियों पर बिजली कनेक्शन नहीं हैं। जहां कनेक्शन हैं तो वहां मीटर खराब हैं। चोरी से बिजली भी जलाई जाती है और ऑफलाइन व्यवस्था के तहत बिजली बिल का पता नहीं चलता है। इसे रोकने के लिए बिजली विभाग के आग्रह पर पंचायती राज विभाग ने ऐसी संपत्तियों का सर्वे कराया कर रिपोर्ट जुटाई है। जहां बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे और मीटर ठीक किए जाएंगे।

> ग्राम पंचायतों को हर माह ऑनलाइन बिजली बिल मिलेंगे जो ऑनलाइन जमा करेंगी। पुराने बकाये के बिल पोर्टल पर अपलोड किए हैं। इसका बीडीओ स्तर से सत्यापन कराकर जमा कराया जाएगा। -**अटल कुमार राय,** निदेशक पंचायती राज

# जौनपुर के पत्रकार का हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** जौनपुर में पत्रकार की हत्या के आरोप में फरार आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मुठभेड़ की घटना 04 जून देर रात की है।

जौनपुर में पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव को विगत 13 मई को आरोपी प्रशांत सिंह उर्फ प्रिंस सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। प्रशांत घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। इस दौरान पुलिस ने प्रशांत पर एक लाख का इनाम भी घोषित किया। 04 जून की देर रात प्रशांत मुठभेड़ के दौरान पुलिस पर फायरिंग भी की। पुलिस की जवाबी गोली में वह घायल हो गया। कुछ देर बाद प्रशांत की मृत्यु हो गई।

> आशुतोष श्रीवास्तव के हत्यारोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। 4-5 जून की रात्रि में थाना खेतासराय में बदमाशों के साथ पुलिस मुठभेड़ में ईश्वरी नेवाडा निवासी हत्यारोपी प्रशांत सिंह की मृत्यु हो गई। प्रशांत पर सात गंभीर मुकदमें पहले से दर्ज थे।
> **प्रशांत कुमार, डीजीपी, उप्र.**

# माल पर जीएसटीएन नंबर और ई-वे बिल हो अंकित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशनों के पार्सलघरों में जो भी माल प्रांत के बाहर से आए या निकले अथवा बुक किया जाए उसका लेखा-जोखा रखा जाए। माल पर जीएसटीएन नंबर दर्ज हो और अगर 50,000 से ज्यादा का माल हो तो उसके ई-वे बिल को सुनिश्चित कराया जाए। पार्सलघर से आ रही जीएसटी चोरी की शिकायतों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जीएसटी के उच्चाधिकारी बुधवार को उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम से मिले। टैक्स चोरी रोकने के लिए संयुक्त आयुक्त (विअनुशा) राज्य कर, लखनऊ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

अपर आयुक्त ग्रेड-1 कैलाश नारायण और अपर आयुक्त ग्रेड-2 (विशेष अनुसंधान शाखा) डीपी सिंह ने उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (माल भाड़ा) राहुल के साथ बैठक की। इसमें जीएसटी के दोनों अधिकारियों ने राज्यकर आयुक्त मिनिस्ती, एस द्वारा भेजे गए रेलवे बोर्ड के आदेशों की प्रति सौंपी। कहा कि रेलवे अथारिटी करापवंचन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाएं। रेलवे और जीएसटी दोनों विभाग समन्वय स्थापित कर करापवंचन पर प्रभावी नकेल कसें। जीएसटी अधिकारियों ने कहा कि प्रांत के बाहर से रेल से लाए जाने वाले माल की जांच, माल बुकिंग और डिलीवरी में रेलवे बोर्ड द्वारा पूर्व में जारी किए गए सर्कुलर के अनुसार कार्यवाही की जाए। रेलवे बोर्ड के जारी सर्कुलर पर सीनियर डीसीएम द्वारा नियमों के पालन के लिए आश्वस्त किया गया। जीएसटी के करापवंचन में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में में पूर्ण सहयोग किया जाएगा। सूचनाओं के आदान-प्रदान पर सहमति प्रदान की गयी।



सीनियर डीसीएम (माल भाड़ा) से चर्चा करते जीएसटी के अपर आयुक्त। अमृत विचार

- पार्सलघरों में रेल के माध्यम से आ रहे माल की जांच की जाए
- करापवंचन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाएं

## पूर्व डिविजिनल इंजीनियर समेत पांच को पांच वर्ष की सजा

**अमृत विचार,लखनऊ:** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने बीएसएनएल बरेली के पूर्व डिविजिनल इंजीनियर समेत पांच आरोपियों को 5-5 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

दोषियों पर 2.95 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आरोपियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार से बीएसएनएल को 3.41 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सीबीआई ने बीएसएनएल बरेली के पूर्व डिविजिनल इंजीनियर प्रमोद कुमार गंगवार और महफूज अली, एजाज आलम उर्फ मो. एजाज खान, शाहनवाज आलम व मो. कादिर के खिलाफ वर्ष 2011 में मामला दर्ज किया था। आरोप था कि वर्ष 2009-10 की अवधि में आरोपियों ने मिलकर कम्प्यूटर सिस्टम को हैक करके बीएसएनएल के साथ धोखाधड़ी की और बरेली में 18 टेलीफोन एक्सचेंज बना अवैध रूप से आईएसडी कॉल की सुविधा प्रदान की। जिससे बीएसएनएल को 3.41 करोड़ रुपये की हानि हुई। सीबीआई ने इस मामले में 30 मई 2014 को 6 आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया गया था।

# छह नए छात्रावास का काम अगले माह से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रावास के निर्माण में 25 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च होंगे, यूपीसिडको को दिया गया काम
- छात्रावास में अनुसूचित जाति, ओबीसी और सामान्य वर्ग को रहने के लिए कमरे दिए जाते हैं

**अमृत विचार:** ग्रामीण परिवेश से पढ़ाई के लिए शहर आने वाले अनुसूचित जाति, ओबीसी और सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को अब छात्रावास के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। अगले वित्तीय वर्ष से समाज कल्याण विभाग के छह नए छात्रावास संचालित होने लगेंगे। नए छात्रावास के निर्माण का काम यूपीसिडको को दिया गया है। छात्रावास के निर्माण पर 25 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च होंगे।

प्रदेश के 75 जिलों में 231 छात्रावास संचालित हो रहे हैं, जबकि 31 छात्रावास जर्जर हो चुके हैं और इनको बंद कर दिया गया है। छात्रावास में 70 प्रतिशत अनुसूचित, 20 प्रतिशत ओबीसी और 10 प्रतिशत सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को दिया जाता है। ग्रामीण परिवेश से पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों को छात्रावास निशुल्क दिया जाता है। समाज कल्याण विभाग की ओर से बिजली और पानी की सुविधा छात्रों को दी जाती है जबकि नाश्ते और भोजन की व्यवस्था इनको स्वयं करनी होती है।

**नौ करोड़ रुपये तक खर्च होने का अनुमान**

एक छात्रावास के निर्माण में दो करोड़ से नौ करोड़ रुपये तक खर्च होने का अनुमान है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि फिरोजाबाद में तीन, सुल्तानपुर, हाथरस और जौनपुर में एक-एक छात्रावास का निर्माण होना है। यूपीसिडको को इसका काम दिया गया है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेंडर हो जाएगा। प्रयास किया जाएगा कि अगले वित्तीय वर्ष से छात्रों को सुविधा मिलने लगे।

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के आवेदन 10 से

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ देने के लिए दस जून से आवेदन मांगे जाएंगे। साथ ही योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

बता दें कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे को दिया जाता है जिन्होंने अपने माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक या अभिभावक को खो दिया है। इसके तहत 25 सौ रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना के तहत पात्रों को भुगतान तिमाही किया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए अप्रैल से ही आवेदन होने लगे थे। सवा सौ से अधिक ने आवेदन किया है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और सरकार गठन के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी समाप्त हो जाएगी। इसके बाद आवेदनों का सत्यापन कराया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि आचार संहिता के कारण अभी सत्यापन का काम नहीं हो रहा है। आचार संहिता के बाद सत्यापन कार्य शुरू होगा।

# छोड़ देते गोवंश, खिलाने की नहीं पड़ती थी जरूरत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीवीओ हमीरपुर की बात पर प्रमुख सचिव ने कराई जांच
- समीक्षा में भूसा दान और कम खरीद पर पूछा था कारण

**अमृत विचार :** गर्मी के चलते चार से पांच माह तक गोशालाओं के गोवंश खुले में छोड़ दिए जाते हैं। ऐसे में गोवंशों को खिलाने की जरूरत नहीं पड़ती है। यह बात भूसा संग्रहण की समीक्षा में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी हमीरपुर ने कही। इस बात पर प्रमुख सचिव पशुपालन रवींद्र ने निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ. आरएन सिंह ने जांच कराई है।

27 मई को प्रमुख सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से जिलों पर दान और खरीद करके संग्रहण किए गए भूसा की समीक्षा की थी। इस दौरान चित्रकूट में 33.4 फीसद, आजमगढ़ 40.8, फिरोजाबाद 58, हमीरपुर 60, सिद्धार्थनगर 62, हाथरस 62.98, झांसी 63, अमरोहा 65, मिर्जापुर 65.38 व गोंडा में 67.3 फीसदी भूसा संग्रहण जो की सबसे कम प्रगति मिली थी। हमीरपुर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी का कहना था कि गर्मी के कारण गोशालाओं से चार से पांच माह तक गोवंशों को खुला छोड़ दिया जाता है। इसलिए उनको खिलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि गोवंशों को खुला न छोड़ा जाए। इस बात पर प्रमुख सचिव के निर्देश पर निदेशक ने हमीरपुर टीम भेजकर जांच कराई है। लेकिन, टीम ने अभी रिपोर्ट नहीं दी है।

**बरेली ने 101 प्रतिशत संग्रहण किया भूसा**

**अमृत विचार :** निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा दान और क्रय करने में कई जिले पीछे रहे। जबकि बरेली ने लक्ष्य के सापेक्ष 101 फीसद भूसा संग्रहण अन्य जिलों के लिए मिसाल पेश की है। प्रमुख सचिव पशुपालन रवींद्र ने बरेली की प्रशंसा की है।27 मई को प्रमुख सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से भूसा संग्रहण की सभी सीवीओ के साथ समीक्षा की थी। इस दौरान कई जिले लक्ष्य पूर्ति करने में पीछे रहे। जबकि बरेली ने 101 फीसद प्रगति हासिल की। बरेली को मई में 46,020 क्विंटल भूसा दान में और 1,07,381 क्विंटल टेंडर करके खरीदने का लक्ष्य मिला था। जो समय पर 46,097 क्विंटल भूसा दान और 1,08,815 क्विंटल टेंडर से खरीदा गया। जबकि झांसी की 83 फीसद प्रगति होने पर सीवीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

**इन जिलों की 70 फीसद से कम रही प्रगति :** अलीगढ़, अमरोहा, अमेठी, अयोध्या, बागपत, बलरामपुर, बांदा, बदायूं, बुलंदशहर, एटा, इटावा, फतेहपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, हापुड़, हरदोई, जौनपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, महाराजगंज, मऊ, मेरठ, मुज्जफनगर, नोएडा, प्रतापगढ़, पीलीभीत, प्रयागराज, रायबरेली, सहारनपुर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थ नगर, शामली, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव व वाराणसी की प्रगति 70 फीसद से कम रही।

## दो माह बाद मुख्यमंत्री आज सुनेंगे जनता की फरियाद

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव के कारण दो माह बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छह जून को सरकारी आवास पर जनता की फरियाद सुनेंगे। इसके बाद वह महत्वपूर्ण विभागों के अफसरों के साथ बैठक भी करेंगे।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि आचार संहिता के कारण पिछले दो माह से 'जनता दर्शन' बंद था। अब यह फिर से शुरू होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री रोजाना सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और निराकरण के लिए अधिकारियों को तत्काल निर्देशित भी करेंगे।

## वर्ग पहेली-92

**बाएं से दाएं**

1. 1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।
2. 1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।
4. 1. वह राजकीय अधिकारी जिसे फ़ौजदारी या आपराधिक अभियोगों को सुनने और विचार करने तथा अपराधियों को दंड देने का अधिकार होता है 2. न्यायाधीश, (मजिस्ट्रेट)।
6. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
7. 1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**

2. जिसका संस्कार हुआ हो।
3. गुंडागर्दी, गुंडाराज।
5. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।




**वर्ग पहेली -91 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | दी | खा | ■ | 2 नि | ■ | ■ |
| धि | ■ | ■ | 3 पै | शा | चि | 4 क |
| मा | ■ | ■ | ■ | च | ■ | च |
| 5 स | रे | बा | ज़ा | र | ■ | पें |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दि |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 6 प | नि | या |
| 7 सं | सू | च | क | ■ | ■ | ■ |

# फिर बढ़ी बिजली की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग फिर बढ़ गई। बुधवार को अधिकतम बिजली मांग 29,344 मेगावाट दर्ज हुई। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति काबू में की गई। जबकि स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में बिजली संकट बना रहा।

बीते दिन तापमान में कुछ कमी आने के कारण मांग में कुछ कमी आ गई थी। अधिकतम बिजली मांग 28,456 मेगावाट दर्ज हुई थी, पर मांग फिर अचानक बढ़ गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार मांग बढ़ने पर एनर्जी एक्सचेंज से आयात बढ़ाकर मांग पूरी की गई। आने वाले दिनों में मांग के और बढ़ने की संभावना को लेकर तैयारी शुरू हो गई है।

# जल्द शुरू होगी साइबर थानों में भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बड़े पैमाने पर साइबर अपराध से जूझ रहा पुलिस विभाग जल्द ही थानों पर कार्मिकों की भर्ती करने जा रहा है। चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि विभाग ने बाकी संसाधनों को थानों तक पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

बतादें कि प्रदेश में पुलिस विभाग ने 57 थाने स्थापित कर दिए हैं। इन थानों पर लगभग सभी संसाधन पहुंचाएं जा चुके हैं। सिर्फ कार्मिकों की तैनाती होनी बाकी थी। इसके लिए गृह विभाग ने कार्मिकों की भर्ती का आदेश दिया था, लेकिन इसी बीच चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। कुल 1425 पदों पर पुलिस कार्मिकों की भर्ती होनी थी, लेकिन गृह विभाग ने चुनाव होने तक रोक लगा दी। अब जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का विचार किया जा रहा है। ताकि जल्द स जल्द थानों का कार्य संचालन हो सके। साइबर थानों की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जिन जिलों में अभी थाने नहीं खुल पाए हैं वहां पर पुलिस लाइनों में जगह चिन्हित कर थाने तैयार करने के आदेश दिए गए हैं।

## सुडोकू -5

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 5 | | | 4 | | | 3 |
| | 6 | 7 | | | 8 | 4 | 1 | |
| 2 | | | | 1 | | 5 | | 7 |
| 5 | | | | | | | 4 | |
| | | 1 | | | | 9 | | |
| | 8 | | | | | | | 6 |
| 7 | | 4 | | 5 | | | | 8 |
| | 3 | 9 | 6 | | | 1 | 7 | |
| 1 | | | 3 | | | 2 | 9 | |

**सुडोकू -4 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 4 | 5 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 18.07 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 20.16 तक तत्पश्चात मृगशिरा।


मेष

आज धन को लेकर संतुष्ट रहेंगे। परिजनों का सहयोग और प्रेम प्राप्त होगा। अपनी गलतियों से सीखने की कोशिश करेंगे। पैतृक संपति से जुड़े मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहने वाली है।


वृष

आज विवादित मामलों का समाधान आपको मिल सकता है। यदि नया घर ढूंढना चाह रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिलेगी। नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपका मानसिक तनाव दूर होगा। कुछ अच्छी खबर के मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे।


मिथुन

आज किसी को भी उधार देने से आपको बचना चाहिए। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दूसरों पर ज्यादा निर्भर होना उचित नहीं है। अनावश्यक कार्यों में धन खर्च होगा।


कर्क

आज प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करने की विचार बनाएंगे। कार्ययोजना में बदलाव करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप कुछ मनोकामनाओं के पूर्ण होने से बेहद प्रसन्न रहेंगे। नव विवाहित जोड़े कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं।


सिंह

आज नौकरी में आपकी सुविधाएं बढ़ सकती है। आप भोग-विलास को काफी महत्व देंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रबंधन कार्य से जुड़े लोगों की पदोन्नति हो सकती है। अपनी योग्यता को सिद्ध करने में लगे रहेंगे।


कन्या

आज गुरुओं का मार्गदर्शन लेने से आपको लाभ होगा। नए कार्यों की शुरुआत न करें। आप कुछ परेशान हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाई होने की आशंका है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं।


तुला

आज अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। किसी से कोई वादा करना उचित नहीं होगा। धार्मिक विषयों को लेकर गंभीर रहेंगे। आप काफी प्रसन्न हो सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। विवादित मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें।


वृश्चिक

आज यदि आप अपने अधिकारियों से संबंध मजबूत करना चाहते हैं तो दिन उसके लिए अनुकूल है। कार्यक्षेत्र में मित्रों का सहयोग मिलेगा। नई जानकारियों को लेकर आप काफी उत्सुक रहेंगे। आपका सामाजिक वर्चस्व बढ़ेगा।


धनु

आज शत्रुओं के साथ समझौता करने के अवसर मिल सकते हैं। कृषि कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। आपको किसी मित्र की मदद करने का अवसर मिलेगा। आपकी बातों से लोग नाराज हो सकते हैं। धन अनावश्यक कार्यों में खर्च होगा।


मकर

आज यदि आपको किसी तरह की पाचन समस्या है तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बच्चे अपने माता-पिता के साथ चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबारी अपने एकाउंट्स आदि को लेकर कुछ सावधान रहें। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा।


कुंभ

आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव रहेगा। गूढ़ विद्याओं की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं। अपने घर की साज-सज्जा में आप काफी रुचि ले सकते हैं।


मीन

आज लोग आपसे अपनी बातें शेयर करना पसंद करेंगे। युवा प्रेमियों के लिए दिन काफी अच्छा रहेगा। ट्रांसपोर्ट से जुड़े व्यवसाय में उत्तम लाभ के अवसर मिलेंगे। यदि आप सोशल मीडिया में काफी सक्रियता रखते हैं तो आपको इसके माध्यम से काफी लाभ हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
धड़कन
दोपहर : 12.00
भीष्मा
रात : 09.00

&pictures
बादल
सुबह : 10.30
नाम शबाना
रात : 07.00

SONY PIX
द वॉटर हार्स
सुबह : 11.10
द डॉर्क नाइट
रात : 09.00

ZEE CINEMA
यह तो कमाल हो गया
सुबह : 11.20
लगान
शाम : 06.00

colors CINEPLEX
रघुवीर
सुबह : 09.21
साजन
शाम : 06.39

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- दिन भर सोती रहती हो।
पत्नी- अब मैं आराम भी न करूं?
पति- उठो, चाय बना दो जल्दी से
पत्नी - खुद बना लो न,
पति- मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी - हां, तो मेरे भी गले में दर्द है।
पति- ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

मैडम कक्षा में पूछती हैं- बच्चे बताओ, अगर मैं एक पक्षी होती तो मैं क्या होती?
एक छात्र जवाब देता है-मैडम आप तोता होतीं।
मैडम- बहुत अच्छा! और तुम कैसे जानते हो?
छात्र- क्योंकि आप हमेशा बातें दोहराती रहती हैं।
छात्र की बात सुनकर मैडम का माथा ही घूम गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 6 जून 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## लखनऊ मंडी

| | |
| --- | --- |
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 5 माह के निचले स्तर पर

## एचएसबीसी इंडिया के मुताबिक कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कड़ी प्रतिस्पर्धा, मूल्य दबाव और भीषण गर्मी के कारण मई में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 5 महीने के निचले स्तर पर आ गई। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से नए ठेकों में एक दशक में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया जो पिछले साल दिसंबर के बाद से सबसे निचला स्तर है। अप्रैल में यह 60.8 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। मई के आंकड़ों से सामने आया कि नए व्यवसाय में मजबूत वृद्धि ने भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में उत्पादन वृद्धि को बल देना जारी रखा है। सर्वेक्षण के अनुसार, एक और सकारात्मक बात यह रही कि कारोबारी विश्वास में आठ महीनों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। बिक्री में बढ़ोतरी, उत्पादकता में तेजी और मांग में मजबूती से वृद्धि को समर्थन मिला। हालांकि प्रतिस्पर्धा और मूल्य दबावों के कारण वृद्धि में कुछ बाधा भी आई। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-मई में भारत की सेवा गतिविधि थोड़ी धीमी गति से बढ़ी, घरेलू नए ठेकों में थोड़ी कमी आई लेकिन वे मजबूत बने रहे। यह मजबूत मांग को दर्शाता है। उन्होंने कहा-कीमतों की बात करें तो मई में कच्चे माल तथा श्रम की लागत में वृद्धि के कारण लागत दबाव बढ़ गया। कंपनियां मूल्य वृद्धि का केवल एक हिस्सा ही ग्राहकों तक पहुंचाने में सक्षम रहीं। मई में जिस क्षेत्र में पर्याप्त सुधार हुआ, वह नए निर्यात ठेके थे...जिसमें वृद्धि सितंबर 2014 में श्रृंखला की शुरुआत के बाद से सबसे तेज रही।

### मांग बढ़ने से कार्यालय की भर्तियों में आया सुधार



**मुंबई।** तेल एवं गैस, बैंकिंग और रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कार्यालयों में बैठकर काम करने वाले कर्मचारियों की भर्तियों में लगातार सुधार होरहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल जैसे क्षेत्रों में अप्रैल की तुलना में मई में नियुक्तियों में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। कार्यालय में बैठकर काम करने वाले पदों पर भर्तियां हालांकि पिछले साल के इसी महीने की तुलना में दो प्रतिशत कम हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आईटी (शून्य प्रतिशत वार्षिक), बीपीओ (तीन प्रतिशत) और शिक्षा (पांच प्रतिशत) में भर्ती में गिरावट ने समग्र नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक को नीचे कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया, तेल एवं गैस (14 प्रतिशत), बैंकिंग (12 प्रतिशत) और एफएमसीजी (17 प्रतिशत) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई, जबकि स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल क्षेत्र में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## सेबी ने सीधे ग्राहकों के खातों में प्रतिभूति भुगतान को अनिवार्य किया

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को ग्राहकों के खाते में प्रतिभूतियों के सीधे भुगतान की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया। परिचालन दक्षता बढ़ाने और ग्राहकों की प्रतिभूतियों के जोखिम को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह 14 अक्टूबर से प्रभावी होगा। वर्तमान में, समाशोधन निगम प्रतिभूतियों के भुगतान को ब्रोकर के खाते में जमा करता है। उसके बाद इसे संबंधित ग्राहक के डीमैट खातों में जमा किया जाता है। सेबी ने शेयर बाजारों, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद फैसला किया है, भुगतान के लिए प्रतिभूतियां समाशोधन निगम सीधे संबंधित ग्राहक के डीमैट खाते में जमा करेगा।

# भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दर पर कल आएगा निर्णय

- आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

मुंबई, एजेंसी



आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 3 दिन की द्विमासिक मासिक बुधवार को शुरू हुई। माना जा रहा है कि एमपीसी प्रमुख ब्याज दर रेपो को यथावत रखेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति द्वारा लिए गए निर्णयों की घोषणा करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर (रेपो) में कटौती की उम्मीद नहीं है, क्योंकि मुद्रास्फीति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। फरवरी, 2023 से रेपो दर 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। अर्थव्यवस्था में तेजी के बीच माना जा रहा है कि एमपीसी ब्याज दरों में कटौती से बचेगी। केंद्रीय बैंक ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था और तब से उसने लगातार सात बार इसे यथावत रखा है। एसबीआई के एक शोध पत्र के अनुसार, केंद्रीय बैंक को उदार रुख को वापस लेने के अपने निर्णय पर बरकरार रहना चाहिए। एमपीसी बैठक की रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई कि आरबीआई चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में रेपो दर में कटौती करेगा और यह कटौती कम रहने की संभावना है। कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में पांच प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है और उसके बाद जुलाई में घटकर तीन प्रतिशत रह जाएगी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,050–55,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 88,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

# अडाणी की कंपनियों के शेयरों में उछाल अडाणी ग्रीन एनर्जी 11 प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से नौ के शेयर बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए। इससे पहले मंगलवार को चुनाव नतीजों की घोषणा के बीच समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। बीएसई पर अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 11.01 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स में 8.59 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 7.47 प्रतिशत तथा समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज में 6.02 प्रतिशत की तेजी आई।

एसीसी का शेयर 5.20 प्रतिशत, एनडीटीवी 3.26 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस 2.67 प्रतिशत, अडाणी विल्मर 0.77 प्रतिशत तथा अडाणी पावर का शेयर 0.32 प्रतिशत चढ़ गया। दिन में कारोबार के दौरान अडाणी ग्रीन के शेयर में 12.24 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स में 9.62 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 7.95 प्रतिशत, अडाणी पावर में 7.54 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइजेज में 7.22 प्रतिशत, अडाणी टोटल में 6.40 प्रतिशत, एसीसी में 6.17 प्रतिशत, एनडीटीवी में 5.82 प्रतिशत और अडाणी विल्मर में 2.23 प्रतिशत का उछाल आया। हालांकि, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में 2.58 प्रतिशत की गिरावट आई।

## सोने की कीमत में 80 रुपये और चांदी में 1,200 रुपये की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये की गिरावट के साथ 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये घटकर 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# राजग की जीत से नीतिगत स्थिरता का उम्मीद

- मूडीज के अनुसार सीट घटने से धीमा पड़ सकता है सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी




वैश्विक वित्तीय साख प्रमाणन एजेंसी मूडीज का कहना है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी सरकार बनने से देश की आर्थिक नीतियों में निरंतरता बनी रहने की उम्मीद है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन का बहुमत इस बार हल्का होने से सुधारों की गति पर असर पड़ सकता है।

मूडीज ने लोकसभा के मंगलवार को जारी नतीजों पर निवेशकों के लिए जारी एक सामान्य परचे में बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का बहुमत पहले से हल्का होने के दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों को लागू करने में देरी हो सकती है। नोट में कहा गया है कि सुधारों में देरी से राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने के सरकार की योजना की प्रगति बाधित हो सकती है। मूडीज ने इन परिणामों पर परचे में कहा है, हमें उम्मीद है कि खास तौर पर बुनियादी ढांचे पर खर्च और देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने पर बजटीय जोर के संबंध में लागू नीतियों की निरंतरता, मजबूत आर्थिक वृद्धि में सहायक होगी। वहीं मूडीज का यह भी सोचना है कि राजग की जीत का अपेक्षाकृत कम अंतर, साथ ही संसद में भाजपा को पूर्ण बहुमत से पीछे रह जाने से अधिक दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों की प्रगति में देरी हो सकती है जो राजकोषीय मजबूती की राह पर प्रगति में बाधाएं उत्पन्न कर सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की शक्ति के बारे में मूडीज का अनुमान है, भारत की आर्थिक शक्ति के बारे में हमारा आकलन है कि 2023-24 से 2025-26 के तीन साल के दौरान वास्तविक आर्थिक वृद्धि में लगभग सात प्रतिशत रह सकती है।



## एक नजर

### बच्चे का मिला शव शरीर पर कुत्ते के काटने के निशान

**हैदराबाद।** हैदराबाद में बुधवार को कचरे के ढेर के पास छह साल के एक बच्चे का शव मिला जिस पर कुत्ते के काटने के निशान थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने हालांकि कहा कि बच्चे की मौत के कारण का पता नहीं चला है और अभी यह नहीं कहा जा सकता कि बच्चे की मौत आवारा कुत्ते के हमले से हुई है। शव फूला हुआ है, जिसको देखकर संदेह होता है कि बच्चा कचरे के ढेर के पास बने जलाशय में गिर गया होगा। अधिकारी ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कुत्ते ने बच्चे को कब काटा।

### जम्मू-कश्मीर के वन क्षेत्रों में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के दो वन क्षेत्रों में बुधवार को आग लग गई, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ के मेंढर इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भटादुरियन में आग लगी और यह आस-पास के इलाकों में फैल गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन, वन अधिकारी, सेना और स्थानीय लोग आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के नौशेरा वन में भी आग लग गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों और वन विभाग के अधिकारियों ने अग्निशमन अभियान शुरू किया।

### गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति झुलसा

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा शहर के इंद्रपुरी मोहल्ले में बुधवार को एक घर में गैस सिलेंडर के फटने से मालिक बुरी तरह से झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रपुरी मोहल्ला निवासी राजेंद्र कुमार ने एजेंसी से दो गैस सिलेंडर मंगवाये थे। बुधवार को एजेंसी का डिलीवरी ब्वॉय सिलेंडर देने पहुंचा। राजेंद्र कुमार दो सिलेंडर लेकर रसोई में गया और गैस चूल्हे में एक सिलेंडर की सील निकालकर उसे फिट करने लगा तो अचानक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया, जिससे राजेंद्र बुरी तरह से झुलस गया, उसे उपचार के लिये सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची थी।

# आप कार्यालय की जमीन पर 6 सप्ताह में फैसला ले केंद्र : उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी को अन्य राजनीतिक दलों की तरह यहां पार्टी कार्यालय के लिए जगह लेने का अधिकार है। साथ ही उच्च न्यायालय ने केंद्र से इस मुद्दे पर 6 सप्ताह के भीतर फैसला लेने को कहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय दलों को दिल्ली में जनरल पूल (आवासीय आवंटन प्रणाली) से दिल्ली में लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई का अधिकार है और यह तब तक के लिए है जब तक उन्हें अपना दफ्तर बनाने के लिए जमीन नहीं मिल जाती। न्यायाधीश ने कहा कि दबाव या जनरल पूल की अनुपलब्धता अनुरोध को अस्वीकार करने का कारण नहीं हो सकती है। अदालत ने अपने आदेश में कहा- तथ्य यह है कि भारी दबाव है, यह प्रतिवादियों द्वारा याचिकाकर्ता (आप) को पार्टी कार्यालय स्थापित करने के लिए जीपीआरए (जनरल पूल आवास) से आवास आवंटित करने के अधिकार से इनकार करने का एकमात्र कारण नहीं हो सकता है। अदालत ने कहा-प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाता है कि वे आज से छह सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता के अनुरोध पर विचार करें और एक विस्तृत आदेश पारित करके निर्णय लें कि जीपीआरए से एक भी आवासीय इकाई याचिकाकर्ता को क्यों नहीं आवंटित की जा सकती है, जबकि अन्य सभी राजनीतिक दलों को जीपीआरए से समान आवास आवंटित किया गया है। आदेश में कहा गया है, उन्हें याचिकाकर्ता के आग्रह पर फैसले वाला विस्तृत आदेश याची को उपलब्ध करने दें।

### उच्च न्यायालय ने कहा-आवंटन के अधिकार से नहीं किया जा सकता है वंचित




अदालत ने यह भी कहा कि भले ही जमीन के आवंटन को लेकर पक्षों के बीच विवाद हो, लेकिन यह दल को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को जनरल पूल से सरकारी आवास के आवंटन के लिए समेकित निर्देशों के अनुसार, अस्थायी तौर पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई के आवंटन के अधिकार से वंचित किए जाने का कारण नहीं हो सकता है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी ने अदालत में कहा कि चूंकि प्राधिकारियों ने नई दिल्ली में प्रमुख स्थानों पर सभी अन्य राष्ट्रीय दलों को कार्यालय परिसरों के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की है इसलिए यह सुनिश्चित करना भी उनकी जिम्मेदारी है कि उसे भी ऐसा ही आवंटन किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने मार्च में आप को यहां राउज एवेन्यू स्थित उसके कार्यालयों को खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया था।



गुवाहाटी में अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों ने आई बाढ़ के दौरान नावों पर सवार होकर लोगों को बचाया। इस समय भारी बारिश के चलते राज्य में आई बाढ़ से लोग काफी परेशान हैं। ● एजेंसी

## केजरीवाल से तिहाड़ जेल में पत्नी सुनीता व आप सांसद राघव चड्ढा ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को यहां तिहाड़ जेल में मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जेल नियमों के अनुसार दोनों को दोपहर एक बजे आधे घंटे के लिए आगंतुक कक्ष में 'आप' प्रमुख से मिलने की अनुमति दी गई। नियमों के अनुसार, जेल में एक कैदी से दो आगंतुक हफ्ते में दो बार मिल सकते हैं। कैदी को अपने परिवार के सदस्यों से प्रतिदिन पांच मिनट तक फोन पर बात करने की भी अनुमति है। जेल के एक सूत्र ने यह भी बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मंगलवार को अपनी कोठरी में टेलीविजन पर लोकसभा चुनाव के नतीजे देखे।

## देश के उत्तर, पश्चिम हिस्सों में वर्षा के आसार

- मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 4-5 दिनों को लेकर जताई है संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में अगले 4-5 दिनों में धूल भरी आंधी चलने के साथ-साथ वर्षा होने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के तहत, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में 8 जून को गरज और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से हवाएं चलने के साथ-साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है।

इसी अवधि में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान में धूल भरी आंधी चलने के आसार हैं जबकि पूर्वी भारत, उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले पांच दिनों के दौरान लू की स्थिति जारी रहने के आसार हैं। मध्य अरब सागर के शेष हिस्सों, कर्नाटक के शेष हिस्सों, दक्षिणी महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, तेलंगाना और तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ और हिस्सों, दक्षिणी छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, दक्षिण ओडिशा, पश्चिम मध्य और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्से में अगले तीन-चार दिनों के दौरान मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

## बीजद के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने ओडिशा के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**भुवनेश्वर।** बीजद के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने ओडिशा में अपने 24 साल के शासन का अंत करते हुए राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों ने बताया कि पटनायक ने राज भवन में राज्यपाल रघुबर दास को अपना इस्तीफा पत्र सौंपा। पटनायक के आवास पर बीजद के कई नेता एकत्रित हुए थे लेकिन वह अपना इस्तीफा देने अकेले ही राज्यपाल के आवास गए। बीजद अध्यक्ष ने बाहर इंतजार कर रहे पत्रकारों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया और अपना इस्तीफा पत्र सौंपने के बाद राज भवन से निकल गए। भाजपा ने ओडिशा में 147 विधानसभा सीटों में से 78 सीटें जीतकर सत्ता पर कब्जा जमा लिया है जबकि बीजद केवल 51 सीटें जीत पाई।

## सीबीएसई को लिखित और प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में मिली विसंगति

- बोर्ड ने विद्यालयों को समीक्षा करने का दिया परामर्श

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 500 विद्यालयों के करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थियों के कुछ विषयों में लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में महत्वपूर्ण विसंगति का पता लगाया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने विद्यालयों को उनकी आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया की समीक्षा करने का परामर्श दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों को सलाह दी गई है कि वे प्रायोगिक परीक्षा का मूल्यांकन करते समय निष्पक्षता और सटीकता को प्राथमिकता दें और सुनिश्चित करें कि प्रक्रिया उचित और विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान करने वाली हो। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा-केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से सीबीएसई से संबद्ध 500 विद्यालयों में कुछ विषयों के 50 प्रतिशत या इससे अधिक विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा और प्रायोगिक परीक्षा में मिले अंकों में कई महत्वपूर्ण विसंगित मिली है।

## छत्तीसगढ़ में एक इनामी समेत नौ नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक पर पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरसेगढ़ और मद्देड़ थाना क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग कार्रवाई कर नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में मद्देड़ एरिया कमेटी का सदस्य लच्छु पूनेम (35) भी शामिल है जिसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत मद्देड़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तारी की गई है।

# विदेश यात्रा मौलिक अधिकार: हाईकोर्ट

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने विदेश जाने की अनुमति देते हुए की टिप्पणी

मुंबई, एजेंसी



बॉम्बे बॉम्बे उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि विदेश यात्रा के अधिकार को देश के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के एक मामले में गवाह को थोड़े समय के लिए अमेरिका और ब्रिटेन जाने की अनुमति देते हुए अपने आदेश में यह बात कही। कोर्ट ने कहा कि विदेश यात्रा पर जाना किसी भारतीय व्यक्ति का उसका मौलिक अधिकार है।

न्यायमूर्ति कमल खाता और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की अवकाश पीठ ने गवाह संजय डांगी को 06 जून से 23 जून तक अमेरिका और ब्रिटेन की यात्रा करने की अनुमति दी। एनडीएसआई गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रमोटर डांगी को सीबीआई ने वधावन प्रवर्तित दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) से जुड़े कथित घोटाले की जांच में गवाह के रूप में बुलाया था। ऑथम इन्वेस्टमेंट भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ पंजीकृत है और इसकी कुल संपत्ति 9,500 करोड़ रुपये है। पीठ ने अनुमति देते हुए डांगी के खिलाफ सीबीआई द्वारा जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को भी 24 जून तक निलंबित कर दिया।

डांगी की ओर से पेश समक्ष याचिका में बताया गया कि याचिकाकर्ता का नाम सीबीआई मामले में दायर आरोपपत्र में नहीं है और वास्तव में उसे गवाह के रूप में साक्ष्य देने के लिए एजेंसी द्वारा बुलाया गया था। इसके अलावा उन्हें पांच मौकों पर विदेश यात्रा की अनुमति दी गई थी और उन्होंने कभी भी अपने ऊपर लगाई गई शर्तों का उल्लंघन नहीं किया है।

## दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगी भीषण

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्व दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में बुधवार को आंखों के एक निजी अस्पताल में भीषण आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। पुलिस ने बताया कि ऐसा संदेह है कि दो मंजिला इमारत के भूतल पर शॉर्ट सर्किट के कारण एक एयर कंडीशनर में आग लगी। सोशल मीडिया पर अस्पताल में आग लगने के बारे में कई वीडियो प्रसारित हो रहे हैं। एक वीडियो में अस्पताल की इमारत से आग की लपटें निकलते हुए और काले धुएं का गुबार उठते हुए देखा गया था।

